35 YEARS देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार, 21 मई 2025 । वर्ष – 35 । अंक –21 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु

■ काश भाजपा जनसंघ जैसी ही बनी रहती!
■ बदला युद्ध है आपरेशन सिंदूर
पृष्ठ 4

■ मोदी ने जर्मनी चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से फोन पर की बात
■ वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में निवेश आवश्यक : गुटेरेस
पृष्ठ 9

खिलाड़ियों की फिटनेस समस्या ने पहुंचाया नुकसान : पंत
पृष्ठ 10



### वक्फ कानून पर हुई सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# अंतरिम राहत के लिए मजबूत वजह जरूरी

- केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के लिए आज फिर होगी सुनवाई
- वक्फ संशोधन कानून को दी गई है चुनौती
- अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पेश की दलीलें



**नई दिल्ली**, 20 मई (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की सांविधानिक वैधता को चुनौती वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कानून को लेकर अंतरिम आदेश पारित करने को लेकर तीन घंटे तक सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज ऑगस्टीन मसीह की पीठ ने कहा कि कानून पर रोक लगाने और अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत है। अन्यथा संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी। याचिकाकर्ता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के लिए बुधवार को सुनवाई तय की है।

सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम आदेश पारित करने के लिए पहचाने गए तीन मुद्दों पर सुनवाई को सीमित करने का अनुरोध किया। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि तीन मुद्दों में अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और वक्फ कानून का विरोध करने वाले अन्य लोगों ने कहा कि कोई भी सुनवाई टुकड़ों में नहीं हो सकती।

अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले सिब्बल ने दलील दी कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 वक्फों की रक्षा के लिए बनाया गया है, लेकिन वास्तव में यह एक गैर-न्यायिक, कार्यकारी प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ अल्लाह को दिया गया दान है और इसके अनुसार संपत्ति को हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है- एक बार वक्फ, हमेशा वक्फ।

> हर कानून के पक्ष में संवैधानिकता की धारणा होती है। अंतरिम राहत के लिए आपको बहुत मजबूत और स्पष्ट मामला पेश करना होगा। अन्यथा, संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी: **बीआर गवई**, सीजेआई

> वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को वास्तव में एक गैर-न्यायिक, कार्यकारी प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने के लिए बनाया गया है: **कपिल सिब्बल**, वरिष्ठ अधिवक्ता

**प्रार्थना करने से रोक दिया जाएगा**

कपिल सिब्बल ने कहा कि पहले, हालांकि संपत्ति को एक प्राचीन स्मारक के रूप में संरक्षित किया गया था, लेकिन संपत्ति की पहचान वक्फ होने से नहीं बदली और सरकार को हस्तांतरित हो गई। अब ऐसी वक्फ संपत्ति शून्य हो जाएगी और एक बार वक्फ शून्य हो जाने पर लोगों को प्रार्थना करने से रोक दिया जाएगा। धार्मिक गतिविधि को स्वतंत्र रूप से करने के अधिकार पर रोक लगा दी गई है। इस पर सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि लोग अभी भी खजुराहो मंदिर में जाकर प्रार्थना करते हैं, हालांकि इसे एक प्राचीन स्मारक के रूप में संरक्षित किया गया है। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### न्यायिक सेवा के लिए तीन साल वकालत अनिवार्य

उच्चतम न्यायालय ने न्यायिक सेवा के संबंध में एक महत्वपूर्ण फैसले में सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के अभ्यार्थियों के लिए कम से कम तीन साल की वकालत करने की अनिवार्यता मंगलवार को बहाल कर दी। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई ,न्यायमूर्ति ए जी मसीह और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि न्यूनतम अनुभव की शर्तें वर्तमान में चल रही न्यायिक भर्ती प्रक्रियाओं पर लागू नहीं होंगी। यह सिर्फ भविष्य में होने वाली परीक्षाओं पर ही लागू होगीं।

शीर्ष अदालत ने कहा, न्यूनतम वकालत करने की जरूरत उन जगहों पर लागू नहीं होगी, जहां उच्च न्यायालयों ने सिविल न्यायाधीशों (जूनियर डिवीजन) की नियुक्ति प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। ये सिर्फ अगली नियुक्ति प्रक्रिया शुरू में लागू होगी।

# शराब घोटाला मामले में 39 ठिकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू का छापा

## पूर्व आबकारी मंत्री लखमा के करीबियों के यहां कार्रवाई जारी



**रायपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के चर्चित शराब घोटाला मामले में लगातार एसीबी-ईओडब्ल्यूकी कार्रवाई जारी है। आज फिर एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के करीबियों के ठिकानों पर छापा मारा। कुल 39 ठिकानों पर कार्रवाई जारी है। छापेमारी के दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल डेटा, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सोने-चांदी के जेवरात और 90 लाख रुपए नगद बरामद किया गया है।

बता दें कि शराब घोटाले के मुख्य आरोपियों के काले धन की राशि को अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा व्यवसाय और संपत्तियों में बड़े पैमाने पर निवेश की जानकारी एसीबी-ईओडब्ल्यू को मिली थी। ईओडब्ल्यू ने आज दुर्ग, भिलाई, धमतरी और महासमुंद जिले के 39 ठिकानों पर एक साथ छापेमार कार्रवाई की।

ईओडब्ल्यू की ओर से मिली जानकारी के मुताबिक, इस व्यापक अभियान के दौरान संदेहियों के निवास, व्यावसायिक परिसरों एवं अन्य संबंधित स्थलों पर की गई तलाशी में शराब घोटाले से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज, डिजिटल डेटा, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सोना-चांदी, अचल संपत्तियों में निवेश से जुड़े अभिलेखों सहित 90 लाख से अधिक नगद राशि बरामद की गई है। जब्त सामग्री का विश्लेषण किया जा रहा है एवं प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

**दुर्ग में कई उद्योगपतियों के ठिकानों पर चल रही जांच**

टीम ने दुर्ग में आम्रपाली सोसाइटी स्थित अशोक अग्रवाल और उनके भाई विनय अग्रवाल के निवास में कार्रवाई चल रही है। इसके साथ ही दुर्ग जिले के दो अन्य करीबियों के निवास पर भी कार्रवाई जारी है। एसीबी-ईओडब्लयू की छापेमार कार्रवाई में उद्योगपतियों और नामी हॉस्पिटल के डायरेक्टर भी शामिल हैं। नेहरू नगर स्थित स्पर्श हॉस्पिटल के डायरेक्टर संजय गोयल के निवास, उद्योगपति बंसी अग्रवाल और विशाल केजरीवाल, शनिचरी बाजार में बिल्डर्स विश्वजीत गुप्ता के निवास पर भी जांच जारी है। इसके अलावा महसमुंद के सांकरा में कैलाश अग्रवाल और बसना में जय भगवान अग्रवाल के ठिकानों पर कार्रवाई जारी है।

## सार संक्षेप

### छगन भुजबल ने ली मंत्री पद की शपथ

**मुंबई**। वरिष्ठ एनसीपी नेता और समता परिषद के संस्थापक छगन भुजबल मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस मंत्रिमंडल का हिस्सा बन गए हैं। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंगलवार को एक समारोह में उन्हें मंत्री पद की शपथ दिलाई। मंत्री बनने के बाद उन्होंने कहा- 'कहते हैं न- अंत भला तो सब भला। मैंने अब तक हर जिम्मेदारी अच्छे से निभाई है। अब भी जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे निभाऊंगा।'

### जनरल मुनीर पदोन्नत कर बनाए गए 'फील्ड मार्शल'

**इस्लामाबाद**। पाकिस्तान सरकार ने सेना अध्यक्ष जनरल सैयद आसिम मुनीर की पदोन्नति कर उन्हें फील्ड मार्शल बना दिया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई संघीय मंत्रिमंडल की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। यह निर्णय भारत के साथ हुये सैन्य टकराव के बाद लिया गया है। मंत्रिमंडल के अनुसार जनरल मुनीर की पदोन्नति उनके उत्कृष्ट सैन्य नेतृत्व, बहादुरी और पाकिस्तान की संप्रभुता एवं प्रादेशिक अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता के मद्देनजर की गई है।

### तुर्की व अजरबैजान के लिए वीजा आवेदनों में कमी

**नई दिल्ली**। भारत से तुर्की और अजरबैजान के लिए वीजा आवेदनों में 42 प्रतिशत की तीव्र गिरावट दर्ज की गई है। यह जानकारी मंगलवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। हालिया भारत-पाक संघर्ष में दोनों ही देशों ने सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया, जिसके चलते भारतीयों की ओर से इस तरह की प्रतिक्रिया दी जा रही है।

### सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल किए गए अभिषेक बनर्जी

**नई दिल्ली**। यूसुफ पठान के प्रतिनिधिमंडल से नाम वापस लेने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को प्रतिनिधिमंडल में नामित किया है। संसदीय दलों की विदेश यात्रा आज से शुरू होगी, सात दल 33 देशों की यात्रा करेंगे।

# निगम, मंडल और आयोग में हुई नियुक्ति में संशोधन

- शालिनी, केदारनाथ गुप्ता और श्रीनिवास राव को मिला नया दायित्व

**रायपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने चार नेताओं की बोर्ड और निगमों में जिम्मेदारियों में बदलाव किया है। इनमें केदारनाथ गुप्ता को अब अपेक्स बैंक याने छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक का अध्यक्ष बनाया गया है। उसी तरह श्रीनिवास मद्दी को अध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रेवरेज कारपोरेशन, चंद्रकांति वर्मा उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग और शालिनी राजपू अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास बोर्ड बनाया गया है।

शालिनी राजपूत को 2 अप्रैल को जारी सूची में अध्यक्ष राज्य समाज कल्याण बोर्ड बनाया गया था। इसी तरह चंद्रकांति वर्मा उपाध्यक्ष समाज कल्याण बोर्ड बनाई गई थीं। केदार नाथ गुप्ता दुग्ध संघ के अध्यक्ष बनाए गए थे। मगर सरकार ने शालिनी, चंद्रकांति और केदार नाथ गुप्ता की पोस्टिंग बदल दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निम्नलिखित व्यक्तियों की विभिन्न निगमों/मंडलों/आयोगों में अध्यक्ष/उपाध्यक्ष पद पर पूर्व में प्रस्तावित नियुक्तियों में संशोधन करते हुए, उन्हें उनके सम्मुख उल्लिखित संबंधित निगम/मंडल/आयोग में अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति का अनुमोदन मुख्यमंत्री के द्वारा दिया गया।

**शालिनी राजपूत**-अध्यक्ष, छ.ग. हस्तशिल्प विकास बोर्ड
**चन्द्रकान्ति वर्मा**-उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग
**राव मद्दी**-अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड रायपुर
**केदार नाथ गुप्ता**-अध्यक्ष, छ.ग. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित, रायपुर

# सड़क दुर्घटना में घायलों को डेढ़ लाख तक इलाज की सुविधा

**रोड एक्सीडेंट कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम 2025' लागू**



**रायपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को अब इलाज के लिए पैसे की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। छत्तीसगढ़ में 'सड़क दुर्घटना नगदी रहित उपचार स्कीम 2025' को 5 मई से प्रभावशील कर दिया गया है। इस संबंध में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा), पुलिस मुख्यालय से समस्त जिलों के कलेक्टर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस योजना के तहत किसी भी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को घटना की तारीख से 7 दिन के भीतर सूचीबद्ध अस्पतालों में नगदी रहित उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। हर पीड़ित को अधिकतम 1,50,000 रुपए तक का इलाज मुफ्त प्रदान किया जाएगा। यह सुविधा प्रदेशभर में लागू की गई है और इसका उद्देश्य गंभीर रूप से घायल लोगों को समय पर इलाज मुहैया कराना है, जिससे उनकी जान बचाई जा सके।

# अय्याज फकीरभाई केंद्र में बनाए गए संयुक्त सचिव



**रायपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। भारत सरकार ने कैबिनेट सचिवालय में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक नियुक्ति करते हुए छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी अय्याज फकीरभाई तंबोली (बैच 2009) को संयुक्त सचिव नियुक्त किया है। वर्तमान में वह कैबिनेट सचिवालय में निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। तंबोली को यह नई जिम्मेदारी पांच वर्षों के कार्यकाल के लिए सौंपी गई है, जो 20 मार्च 2029 तक या अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। वह इस पद पर एम.एस. श्रीकर (ड्ढ्र्स, कर्नाटक कैडर, 1999) का स्थान लेंगे।डॉक्टर तंबोली 2009 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस हैं।

# एम्बुलेंस और ट्रक की टक्कर, चालक की मौत

## शीतलकुंडा के पास हादसा, मरीज समेत कई घायल, जिला अस्पताल में भर्ती



**मुंगेली**, 20 मई (देशबन्धु)। जिले के पंडरिया रोड पर स्थित शीतलकुंडा के पास सोमवार सुबह 7-7.30 के बीच एक भीषण सड़क हादसे में प्राइवेट एम्बुलेंस चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एम्बुलेंस में सवार मरीज सहित अन्य कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रयागराज से रायपुर की ओर एक मरीज को लेकर जा रही एम्बुलेंस जैसे ही शीतलकुंडा के पास पहुंची, सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक से उसकी आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एम्बुलेंस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

हादसे में एम्बुलेंस चालक सलीम खान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मरीज समेत अन्य घायलों को तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से 108 एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। शव को पोस्टमॉर्टम ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# राज्य होटल प्रबंधन संस्थान ने शत-प्रतिशत प्लेसमेंट का बनाया रिकॉर्ड

- एक ही बैच के सभी 44 विद्यार्थियों को मिला ऑफर



**रायपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को मजबूती प्रदान करने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा की गई पहल, अब धरातल पर सफलता की नई इबारत लिख रही है। इन्हीं प्रयासों का एक बेमिसाल उदाहरण बनकर उभरा है राज्य होटल प्रबंधन संस्थान नया रायपुर, जो आज न केवल प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण व्यावसायिक शिक्षा प्रदान कर रहा है। बल्कि उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के योग्य भी बना रहा है। संस्थान की सबसे बड़ी सफलता इसका शत-प्रतिशत प्लेसमेंट रिकॉर्ड है।

राज्य होटल प्रबंधन संस्थान रायपुर में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, अनुभवी फैकल्टी एवं इंडस्ट्री-कनेक्ट की बदौलत छात्रों को एक संपूर्ण पेशेवर के रूप में तैयार किया जाता है। ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# प्रदेश में भाजपा की सरकार

## कांग्रेस नेता के हज कमेटी के अध्यक्ष बनने पर मचा बवाल




**रायपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। विवादों के बीच छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। कांग्रेस नेता इमरान खान अध्यक्ष चुने गए, लेकिन छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज ने चुनाव अधिकारी से मुलाकात के बाद चुनाव प्रक्रिया पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं।

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज ने चुनाव अधिकारी दशरथ साहू से मुलाकात के बाद कहा कि 11 सदस्यों में बीजेपी और कांग्रेस के पांच सदस्यों ने चुनाव बहिष्कार कर दिया था। इमरान खान और सैयद मक़बूल अली के बीच चुनाव हुआ, जिसमें 6 लोगों ने वोट दिए। इसमें दो-दो वोट दोनों प्रत्याशियों को मिले, वहीं दो वोट को चुनाव अधिकारी द्वारा अवैध करार दिया गया।

वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव अधिकारी पर दबाव बनाते हुए बलपूर्वक उनसे कांग्रेस के सदस्यों द्वारा सर्टिफिकेट बनवाया गया जो पूर्ण रूप से अवैध है। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी द्वारा शासन को चुनाव की पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर चुनाव को लेकर शासन की ओर से फ़ैसला सुनाया जाएगा।

इस बीच बीजेपी से प्रत्याशी सैयद मक़बूल अली ने आरोप लगाया है कि चुनाव अवैध रूप से संपन्न किया गया है। कांग्रेस सदस्यों पर उन्होंने चुनाव अधिकारी को कमरे में बंद कर उन पर दबाव डालने का आरोप ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

### कर्नल सोफिया पर टिप्पणी मामला

# विजय शाह के खिलाफ तीन सदस्यीय एसआईटी गठित

**भोपाल**, 20 मई (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर कैबिनेट मंत्री विजय शाह की विवादित टिप्पणी मामले में एसआईटी गठित कर दी गई है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एमपी सीआईडी ने एसआईटी का गठन किया है, जिसमें आईजी प्रमोद शर्मा, डीआईजी कल्याण चक्रवर्ती, डिंडोरी एसपी वाहिनी सिंह को शामिल किया गया है। सीआईडी ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिए हैं।

### कांग्रेस ने 'गुजरात समाचार' पर की गई कार्रवाई की निंदा की, कहा

# सवाल पूछने वालों को चुप कराना भाजपा सरकार की प्राथमिकता


**नई दिल्ली**, 20 मई (देशबन्धु)। कांग्रेस ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने गुजरात समाचार के संचालक को गिरफ्तार करके यह साबित कर दिया है कि उसकी प्राथमिकता पहलगाम हमले के आतंकवादियों को गिरफ्तार करना नहीं बल्कि उससे इस मुद्दे पर सवाल पूछने वालों का मुंह बंद करना है। गुजरात विधानसभा में कांग्रेस सदस्य जिग्नेश मेवानी और सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, गुजरात की भाजपा सरकार दलित, पिछड़ा वर्ग, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर उन्हें बेघर कर रही है और जो भाजपा के आलोचक हैं उनको टारगेट किया जा रहा है। इन सब स्थितियों से साफ है कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता पहलगाम हमले के गुनहगारों को सजा देना नहीं बल्कि सरकार से सवाल पूछने वाले गुजरात समाचार जैसे संस्थानों का मुंह बंद करने के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## समाधान

### छत्तीसगढ़ सहित चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों की पीएम मोदी लेंगे बैठक

# विवादित 'पोलावरम' का निकलेगा हल!

**रायपुर, 2 मई (देशबन्धु)। विवादित पोलावरम परियोजना को लेकर एक बार फिर सरगर्मी है। परियोजना को लेकर छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों की आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को अहम उच्चस्तरीय बैठक करने जा रहे हैं। इसमें छत्तीसगढ़ सहित चार अन्य राज्यों - ओडिशा, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे।**



*यह पहली बार होगा जब प्रधानमंत्री के साथ परियोजना से जुड़े चारों राज्य के मुख्यमंत्रियों की बैठक हो रही है। बैठक में चारों राज्यों के मुख्यमंत्री, उनके जल संसाधन मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय, केंद्रीय जल आयोग और पोलावरम परियोजना प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारी भी बैठक में भाग लेंगे।*

*जानकारी के अनुसार, बैठक में भूमि डूब, आदिवासी विस्थापन और पुनर्वास जैसे मुद्दे पर बढ़ते अंतर-राज्यीय तनाव का सवर्मान्य समाधान खोजना है। इस गतिरोध को तोड़ने की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी की सीधी मध्यस्थता निर्णायक साबित हो सकती है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री की इस पहल से अंतर- राज्यीय मतभेद दूर होंगे और परियोजना के कार्य में तेजी आएगी, जो बार ड्ड बार बाधित हो रहा है। पोलावरम परियोजना को आंध्र प्रदेश के विभाजन के समय राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिया गया था। हालांकि, परियोजना के निर्माण से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमावर्ती आदिवासी आबादी प्रभावित हो रही है।*

**क्या है छत्तीसगढ़ की आपत्ति**

*छत्तीसगढ़ का आरोप है कि परियोजना से कई गांवों में जल डूब की स्थिति उत्पन्न होगी, जिससे आदिवासी परिवारों का विस्थापन होगा। इन मुद्दों पर केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं ओडिशा की भी आपत्ति है। यही नहीं इस विषय को लेकर इन राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं भी दायर कर रखी हैं। पोलावरम बांध पर पूर्ववर्ती डॉ.रमन सिंह सरकार के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ विधानसभा में अशासकीय संकल्प पारित* ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# मुंगेली में तीन जिलों की समीक्षा बैठक, मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का लिया फीडबैक

## सुशासन तिहार में योजनाओं की समीक्षा की, लापरवाह अधिकारियों पर गिरी गाज







**मुंगेली**, 20 मई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को मुंगेली कलेक्टोरेट के मनियारी सभाकक्ष में बिलासपुर, मुंगेली और गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं की गहन समीक्षा की। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित इस समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री तोखन साहू, विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक पुन्नूलाल मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडे, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, सचिव पी. दयानंद सहित तीनों जिलों के कलेक्टर, एसपी, डीएफओ व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन मुंगेली द्वारा तैयार संवाद से समाधान पुस्तिका का विमोचन किया और सुशासन तिहार पर केंद्रित वीडियो फिल्म का भी अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में अच्छा कार्य हुआ है, लेकिन इस अभियान को 31 मई तक और प्रभावी बनाना है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे नियमित रूप से ग्रामीण इलाकों का दौरा करें ताकि जमीनी हकीकत की बेहतर जानकारी मिल सके और प्रशासनिक कसावट बनी रहे। गर्मी को देखते हुए पेयजल की व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही, मौसमी बीमारियों से निपटने के लिए ठोस कार्य योजना बनाने और किसी भी बीमारी की सूचना पर तुरंत चिकित्सा टीम भेजने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास, खाद-बीज की आपूर्ति, डिजिटल सेवा केंद्र, जल संरक्षण, आजीविका मिशन, और सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में 5000 नए अटल डिजिटल सेवा केंद्र खोले जाएंगे और अगले वर्ष 24 अप्रैल तक हर ग्राम पंचायत में ये केंद्र संचालित होने लगेंगे।

**सख्त रुख-दो अफसरों पर गिरी गाज**

काम में लापरवाही पर मुख्यमंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए दो अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई की। मुंगेली जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता आर.के. मिश्रा को मनियारी और पथरिया जलाशयों की वर्षों से अधूरी पड़ी परियोजनाओं पर लापरवाही बरतने के कारण तत्काल निलंबित करने के निर्देश दिए गए। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार शास्त्री को बोर्ड परीक्षा में जिले के खराब प्रदर्शन को लेकर पद से हटाने का आदेश दिया गया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि शिथिलता और जवाबदेही से बचने का युग अब समाप्त हो चुका है। सभी अधिकारियों को जनता के प्रति जवाबदेह होकर कार्य करना होगा।

**जल संरक्षण और रोजगार पर विशेष बल**

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि बरसात से पहले सभी तालाबों को भरने के लिए जनभागीदारी से कार्य हो और तालाबों के जल आगमन मार्गों से अतिक्रमण हटाया जाए। महिला स्व-सहायता समूहों को सेंटरिंग प्लेट और विपणन जैसे कार्यों में प्रशिक्षित कर उन्हें प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं में रोजगार दिलाने की योजना को भी बल देने की बात कही।

**सिंचाई विभाग पर नाराजगी**

सिंचाई परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर मुख्यमंत्री ने कड़ी नाराजगी जताई और कलेक्टर को बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूछा कि परियोजनाओं की रूपांकित क्षमता और वास्तविक सिंचाई क्षमता में इतना अंतर क्यों है।

**अचानकमार टाइगर रिजर्व पर विशेष फोकस**

मुख्यमंत्री ने टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आने वाले गांवों के विस्थापन को समयबद्ध और सहमति के साथ पूरा करने तथा क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

# रामलीला कलाकार हरिचरण वैष्णव फिज़ी व सिंगापुर में देंगे कार्यक्रम



**तखतपुर** 20 मई (देशबन्धु)। ग्राम केकती को गौरवानवित करने वाले सुप्रसिद्ध कलाकार हरिचरण दास वैष्णव जो रामलीला / कृष्ण लीला एवं रंगमंतीय कलाकार है इन्हे छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान से भी नवाजा जा चुका है इसके द्वारा राष्ट्रीय स्तर तक मंचीय कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जा चुकी है तथा राष्ट्रीय निषाद राज सम्मान भी मिल चुका है।

हरिचरण वैष्णव की बाल्यकाल से ही रामबाण तथा कृष्ण लीला का मंचन करते आ रहे हैं।

वैष्णव को इस बार विश्व के एक मात्र हिंदू राष्ट्र फिजी तथा सिंगापुर में मंचन का अवसर प्राप्त हुआ है इस सम्मान से शाम केकती के निवासी बहुत गदगद हो रहे है कि उनके बीच से एक व्यक्ति विदेश की भूमि पर अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। तखतपुर क्षेत्र के लिए भी अत्यंतगर्व का विषय है कि इस विधानसभा के निवासी हरिचरण दास वैष्णव अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी कला की छटा बिखेरेंगे।

ग्राम पंचायत के सरपंच का शैलेन्द्र सिंह भी फुले नहीं समा रहे है उन्होंने कहा हमारे ग्राम केकती के लिए भरी मुरी प्रसंसा की गई महराज जी 21 मई को इंदौर में और वहां से ब फ्लाइट से फिजी और सिंगापुर की यात्रा करेंगे।

## समाधान शिविर कंतेली और कोयलारी में आज

**मुंगेली**, 20 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के तहत मुंगेली विकासखण्ड के कंतेली और लोरमी विकासखण्ड के कोयलारी में 21 मई को समाधान शिविर का आयोजन होगा। कंतेली और कोयलारी क्लस्टर में 14-14 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। ग्रामीण अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर में जानकारी ले सकेंगे और नए आवेदन भी दे सकेंगे।

# सार-संक्षेप

## बड़े बुजुर्गों का आदेश सर्वोपरि



**तखतपुर** 20 मई (देशबन्धु)। भगवान श्रीराम त्याग की मूर्ति है उन्होंने कभी स्वार्थ नही किया। भगवान श्रीराम ने जो आदर्श समाज के लिए प्रस्तुत किया वह यह दर्शाता है कि हमें अपने बड़े बुजूर्गो का सम्मान करना चाहिए और उनका आदेश हर स्थिति में स्वीकार करना चाहिए और यह मान लेना चाहिए कि उनका आदेश ही सर्वोपरी है। भगवान श्रीराम राज गद्दी को छोड़कर एक वनवासी की तरफ सिर्फ इसलिए जीवन व्यतीत किया क्योंकि उसकी मां वह आदेश था। इस आदेश में एक जल कल्याण छिपा था जिसमें रावण का अंत होना था उक्त कथा प्रवचन पं शुभम पाण्डेय ने ग्राम मोढ़े में आयोजित नवधा रामायण में कहीं। इस अवसर पर प्रदीप शर्मा, अनिरूद्ध द्विवेदी, पूजा प्रमोद निर्मलकर, जनक शर्मा, दिलीप शर्मा, संजीव शर्मा, रितेश दुबे, नरेंद्र वर्मा, कौशल दास मानिकपुरी, परमानंद धुरी, राजेश पटेल, सुंदर रजक, तुलाराम धुरी, नारायण रजक, शिवनाथ प्रधान, लक्ष्मी केंवट, रवि यादव, सहदेव धुरी, सहित अन्य उपस्थित रहे।


## सड़क की बदहाल स्थिति से चीफ जस्टिस को अवगत कराया गया

**तखतपुर** 20 मई (देशबन्धु)। बिलासपुर-तखतपुर राजमार्ग 130 और तखतपुर मुख्यमार्ग के बदहाल स्थिति को प्रफुल्ल तिवारी ने मुख्य न्यायाधीश को अवगत कराया। पिछले कुछ वर्षो से बिलासपुर-तखतपुर राजमार्ग अपने दयनीय स्थिति में है चारो ओर गड्ढे और धूल से यहां भारी जनहानि भी हुई है इसके सम्बन्ध में हरिभूमि में प्रकाशित खबरों को मुख्य न्यायाधीश ने पूर्व में स्वत: संज्ञान में लेकर कार्यवाही भी की पर अधिकारियों ने आनन फानन में सिर्फ लीपापोती का ही कार्य किया। इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए तखतपुर के युवा प्रफुल्ल तिवारी ने अपनी टीम के साथ कल छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा से आवेदन के माध्यम से अनुरोध किया कि सड़क की ये दुर्दशा लोगो के जान पर बन आयी है आये दिन दुर्घटनाओं ने लोगों को भयभीत कर रखा है इसे आप स्वत: संज्ञान में लेकर बड़ी गंभीरतापूर्वक कार्रवाई कराने की कृपा करें।

## व्यसनों से दूर रहने नशा दी गई जानकारी

**तखतपुर** 20 मई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत लिम्हा में योग शिक्षक रामकुमार कश्यप के द्वारा श्रीराम दरबार में नशा मुक्ति, मोबाईल का दुरूपयोग, दूपहिया वाहन सुरक्षा के साथ चलाने, नशा एवं व्यसनों से दूर रहने आदि के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर ने उपस्थित ग्रामीणों को नशा मुक्ति अभियान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जीव राखन सिंह ठाकुर, सरपंच आशीष ध्रुव, उपसरपंच आशीष सिंह ठाकुर, आचार्य नरेंद्र दुबे, पारस दुबे, हरिराम, मनोज सिंह, कृष्ण कुमार दुबे, संतोष कैवर्त सहित अन्यजन उपस्थित रहे।

## सब्जी लोड पिकअप को ट्रक ने ठोंका, एक घायल



**कोरबा,** 20 मई (देशबन्धु)। दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंचाई कॉलोनी दर्री ओवरब्रिज के पास आज सुबह लगभग 4 बजे एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। कोरबा की ओर से आ रही एक मिनी ट्रक ने सब्जी पिकअप वाहन सीजी-04जेडी-7035 को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। यह घटना पूर्व पार्षद गोलू पांडे के घर के सामने हुई।

जानकारी के अनुसार, हादसे का मुख्य कारण ओवर स्पीड और ओवरलोड बताया जा रहा है। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप वाहन का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और न ही कोई बड़ी चोट आई है। पिकअप चालक को मामूली चोटें आई थीं, जिसे 112 की टीम ने तत्काल 100 बेड अस्पताल पहुंचाया। पिकअप वाहन मालिक द्वारा घटना की सूचना दर्री थाना में दे दी गई है। दर्री पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की कार्यवाही में जुट गई है और मामले की जांच कर रही है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**अंतरिम राहत के लिए...**

पीठ ने सुनवाई 20 मई तक टाली थी-सीजेआई जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने 15 मई को सुनवाई 20 मई तक टाली थी और कहा था कि वह अदालतों, उपयोगकर्ता या विलेख के जरिये वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति समेत तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के लिए दलीलें सुनेगी।

**एम्बुलेंस और ट्रक की...**

के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर वाहनों की गति पर नियंत्रण लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

**राज्य होटल प्रबंधन संस्थान ने...**

संस्थान में चार प्रमुख पाठ्यक्रम संचालित हो रहे हैं। इनमें तीन वर्षीय बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन (जेएनयू, नई दिल्ली से संबद्ध) और तीन डिप्लोमा कोर्स- फूड प्रोडक्शन, हाउसकीपिंग ऑपरेशन और फूड एंड बेवरेज सर्विस शामिल है।

इस संस्थान से बीएससी की तीन बैच अब तक उत्तीर्ण हो चुकी हैं और सभी को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार मिला है। शैक्षणिक सत्र 2024-25 की बैच में 44 विद्यार्थियों को नामी ब्रांड्स से ऑफर मिले हैं। इनमें से 25 विद्यार्थियों को मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में चुना गया है, जिन्हें प्रशिक्षण पश्चात असिस्टेंट मैनेजर का पद प्राप्त होगा। कुछ नामी संस्थान के 5 विद्यार्थियों शैलेन्द्र पोर्ते, तोशिमा पटेल, विनोद, सुमित राज और सूर्यप्रकाश को असिस्टेंट गेस्ट डिलाइट मैनेजर के रूप में नियुक्त किया है। उन्हें प्रशिक्षण काल में 2.95 लाख रुपये वार्षिक वेतन, 12 प्रतिशत वैरिएबल पे और 60,000 रुपये डिफर्ड बोनस मिलेगा।

**प्रदेश में भाजपा की ..**

लगाते हुए शासन से दोबारा चुनाव कराने की मांग की है।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष का बयान- मामले में नवनिर्वाचित अध्यक्ष इमरान खान ने कहा कि चुनाव पूरी पारदर्शिता से हुई है जिसकी वीडियोग्राफ़ी भी हुई है। चुनाव के दौरान वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सलीम राज भी मौजूद रहे। जो भी आरोप लगाए गए हैं उनको हम ख़ारिज करते हैं।

**सवाल पूछने वालों को...**

लिए उसके संचालक को प्रवर्तन निदेशालय(ईडी) के जरिए गिरफ्तार करवाना जैसे काम रह गए हैं।'उन्होंने गुजरात प्रदेश कांग्रेस की ओर से 'गुजरात समाचार' पर की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा की और कहा कि पिछले कुछ दिनों में भाजपा सरकार ने कई मीडिया संस्थानों पर हमला किया है। उन्होंने कहा, अब गुजरात सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह सवाल पूछने पर अभी और पत्रकारों को भी टारगेट करेगी। सरकार नहीं चाहती कि कोई भी पत्रकार या बुद्धीजीवि सरकार से तीखे सवाल पूछे।

**विवादित 'पोलावरम' का...**

हुआ था। मरवाही विधायक अमित जोगी ने संकल्प में केंद्र सरकार से इंदिरा सागर अंतर्राज्यीय परियोजना के तहत आंध्र प्रदेश की गोदावरी नदी पर बनने वाले पोलावरम बांध की ऊंचाई को 150 फीट तक रखने का अनुरोध किया गया था। पोलावरम सिंचाई परियोजना-पोलावरम परियोजना, आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी, विशाखापत्तनम, पश्चिम गोदावरी और कृष्णा जिलों में सिंचाई, जल विद्युत और पेयजल सुविधाओं के विकास के लिए गोदावरी नदी पर एक बहुउद्देश्यीय प्रमुख टर्मिनल जलाशय परियोजना है।

आंध्रप्रदेश के पोलावरम मंडल के रामय्यापेटा गांव के पास गोदावरी नदी पर स्थित पोलावरम परियोजना कोव्वुर-राजमुंदरी सड़क-सह-रेल पुल से लगभग 34 किमी ऊपर और सर आर्थर कॉटन बैराज से 42 किमी ऊपर निर्माणाधीन है, जहां नदी पूर्वी घाट की अंतिम सीमा से निकलकर आंध्र प्रदेश के पश्चिमी गोदावरी जिले के मैदानी इलाकों में प्रवेश करती है। इस बहुउद्देशीय प्रमुख सिंचाई परियोजना का उद्देश्य 4,36,825 हेक्टेयर की सकल सिंचाई क्षमता का विकास करना है। इस परियोजना में 960 मेगावाट जल विद्युत उत्पादन, 611 गांवों में 28 ।50 लाख की आबादी को पेयजल आपूर्ति और 80 टीएमसी पानी को कृष्णा नदी बेसिन में मोड़ना भी शामिल है।

# काम करो या सस्पेंड होने को तैयार रहो- चूकतीपानी गांव में सुशासन तिहार की चौपाल में गरजे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

## महुआ पेड़ की छांव में लगी चौपाल, तेंदू फल और लाल भाजी से हुआ पारंपरिक स्वागत, योजनाओं की ली जमीनी पड़ताल



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही** 20 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को सुशासन तिहार के अंतर्गत गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के बैगा बाहुल्य गांव चूकतीपानी का औचक दौरा किया। मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर जब महुआ पेड़ के नीचे बने अस्थायी हेलीपैड पर उतरा, तो गांव में अचानक हलचल मच गई। ग्रामीणों के बीच पहुंचकर मुख्यमंत्री ने न सिर्फ चौपाल लगाई, बल्कि योजनाओं की हकीकत जानने के लिए सीधे संवाद भी किया।

मुख्यमंत्री के साथ प्रमुख सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, और मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद भी मौजूद थे। गांव पहुंचते ही बैगा समुदाय के ग्राम प्रमुख ने मुख्यमंत्री का गुलमोहर की माला पहनाकर स्वागत किया, वहीं ग्रामीण रैता बैगा ने तेंदू फल से भरी टोकरी भेंट की। ग्रामीण महिलाओं ने वर्मी कम्पोस्ट में उगाई गई लाल भाजी भी मुख्यमंत्री को भेंट की, जिससे उनके चेहरे पर प्रसन्नता झलक उठी। महुआ पेड़ की छांव में लगी चौपाल में मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने पूछा, (सरकार कैसा काम कर रही है, सब ठीक है ना? किसी योजना का लाभ नहीं मिला हो या कोई परेशानी हो, तो बताइए।)

चौपाल के दौरान जब पेयजल संकट की समस्या सामने आई, तो मुख्यमंत्री ने तुरंत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सब इंजीनियर को मौके पर तलब किया। अभियंता द्वारा गोलमोल जवाब देने पर मुख्यमंत्री सख्त हो गए और उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, (काम करो या सस्पेंड होने को तैयार रहो।) इसके साथ ही पानी की टंकी से ओवरफ्लो हो रहे पानी की बर्बादी पर नाराजगी जाहिर की और अभियंता को गेट आउट भी कर दिया।

मुख्यमंत्री ने गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 179 स्वीकृत मकानों की जानकारी दी और कहा कि हर गरीब को पक्का मकान देना सरकार की प्राथमिकता है। महतारी वंदन योजना पर जब महिलाओं से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वे इस योजना से मिली राशि से स्व-सहायता समूह बनाकर घरेलू खाद से सब्जियां उगाकर मंडियों में बेच रही हैं, जिससे आय का नया स्रोत बना है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, और अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की। ग्रामीणों ने जिले की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था की शिकायत की, जिस पर मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने घोषणाएं भी कीं, जिनमें चूकतीपानी मिडिल स्कूल की मरम्मत और स्कूल मैदान को मिनी स्टेडियम में विकसित करने का ऐलान शामिल है। उन्होंने कहा कि (सुशासन तिहार का उद्देश्य है सरकार की योजनाओं की जमीनी सच्चाई जानना और जनता से सीधे संवाद करना।)

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि यह अभियान तीन चरणों में पूरे प्रदेश में चल रहा है और इसके तहत मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सहित जिला कलेक्टर श्रीमती नीला कमलेश मांडवी पुलिस अधीक्षक एस आर भगत सहित जिले के भी मौके पर उपस्थित रहे।

# जोंधरा समाधान शिविर में 4723 हितग्राही हुए योजनाओं से लाभान्वित




**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड मस्तूरी के ग्राम पंचायत जोंधरा में आयोजित किया गया। शिविर में पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति बांधी जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सतकली बावरे, जिला पंचायत प्रतिनिधि खिलावन पटेल, जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि चंद्र प्रकाश सूर्या, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती सोनवानी, जनपद सभापति श्रीमती सरिता नायक, जनपद सदस्य प्रतिनिधि उत्तरा कुमार रात्रे , जनपद सदस्य राकेश शर्मा,लोहर्सी मंडल अध्यक्ष श्रीमती सीमा साहू, मल्हार मंडल अध्यक्ष रंजीत, लोहर्सी भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष नरेंद्र नायक, सरपंच सुमारु केंवट,उप सरपंच रामखिलावन तिवारी आदि समाधान शिविर में शामिल हुए। विभिन्न योजनाओं के तहत 4723 हितग्राहियो को लाभन्वित किया गया। शिविर में 9 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। जिससे में कुल 4875 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 4723 आवेदनों का निराकरण किया गया शेष 152आवेदनलंबित है। समाधान शिविर में प्राप्त आवेदनों के निराकरण एवं योजनाओं की जानकारी दी गई।

जोंधरा समाधान शिविर में जोंधरा, चिस्दा, भिलौनी,शिव टिकारी, गोपालपुर, परसोडी़,कुकुदी कला, भड़कुंडा, एवं चिल्हाटी कुल 9 पंचायत शामिल हुए। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए। विशेष रूप एसडीएम प्रवेश पैकरा, सीईओ जे आर भगत, पचपेड़ी तहसीलदार प्रकाश साहू, नायब तहसीलदार अप्रतिम पांडे, पूनम कनौजे इसके साथ ही विकासखंड मस्तूरी में भी समाधान शिविर में ग्रामीण जन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।


## नाम परिवर्तन सूचना

मैं (नया नाम) पूजा नामदेव (POOJA NAMDEV) पिता सनत कुमार नामदेव (SANAT KUMAR NAMDEV) निवासी वार्ड नं. 31 कृष्णा नगर अम्बे लहरी अखाड़ा के पास जूना बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) पिन- 495001 अपना पुराना नाम सूर्या प्रकाश नामदेव (SURYA PRAKASH NAMDEV) पिता सनत कुमार नामदेव (SANAT KUMAR NAMDEV) को त्यागकर नया नाम पूजा नामदेव (POOJA NAMDEV) रख ली हूं। अत: आज से मुझे सभी शासकीय, अर्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में मुझे मेरे इसी नये नाम पूजा नामदेव (POOJA NAMDEV) से ही जाना, लिखा एवं पढ़ा जावे।

**पूजा नामदेव**
वार्ड नं. 31 कृष्णा नगर अम्बे लहरी अखाड़ा के पास जूना बिलासपुर (छ.ग.)
पिन- 495001

## शपथ-पत्र

मैं ममता (MAMATA) उम्र 28 वर्ष, पति- श्री सरबजीत सिंह फ्लोरा, निवासी-वार्ड 06, पुराना बस स्टैण्ड पटवारी ऑफिस के पीछे जिला-कोरबा छ.ग. यह सूचित करती हूं कि -

01. मैं उक्त पते पर निवास करती हूं तथा मेरा आधार नंबर- 5294 9435 4615 है।

02. मेरा वास्तविक व सही नाम ममता (MAMATA) है जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरे पुत्री हरजस कौर फ्लोरा के जन्म प्रमाण पत्र में मेरा अर्थात माता का नाम सिमरत कौर फ्लोरा दर्ज है।

03. मेरे पुत्री हरजस कौर फ्लोरा के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम सिमरत कौर फ्लोरा को सुधार कर सही नाम ममता (MAMATA) दर्ज किया जाए और आगे इसी नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

04. यह शपथ पत्र मेरे द्वारा उक्ताशय के समर्थन में निष्पादित किया गया है जिसे संबंधित कार्यालय विभाग में प्रस्तुत करना है।

**ममता**
**पुराना बस स्टैण्ड पटवारी ऑफिस के पीछे जिला-कोरबा छ.ग.**

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

**विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्या:- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-37-25-26, दिनांक: 15.05.2025

**कार्य:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/उत्तर/बीएसपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत दिव्यांगजनों और कम गतिशीलता वाले यात्रियों के लिए स्टेशन पर सुविधाओं का प्रावधान । **निविदा मूल्य (रू.):** 3,24,35,320.31/-, **अमानत राशि (रू.):** 3,12,200/-, **कार्य पूर्णता की अवधि:** 09 माह।

क्र.सं. (2) ई-निविदा संख्या:- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-38-25-26, दिनांक: 15.05.2025

**कार्य:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/उत्तर/बीएसपी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत यार्ड में आरसीसी नाली का निर्माण एवं कटिंग, ट्राली रिफ्यूज, उपकरण उपकरण सुधार और अन्य विविध कार्य का प्रावधान । **निविदा मूल्य (रू.):** 5,24,87,383.69/-, **अमानत राशि (रू.):** 4,12,400/-, **कार्य पूर्णता की अवधि:** 12 माह।

**निविदा जमा करने की आरंभ तिथि:** दिनांक 26.05.2025 से, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि:** दिनांक 09.06.2025 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है । उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी ।

*मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)*
*सीपीआर/10/63 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर*
South East Central Railway @secrail

## कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला बलरामपुर-रामानुजगंज
## मुख्यालय बलरामपुर (छ.ग.)

फोन नम्बर 07831-299063 ईमेल - acbalrampur@gmail.com

### संक्षिप्त निविदा प्रारूप

क्रमांक/ 689/ आ.वि./ निर्माण/2025 बलरामपुर, दिनांक 16/05/2025

छत्तीसगढ़ कार्य विभाग नियमावली 1983 आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में संचालित छात्रावास/ आश्रम एवं विशिष्ट संस्थाओं में शौचालय/ स्नानागार निर्माण, भवनों का जीर्णोद्धार/ मरम्मत आदि कार्यों के लिए मुहरबंद निविदाएं अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में निम्नलिखित कार्य हेतु दिनांक 28.05.2025 को अपरान्ह 5:30 बजे तक लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग के वर्तमान में प्रचलित एस.ओ.आर. दर के आधार पर कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास-बलरामपुर रामानुजगंज (छ.ग.) में स्पीड पोस्ट के माध्यम से द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कोरे निविदा प्रपत्र लेने हेतु आवेदन देने की अंतिम तिथि - 23.05.2025 (अपरान्ह 5.30 बजे तक)
2. कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि - 26.05.2025 (अपरान्ह 5.30 बजे तक)
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 28.05.2025 (अपरान्ह 5.30 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि - 30.05.2025 (अपरान्ह 12.00 बजे )

विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का नाम | विकासखण्ड | कार्य की लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुसमी (बालक छात्रावास) भवन का जीर्णोद्धार | कुसमी | 4,30,000 | 4300 |
| 2 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कुसमी (बालक छात्रावास) नाली निर्माण एवं पेवर ब्लाक का कार्य। | कुसमी | 8,27,000 | 6200 |
| 3 | कन्या आश्रम पशुपतिपुर का जीर्णोद्धार भाग-01 | वाड्रफनगर | 9,88,000 | 7400 |
| 4 | कन्या आश्रम पशुपतिपुर का जीर्णोद्धार भाग-02 | वाड्रफनगर | 6,98,000 | 5250 |
| 5 | एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय वाड्रफनगर (काटराही) में 01 यूनिट शौचालय/ स्नानागार का निर्माण | वाड्रफनगर | 5,00,000 | 5000 |
| 6 | कन्या आश्रम पतराटोली भवन का जीर्णोद्धार भाग-01 | शंकरगढ़ | 8,29,000 | 6250 |
| 7 | कन्या आश्रम पतराटोली भवन का जीर्णोद्धार भाग-02 | शंकरगढ़ | 9,17,000 | 6900 |
| 8 | बालक आश्रम जिगड़ी के भवन का जीर्णोद्धार | राजपुर | 10,00,000 | 7500 |
| 9 | बालक आश्रम बाटीडांड़ के भवन का जीर्णोद्धार भाग-01 | राजपुर | 9,56,000 | 7200 |
| 10 | बालक आश्रम बाटीडांड़ के भवन का जीर्णोद्धार भाग-02 | राजपुर | 1,02,000 | 2000 |
| 11 | बालक श्रम झलरिया के भवन का जीर्णोद्धार | बलरामपुर | 9,57,000 | 7200 |
| | योग - | | 82,04,000-00 | |

टीप:- 1. कार्यवार सरल क्रमांक 01,09,11 के कार्यों की निविदा का प्रपत्र का मूल्य रू. 750/- एवं सरल क्रमांक 10 के निविदा प्रपत्र का मूल्य 300/- रू. है।
2. यह निविदा मूल निविदा का एक अंग है, निविदा की अन्य शर्त एवं कार्य की विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बलरामपुर-रामानुजगंज के कार्यालय में देखी जा सकती है।

**सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास**
**बलरामपुर-रामानुजगंज**

जी- 252600995/2

# देश

**उवाच**



भाजपा सरकार की स्थानांतरण नीति पूरी तरह से जाति, वोट बैंक और आर्थिक लेन-देन पर आधारित है। स्थानांतरण के नाम पर बड़े पैमाने पर आर्थिक लेन-देन हो रहे हैं, जो अधिकारी-कर्मचारी सत्ताधारी दल के इशारों पर काम करते हैं, उन्हें महत्वपूर्ण पदों पर बिठाया जा रहा है।

–अभय मिश्रा, कांग्रेस नेता

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 4 | 32 |
| मुंबई | 33 | 27 |
| कोलकाता | 34 | 28 |
| चेन्नई | 29 | 28 |

# राहुल गांधी की तुलना मीर जाफर से करना निंदनीय : राजेश ठाकुर

■ **भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय के बयान पर बोला हमला**

**रांची,** 20 मई (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तुलना मीर जाफर से करने की झारखंड कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने निंदा की है। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर की बातों पर पर्दा डालने के लिए भाजपा ऐसा कर रही है। राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी ने जरा सी सच्चाई पूछ ली कि विदेश मंत्री कहीं मुखबिरी तो नहीं कर रहे थे, तो इनका कलेजा फटने लगा। उन्होंने कहा कि भारत के आजाद होने से पहले ही ये लोग अंग्रेजों के एजेंट रहे हैं और हमें मीर जाफर बता रहे हैं। पहले आरएसएस को मीर जाफर और जयचंद की कंपनी कहा जाता था।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के कहने पर ही प्रधानमंत्री के गायब चेहरे को हटा लिया गया था और उन्हीं के संदर्भ में इस तरह की बातें करते हैं। भाजपा के लोग दोहरे चरित्र वाले होते हैं। राहुल गांधी की तुलना मीर जाफर से करने की इस हरकत के लिए जितनी निंदा की जाए, कम है। मध्य प्रदेश के मंत्री की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी पर राजेश ठाकुर ने कहा कि देश की बेटी और हम सबकी बहन कर्नल सोफिया कुरैशी के संदर्भ में अपमानजनक बयान पर बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए मंत्री को बर्खास्त किया जाना चाहिए था। मीडिया के माध्यम से दो मंत्रियों



**विदेश मंत्री की बातों पर पर्दा डालने के लिए ऐसा कर रही भाजपा : राजेश ठाकुर**

ने सेना के लोगों को अपमानित करने का काम किया है। इसके लिए हाई कोर्ट को संज्ञान लेना पड़ता है। बाद में ये सुप्रीम कोर्ट जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद भी ये लोग गंभीर नहीं हैं, मंत्री का इस्तीफा नहीं लेते और तरह-तरह की बातें करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ महमूदाबाद के अली खान को आप गिरफ्तार कर लेते हैं और दूसरी तरफ आपका मंत्री इस तरह के बयान देता है, तो बचाव में उतर आते हैं।

भाजपा को इस पर पश्चाताप करते हुए कार्रवाई करनी चाहिए। देश का मान बढ़ाने वाली सेना को अपमानित करना देशहित में कतई नहीं हो सकता है। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान को घुटने पर ला दिया और हमारे मंत्री उन्हीं को अपमानित कर रहे हैं। वहीं मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह के कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादास्पद बयान की आलोचना करते हुए अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री को तुरंत उनका इस्तीफा लेना चाहिए और प्रधानमंत्री को भी ऐसे लोगों को बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए। सेना और उसमें सेवा देने वाली महिला अधिकारियों के बारे में इस तरह की टिप्पणी करना न केवल आपत्तिजनक है, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय गरिमा के खिलाफ है।

## ओछी राजनीति पर उतर आए हैं भाजपाई : कांग्रेस

**पटना।** राज्यसभा सांसद और बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने मंगलवार को भाजपा पर जुबानी हमला किया। उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की मीर जाफर से तुलना को ओछी राजनीति बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह इतिहास सभी को ज्ञात है। अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी के सर्वमान्य नेता हैं और वर्तमान में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। उनके परिवार ने देश के लिए बलिदान दिया है। स्वर्गीय मोतीलाल नेहरू, पं. जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की शहादत कौन नहीं जानता कांग्रेस का त्याग और बलिदान देश के इतिहास का स्वर्णिम पन्ना है।



## किसी भी समस्या का समाधान नहीं युद्ध : महबूबा

**श्रीनगर,** 20 मई (एजेंसियां)। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) नेता एवं जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है और इसकी वकालत करने वालों को अपने परिवारों के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में जाकर रहना चाहिए ताकि वे अनुभव से समझ सकें कि लड़ाई के क्या परिणाम होते हैं।



मुफ्ती ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है और यहां तक कि अंतिम उपाय भी नहीं है। हाल में भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य टकराव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, इस युद्ध में हमने कई लोगों को खोया है, खासकर बच्चों को, जिनके सामने पूरी जिंदगी पड़ी हुई थी। दोनों तरफ से कई नागरिक हताहत हुए हैं। हमने पहलगाम आतंकवादीहमले में 28 लोगों को खोया है। उन्होंने दोहराया कि जो लोग युद्ध की वकालत करते हैं, उन्हें तंगधार, आर एस पोरा या पुंछ (जम्मू और कश्मीर में) की सीमाओं पर अपनी पत्नियों और बच्चों के साथ रहना चाहिए। तभी वे समझ पाएंगे कि युद्ध का असली मतलब क्या होता है।

उन्होंने कहा कि जो लोग युद्ध की वकालत करते हैं, मैं उनसे कहना चाहूंगी कि इस युद्ध को अपनी सीमाओं पर ले जाओ, जहां तुम रहते हो। हमारी सीमा पर कोई युद्ध नहीं होना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि उनके आकलन के मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर से देश को क्या लाभ हुआ, पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे नहीं पता, लेकिन मैं यह कह सकती हूं कि हमारे घर बर्बाद हो गए हैं। हमारे बच्चे इसमें शहीद हो गए हैं।

## एनसीपी के बिहार चुनाव में अकेले लड़ने ने उड़ाई एनडीए व जेडीयू की नींद

**नई दिल्ली,** 20 मई (देशबन्धु)। बिहार में एनडीए के भीतर तनाव बढ़ रहा है, क्योंकि इसके एक सहयोगी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजित पवार गुट ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़ने की घोषणा की है। पार्टी ने इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले चुनावों में अकेले लड़ने के अपने फैसले की पुष्टि की है। इस अप्रत्याशित कदम ने कथित तौर पर भाजपा और जेडीयू दोनों के भीतर घबराहट पैदा कर दी है, जिससे एनडीए खेमे के भीतर एनसीपी (एपी) के फैसले से उत्पन्न चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए तत्काल आंतरिक चर्चा शुरू हो गई है। दूसरी ओर, बिहार विस चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों की देखरेख कर रहे एनसीपी (एपी) के राष्ट्रीय महासचिव एवम् राष्ट्रीय प्रवक्ता बृजमोहन श्रीवास्तव ने बताया कि पार्टी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने के लिए कार्य कर रही है और पार्टी संगठन ने पूरे राज्य में जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हम बिहार में स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेंगे, क्योंकि अभी तक किसी गठबंधन के बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है। इसलिए हम अकेले चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि पहले भी एनसीपी ने बिहार विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ा है और राज्य से उसके विधायक और सांसद रहे हैं। हालांकि, समय के साथ पार्टी ने बिहार में अपनी पकड़ खो दी है, यही वजह है कि हम फिर से एनसीपी प्रमुख अजीत पवार व प्रफुल पटेल के नेतृत्व में अपना खोया हुआ प्रभाव वापस पाने के लिए नए सिरे से काम कर रहे हैं।



श्रीवास्तव ने आगे जोर देकर कहा कि 2020 के बिहार विस चुनाव में एनसीपी ने भी स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा था, हालांकि वे कोई सीट नहीं जीत पाए थे। बहरहाल, इस बार पवार व पटेल के नेतृत्व में पार्टी आशावादी है और महत्वपूर्ण प्रभाव डालने के लिए कमर कस रही है। पार्टी आगामी चुनाव में लगभग 100 सीटों पर चुनाव लड़ने का लक्ष्य लेकर चल रही है। श्रीवास्तव ने कहा कि बिहार में हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं की मांग है कि पार्टी बिना गठबंधन के चुनाव लड़ें। उन्होंने खुले तौर पर स्वीकार किया कि उनके इस कदम से मौजूदा गठबंधन सहयोगियों के चुनावी प्रदर्शन पर असर पड़ने की संभावना है, उन्होंने जोर देकर कहा कि एनसीपी-एपी की भागीदारी निश्चित रूप से अन्य दलों के वोट शेयर और स्थिति को प्रभावित करेगी।

## सार संक्षेप

### धनखड़ ने दी देवेगौड़ा को जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य एच.डी. देवेगौड़ा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं हैं। धनखड़ ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर जारी एक पोस्ट में यह जानकारी दी। उप राष्ट्रपति सुबह देवेगौड़ा के राष्ट्रीय राजधानी स्थित आवास पर पहुंचे और उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर धनखड़ के साथ पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ भी थीं। उप राष्ट्रपति ने देवेगौड़ा को पुष्पगुच्छ भेंट किया और उनसे आशीर्वाद भी लिया। देवेगौड़ा 92 वर्ष के हैं।

### नार्लीकर के निधन पर राधाकृष्णन ने जताया शोक

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने पद्म विभूषण से सम्मानित प्रसिद्ध खगोल वैज्ञानिक डॉ. जयंत नार्लीकर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा कि डॉ. नार्लीकर के निधन के बारे में जानकर मुझे गहरा दुख हुआ है। खगोल भौतिकी के क्षेत्र में वह एक महान हस्ती, एक लेखक और विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के पक्षधर रहे थे। राधाकृष्णन ने कहा कि पुणे में इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फार एस्ट्रोनामी एंड एस्ट्रोफिजिक्स के संस्थापक के रूप में डॉ. नार्लीकर ने भारत में वैज्ञानिक अनुसंधान और शिक्षा के विकास में बहुत बड़ा योगदान दिया।

### भारी बारिश के कारण दीवार ढहने से तीन की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मदुरै जिले में तिरुपरनकुंड्रम के पास वलयनकुलम गांव में सोमवार देर रात भारी बारिश के कारण दीवार ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने घटना को लेकर जानकार देते हुए बताया कि बारिश के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गयी थी, इसलिए पीड़ित अपने घर के बाहर बैठकर बातचीत कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान अम्मा पिल्लई, उनके पड़ोसी वेंकट अम्मल और अम्मा पिल्लई के 1 वर्षीय पोते वीरमणि के रूप में हुई है।

### गोवा, सिक्किम, महाराष्ट्र का स्थापना दिवस मनाया गया

**गांधीनगर।** गुजरात के गांधीनगर स्थित राजभवन में मंगलवार को गोवा, सिक्किम और महाराष्ट्र राज्य का स्थापना दिवस पूरी भव्यता से मनाया गया। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने इस अवसर पर कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए अमानवीय कृत्य का बदला हमने दृढ़ता से लिया है और समग्र विश्व को अपनी एकता की ताकत दिखायी है। यह इसलिए सम्भव हो सका, क्योंकि भारत में बसे हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध और पारसी सहित तमाम धर्म और जाति के लोग मातृभूमि के लिए समर्पित हैं।

## मदरसों के प्रति अपना रवैया बदले उप्र सरकार : मायावती

**लखनऊ,** 20 मई (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या पर चिंता व्यक्त की है और निजी मदरसों के प्रति सरकार को अपने रवैये में परिवर्तन की सलाह दी है। मायावती ने एक्स पर लिखा यूपी के प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्कूलों में सन 2023-24 में 1.74 करोड़ दाखिले हुए, किन्तु 2024-25 में मात्र 1.52 करोड़ अर्थात स्कूल दाखिला में लगभग 22 लाख की गिरावट सरकारी स्कूल व्यवस्था की ऐसी बदहाल स्थिति गंभीर व चिन्तनीय। शिक्षा के महत्व व जरूरत पर सरकार का उचित ध्यान जरूरी। फिर भी सस्ती व सुलभ व्यवस्था के तहत मदरसों आदि की प्राइवेट व्यवस्था के विरुद्ध सरकार का रवैया सहयोग का होने के बजाय उन्हें अवैध बताकर बंद करने का होना बुनियादी शिक्षा की जरूरत को और कमजोर करने वाला गैर-जरूरी व अनुचित। निजी मदरसों के प्रति सरकार अपना रवैया बदले तो बेहतर। वैसे तो सरकारी स्कूलों के हालात देश के अधिकतर राज्यों में काफी खराब हैं किन्तु यूपी व बिहार में यह अति-दयनीय होने से बहुजन गरीब परिवारों का बहुप्रतीक्षित विकास बाधित व इनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय। ऐसे में स्कूल शिक्षा पर ध्यान देकर इन्हें बंद करने के बजाय प्रोत्साहन जरूरी।



■ **सरकारी स्कूलों में छात्रों की घटती संख्या पर जताई चिंता**

## मध्य प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए अहम निर्णय

# शहरों के विकास के लिए प्राधिकरण बनाने को मंजूरी

■ **घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 25 हजार रुपए**

■ **कैबिनेट ने 3 हजार 867 करोड़ की योजना व निर्माण कार्यों की दी स्वीकृति**



**भोपाल/इंदौर,** 20 मई (एजेंसियां)। इंदौर के राजवाड़ा में पहली बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें मध्य प्रदेश के शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए मध्य प्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम 2025 के प्रारूप को मंजूरी दी गई। अधिनियम-2025 लागू होने के बाद महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया जा सकेगा। साथ ही प्रदेश में इंदौर-उज्जैन-देवास-धार एवं भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) के लिए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन राज्य सरकार द्वारा किया जा सकेगा। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर में मेट्रोपोलिटन विकास प्राधिकरण बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। इस प्राधिकरण का उद्देश्य शहरों का सुव्यवस्थित विकास करना होगा और यह नगर निगम या अन्य प्राधिकरणों के कार्यों को प्रभावित नहीं करेगा। मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के चेयरमैन होंगे। प्राधिकरण 25 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाएगा। इसके तहत तीन स्तरों की समितियां बनाई जाएंगी, जिनमें दो स्तरों में मुख्यमंत्री शामिल होंगे और तीसरे स्तर में स्थानीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि होंगे।

**राहवीर योजना से बचेगी जान**

सड़क हादसों में घायलों की मदद के लिए कैबिनेट ने राहवीर योजना की घोषणा की। यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाता है तो उसे 25,000 रुपए तक की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। उसे पुलिस द्वारा परेशान नहीं किया जाएगा। योजना के लिए संबंधित व्यक्ति को दुर्घटना वाली जगह से 108 नंबर पर कॉल करना भी अनिवार्य होगा। इस योजना से दुर्घटना में घायलों की समय पर इलाज मिलने से जान बच सकेगी। बता दें सरकार ने 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों के समग्र क्षेत्रीय विकास के उद्देश्य से महानगर योजना समिति और महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण गठित करने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के तहत महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण संबंधित क्षेत्र की विकास योजना का प्रारूप तैयार करेगा और उसे अनुमोदन के लिए महानगर योजना समिति के माध्यम से राज्य सरकार को भेजेगा। राज्य सरकार द्वारा योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद उसका क्रियान्वयन महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन होगा शुरू

मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन को फिर से प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यममंत्री शहरी स्वच्छता मिशन योजना 2025-26 से 2028-29 तक लागू होगी। इसके लिए 277 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है ताकि नगर निगमों के पास आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो। इसमें राज्य सरकार 167.74 करोड़ और निकाय का अंशदान 59.31 करोड़ होगा। इस राशि से सफाई व्यवस्था के लिए डी-स्लजिंग वाहन, सीवर लाइन सफाई उपकरण, ठोस अपशिष्ट परिवहन वाहन और सफाईमित्रा के लिए पीपीई किट खरीदी जाएगी। कैबिनेट ने प्रदेश में कौशल विकास के लिए लोकमाता देवी अहिल्या बाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने को स्वीकृति दी है। इसमें प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए नया प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। इसमें महिला और पुरुष कोई भी शामिल हो सकेगा। एमपीएसएसडीईजीबी को योजना के संचालन हेतु सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई।

## बिहार में संभावित बाढ़ के खतरे को ध्यान में रखते हुए नीतीश सरकार अलर्ट



■ **नीतीश कुमार ने की बाढ़ के पूर्व तैयारियों की समीक्षा**

**पटना,** 20 मई (देशबन्धु)। इस महीने के अंत तक मानसून केरल के तट पर दस्तक देने वाला है। इसके साथ ही धीरे-धीरे पूरे देश में मानसून की बारिश शुरू हो जाएगी। ऐसे बरसात शुरू होने से पहले बिहार सरकार संभावित बाढ़ के खतरे को ध्यान में रखते हुए अलर्ट हो गई है। मंगलवार को पटना स्थित मुख्य सचिवालय सभागार में संभावित बाढ़ के पूर्व तैयारियों की समीक्षा सीएम नीतीश कुमार ने की।

दरअसल, आगामी मानसून को देखते हुए बिहार में संभावित बाढ़ से निपटने हेतु पूर्व तैयारियों की समीक्षा के लिए आज मुख्य सचिवालय सभागार, पटना में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता सीएम नीतीश कुमार द्वारा की गई। जिसमें आपदा प्रबंधन विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान और संवेदनशील इलाकों की सूची, राहत शिविरों की स्थापना और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता, नाव, मोटरबोट, जीवन रक्षक उपकरण तथा राशन की व्यवस्था, जलजमाव की समस्या से निपटने हेतु नगर निकायों की कार्ययोजना, मेडिकल टीमों की तैनाती, दवाइयों की उपलब्धता एवं टीकाकरण कार्यक्रम, बाढ़ पूर्व चेतावनी तंत्र की समीक्षा और सूचना तंत्र को मजबूत करना समेत अन्य बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई।

### आपसी समन्वय से कार्य करें सभी विभाग : नीतीश

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने और राहत एवं बचाव कार्यों को समयबद्ध रूप से निष्पादित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनता को समय रहते सतर्क करना तथा राहत पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में यह तय किया गया कि जिलों के डीएम स्तर पर भी नियमित समीक्षा की जाएगी और ज़मीनी स्तर पर तैयारियों की निगरानी की जाएगी।

## बेंगलुरू में प्री-मानसून बारिश ने ली तीन की जान

**बेंगलुरू,** 20 मई (एजेंसियां)। कर्नाटक के बेंगलुरू में बारिश से संबंधित घटनाओं में 12 वर्षीय एक लड़के सहित तीन लोगों की मौत हो गई। शहर में 18 मई को 104 मिलीमीटर के आसपास भारी प्री-मानसून बारिश हुई, जो पूर्वानुमान से कहीं अधिक है।

बारिश से जुड़ी एक घटना में मनमोहन कामथ तथा एक नेपाली मूल के निवासी के 12 वर्षीय पुत्र दिनेश की मौत हो गई, मनमोहन कामथ डॉलर्स कॉलोनी के एक अपार्टमेंट परिसर में बेसमेंट में भरे पानी को निकालने के लिए मोटर लगा रहे थे और इस दौरान बिजली का झटका लगने से उनकी मौत हो गई।

दक्षिण पूर्व बेंगलुरू की पुलिस उपायुक्त सारा फातिमा ने इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## हर जिले में होगी एक सरकारी मॉडल बीएड कॉलेज की स्थापना

■ **आधुनिक शिक्षक तैयार करने की दिशा में बिहार सरकार ने बड़ा कदम**

**पटना,** 20 मई (देशबन्धु)। बिहार के छात्र-छात्राओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और आधुनिक शिक्षक तैयार करने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब राज्य के हर जिले में एक सरकारी मॉडल बीएड कॉलेज की स्थापना की जाएगी।

यह प्रस्ताव राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के निर्देशों के अनुरूप तैयार किया गया है और इसे शिक्षा विभाग ने अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। प्रत्येक मॉडल बीएड कॉलेज में 120 सीटें उपलब्ध कराई जाएंगी। छात्र-छात्राओं को आवासीय सुविधा भी मिलेगी। इसके साथ ही पहले से संचालित सरकारी बीएड कॉलेजों में अब बीएड के अतिरिक्त बीए, बीएससी, बीकॉम जैसे अन्य स्नातक कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। इससे विद्यार्थी शिक्षक प्रशिक्षण के साथ-साथ सामान्य शिक्षा भी एक ही संस्थान से प्राप्त कर सकेंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक बीएड कॉलेज में संसाधन केंद्र स्थापित किया जाएगा, जहां शिक्षकों को शिक्षण सामग्री तैयार करने और प्रभावी ढंग से पढ़ाने के तरीके सिखाए जाएंगे। इन संसाधन केंद्रों का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षक तैयार करना है। शिक्षा विभाग ने बीएड के पाठ्यक्रम में काउंसलिंग को एक आवश्यक विषय के रूप में जोड़ने का फैसला लिया है।


मानसिक तनाव और विद्यार्थियों की भावनात्मक समस्याओं को देखते हुए यह निर्णय अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही बीएड इन काउंसिलंग नामक विशेष कोर्स की भी शुरुआत की जाएगी। जिन छात्रों ने साइकोलॉजी, एजुकेशन या संबंधित विषयों से स्नातक किया है, वे इस कोर्स के लिए पात्र होंगे। सरकार प्रशिक्षित काउंसलर-शिक्षकों की नियुक्ति भी करेगी, जो विद्यालयों में बच्चों को सही मार्गदर्शन दे सकें। शिक्षा विभाग ने निर्देश दिया है कि ये सभी बदलाव शैक्षणिक सत्र 2025 से पूरे राज्य में लागू किए जाएं।

**समीक्षा** — *श्रीनगर में एकीकृत कमान की बैठक में बोले उप राज्यपाल मनोज सिन्हा*

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी तंत्र का होगा पूरी तरह खात्मा

**जम्मू, 2 मई (देशबन्धु)। पाकिस्तान के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के बाद वार्षिक अमरनाथ यात्रा बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, जिनके पास सुरक्षा विभाग भी है, चाहते हैं कि इस बार इसकी सुरक्षा में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए तो मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का सारा जोर।**

अमरनाथ यात्रा को पर्यटन में बदलने का है। दरअसल ऑपरेशन सिंदूर के बाद कश्मीर में पर्यटन खत्म हो चुका है और कश्मीरी पर्यटकों की राह ताक रहे हैं। यही कारण था कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था और केंद्र शासित प्रदेश की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के लिए श्रीनगर में एकीकृत कमान की बैठक की अध्यक्षता की। सूत्रों ने बताया



■ **अमरनाथ यात्रा के जरिए पर्यटन को बढ़ावा देना बनी बड़ी चुनौती**

कि बैठक में जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव, सेना, पुलिस और अन्य शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि बैठक में केंद्र शासित प्रदेश की वर्तमान स्थिति और आगामी वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। यात्रा इस साल तीन जुलाई से शुरू होने वाली है। सूत्रों ने बताया कि बैठक में पहलगाम आतंकी हमले के परिणाम और जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशन सिंदूर के बाद उत्पन्न स्थिति पर भी चर्चा हुई। उपराज्यपाल ने सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों के अधिकारियों पर जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी तंत्र को पूरी तरह से खत्म करने पर जोर दिया। दूसरी ओर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला आगामी अमरनाथ यात्रा को एक बड़े मौके के रूप में देख रहे हैं।

प्रदेश में पर्यटकों की वापसी के लिए वे बार-बार दोहरा रहे हैं कि अमरनाथ यात्रा के सकुशल संपन्न होने के बाद पर्यटकों का भरोसा फिर लौटेगा। मुख्यमंत्री का ये भी कहना है कि यात्रा के समाप्त होने के बाद ही पर्यटन उद्योग को मजबूती देने के प्रयास शुरू किए जाएंगे। बायसरन में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से कश्मीर का पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हुआ। रही सही कसर पाकिस्तान की गोलाबारी ने पूरी कर दी। एक पूरा का पूरा सीजन खराब हो गया। सात मई से 12 मई तक उड़ानें बंद रहीं। सीजफायर के बाद उड़ानें शुरू हुईं, तो पर्यटक आने शुरू हुए। इनमें अधिकतर ऐसे पर्यटक हैं, जिनकी पहले से बुकिंग थी। इससे हालात सामान्य होने लगे, मगर होटल कारोबारियों के अनुसार नई बुकिंग फिलहाल नहीं हो रही है। ऐसे में अब अमरनाथ यात्रा पर सबकी नजर है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद कश्मीर में तनाव के माहौल में अधिकारियों की चिंता अमरनाथ यात्रा को लेकर बढ़ने लगी है।

यह चिंता इसलिए भी है क्योंकि सीमा पार से मिले संदेश भी कहते हैं कि पाकिस्तान की कोशिश इस बार अमरनाथ यात्रा में जबरदस्त खलल डालने की होगी।

देशबन्धु

बिलासपुर, बुधवार 21 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# वैज्ञानिक चेतना के शून्य को बढ़ा गया डा. नार्लीकर का निधन

मशहूर खगोल भौतिक विज्ञानी डॉ. जयंत विष्णु नार्लीकर का निधन हो गया। डॉ. नार्लीकर 87 साल के थे। 19 मई की रात नींद में ही उनका निधन हो गया, हाल ही में उनका एक ऑपरेशन भी हुआ था। डा. जयंत नार्लीकर के निधन को बहुत से अखबारों और चैनलों ने विज्ञान जगत की अपूरणीय क्षति बताया, लिखा कि उनके न रहने से विज्ञान की दुनिया में शोक की लहर चल पड़ी है। निस्संदेह एक अनुभवी, वरिष्ठ और बेहद अनूठे वैज्ञानिक के जाने से विज्ञान जगत में तो शून्य बन ही गया है, लेकिन असल में यह समूचे भारत के लिए शोक की घड़ी है। क्योंकि डा. नार्लीकर ऐसे कठिन समय में इस दुनिया को छोड़ कर गए हैं, जब विज्ञान और आस्था के नाम पर एक घातक मिलावट करने का सिलसिला चल निकला है। इस मिलावट को फैलाने वाले सत्ता से लेकर प्रशासन, शिक्षा, न्यायपालिका के गलियारों में फैले हुए हैं। यहां तक कि वैज्ञानिक संस्थाएं भी इसकी चपेट में आ रही है। जो भारत अपनी तर्क संस्कृति, वाद-विवाद-संवाद के लिए पूरी दुनिया में मशहूर था, वहां अब कुतर्कों की भरमार हो गई है, संवाद पूरी तरह से खत्म हो चले हैं। नयी पीढ़ी को ज्ञान-विज्ञान की चेतना विकसित करने का अवसर दिए जाने की जगह धार्मिक जुलूसों में भेड़ों की तरह हांका जा रहा है, उन्हें उन्मादी बनाया जा रहा है। धर्म के नाम पर झगड़े करवाने हों तो युवाओं की शक्ति, ऊर्जा और जोश ही सबसे अधिक काम आते हैं, इसलिए राजनैतिक दल उनका इसी हिसाब से उपयोग कर रहे हैं और ऐसे वक्त में जो तार्किक बातें करे उसे देशद्रोही कहना न्यू नॉर्मल बन गया है।

धार्मिक स्थलों पर युवाओं की भीड़है, ओटीटी प्लेटफार्म्स बेहूदी भाषा और अनावश्यक खुलेपन वाले रियलटी शो परोस रहे हैं, जिसमें प्रतिभागी और दर्शक युवा ही हैं, आईपीएल जैसे आयोजन खेलों का व्यापार कर रहे हैं, यहां भी युवा ही सबसे अधिक निशाने पर है। शिक्षा के नाम पर कोचिंग संस्थाओं का व्यापार चल रहा है और 10वीं के बाद विज्ञान विषय लेकर पढ़ने वाले छात्रों का एकमात्र ध्येय किसी तरह इंजीनियरिंग या मेडिकल में दाखिला लेना होता है। सरकारी संस्थानों में सीटें बेहद कम हैं और निजी संस्थाओं की लूट का कोई ठिकाना नहीं है। इन हालात में शोध और अनुसंधान के लिए गुंजाइश बेहद कम हो चली है। उसमें भी छात्र होनहार हो और उसके साथ सवर्ण हो तो आगे का रास्ता आसान होता है, वर्ना रोहित वेमुला जैसे उदाहरण हमारे सामने हैं। इतनी विडंबनाओं के जख्म पर सत्ता नमक तब छिड़कती है, जब देश के शहरों को चीन या जापान जैसा सुंदर बनाने का वादा जनता से होता है। लोगों को साफ पानी और हवा तो अब मयस्सर नहीं है और ऐसे में ख्वाब शंघाई-टोक्यो के दिखाए जाते हैं। जबकि इन देशों ने विज्ञान और तकनीकी में इतनी तरक्की कर ली है, जिसकी बराबरी करना फिलहाल संभव नहीं है।

इस निराशाजनक माहौल को सुधारा जा सकता है, बशर्ते हमारे बीच जयंत विष्णु नार्लीकर जैसे वैज्ञानिक, विज्ञान शिक्षक और लेखक हों। एक वक्त में डॉ. नार्लीकर के अंग्रेजी लेखों के हिन्दी अनुवाद देशबन्धु में प्रकाशित होते थे। डा. नार्लीकर बेहद सरल भाषा में खगोल विज्ञान और जटिल वैज्ञानिक जानकारी को समझाते थे। किसी कठिन कार्य के लिए प्रचलित मुहावरा है कि यह कोई रॉकेट साइंस नहीं है, लेकिन देखा जाए तो डा. नार्लीकर ने रॉकेट साइंस को ही आसान बनाकर लोगों तक पहुंचाया था। जब आकाशवाणी और दूरदर्शन में उत्कृष्टता पर आधारित कार्यक्रम प्रसारित किए जाते थे, उस दौर में डा. नार्लीकर ने विज्ञान के तथ्यों को बहुत सरल और रोचक अंदाज में पेश किया। दूरदर्शन पर प्रसारित ब्रह्मांड नामक शो के माध्यम से नार्लीकर ने बच्चों को रॉकेट और अंतरिक्ष विज्ञान की विभिन्न घटनाओं के बारे में बताया। 80 और 90 के दशक के बच्चे अगर चांद और मंगल को लेकर उत्सुक हुए, विज्ञान में उनकी रूचि जगी या वैज्ञानिक बनने के बारे में वे सोच पाए तो इसका बड़ा श्रेय जयंत नार्लीकर को भी जाता है। जिनकी किताबों और व्याख्यानों को विज्ञान को बोझिल विषय से रोचक विषय बना दिया।

वैसे तो साहित्य और विज्ञान अलग-अलग क्षेत्र माने जाते हैं। विज्ञान कथाएं लिखने वाले लोग भारतीय भाषा के साहित्य में अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं। जयंत विष्णु नार्लीकर उन्हीं में से एक थे। डॉ. नार्लीकर की कई कहानियां लोकप्रिय हुईं। 'अंतरिक्ष में विस्फोट' और 'वायरस' नाम के दो उपन्यास उन्होंने मराठी में लिखे। अंतरिक्ष में विस्फोट में अतीत में अंतरिक्ष में घटी घटना, वर्तमान और भविष्य में धरती को बचाने का रोचक वर्णन है। इसी तरह वायरस में अंतरिक्ष के दूसरे ग्रहों से पृथ्वी के कंप्यूटर्स को खराब करने की कोशिश और वैज्ञानिकों द्वारा उसे बचाने का रोचक कथानक है। एनसीईआरटी ने 11वीं के पाठ्यक्रम में द एडवेंचर' नाम की कहानी रखी थी। डा. नार्लीकर की इस कहानी में प्रोफेसर गंगाधरपंत गायतोंडे की समय-यात्रा को बताया गया है, जिसमें वे अतीत में जाते हैं और खुद को ऐसे मुंबई शहर में पाते हैं, जो मौजूदा मुंबई से काफी अलग है। द एडवेंचर जैसे ही विषय पर हॉलीवुड में बैक टू द फ्यूचर जैसी फिल्म भी बनी है।

डा.नार्लीकर की विज्ञान कथाएं कोरी फंतासी नहीं होती, बल्कि उनमें विज्ञान की परतों को तथ्यों के साथ खोलने की कोशिश दिखाई देती है। वे बताते हैं कि हमारी असलियत ही इस ब्रह्मांड का एकमात्र सच नहीं है, इसके अलावा भी अन्य कई वास्तविकताएं हैं, जिन्हें समझने की कोशिश हमें करना चाहिए।

'पद्म विभूषण', 'पद्म भूषण', महाराष्ट्र भूषण, संरा का कलिंग पुरस्कार जैसे कई सम्मान और अवार्ड डा. नार्लीकर के नाम हैं। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा लेकर 1972 में वापस भारत लौटे डा. नार्लीकर ने टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) में खगोल विज्ञान विभाग के प्रमुख का पद संभाला। 1988 में इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफ़िज़िक्स (आयुका) संस्थान के फाउंडर डायरेक्टर बने। इसी साल यूजीसी ने डॉ. नार्लीकर को अंतर-विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी केंद्र के संस्थापक निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी थी, जिस पर वे सेवानिवृत्ति तक बने रहे। फ्रेड होयल के साथ डा. नार्लीकर ने 'होयल-नार्लीकर थ्योरी ऑफ ग्रैविटी' विज्ञान जगत को दी, जिसकी दुनिया भर में चर्चा होती है।

देश में वैज्ञानिक चेतना को बढ़ाने और खासकर बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करने से डा. जयंत विष्णु नार्लीकर को सही मायने में श्रद्धांजलि दी जा सकती है।

# काश भाजपा जनसंघ जैसी ही बनी रहती!

करीब पांच दशक पहले यानी आपातकाल के बाद पांच दलों के विलय से बनी जनता पार्टी का प्रयोग हालांकि ज्यादा समय तक नहीं चल पाया था लेकिन केंद्र सहित कई राज्यों में बनी जनता पार्टी की सरकारों ने कुछ काम बहुत अच्छे किए थे। मसलन, संवैधानिक प्रावधानों का सहारा लेकर देश पर तानाशाही थोपे जाने की राह को जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने बहुत दुर्गम बना दिया था, नागरिकों के मौलिक अधिकार बहाल किए थे, कार्यपालिका की शक्तियां सीमित कर न्यायपालिका की आजादी सुनिश्चित की थी और भारत रत्न व पद्म अलंकरण जैसे सरकारी सम्मानों की बंदरबाट बंद कर दी थी। इसी तरह, राज्यों में बनी जनता पार्टी की सरकारों ने भी कुछ काम बहुत अच्छे किए थे, जो आज भी याद किए जाते हैं।

इस सिलसिले में मध्य प्रदेश से जुड़े एक वाकये का ज़िक्र करना इस समय प्रासंगिक है। आपातकाल से पहले तक मध्य प्रदेश में विधानसभा का ग्रीष्मकालीन सत्र पचमढ़ी में हुआ करता था। यह स्पष्ट रूप से एक सामंती व्यवस्था थी और जनता के पैसे का दुरुपयोग भी। इस व्यवस्था को 1977 में जनता पार्टी की सरकार ने खत्म कर दिया था। उस सरकार के मुख्यमंत्री कैलाश जोशी थे, जो जनता पार्टी में शामिल जनसंघ घटक के नेता थे। उन्होंने अपनी कैबिनेट की पहली ही मीटिंग में फैसला कराया था कि अब से विधानसभा का ग्रीष्मकालीन सत्र पचमढ़ी के बजाय भोपाल में ही हुआ करेगा। चूंकि कैलाश जोशी बेहद भले और ईमानदार व्यक्ति थे, इसलिए जनता पार्टी में उनके ही घटक यानी जनसंघ के एक गुट ने शुरू दिन से उनके खिलाफ साजिश रचनी शुरू कर दी थी, जो कि कुछ महीनों बाद सफल भी हो गई। कैलाश जोशी को एक अज्ञात बीमारी का शिकार बता कर मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया।

बहरहाल इस किस्से का जिक्र इसलिए कि कैलाश जोशी तो अब इस दुनिया में नहीं हैं लेकिन मध्य प्रदेश में सरकार उनकी ही पार्टी की है, मगर सरकार चला रहे लोगों और कैलाश जोशी जैसे नेताओं के चाल, चरित्र और चेहरे में जमीन-आसमान का फर्क है। अब प्रदेश में जनता के पैसे का बेरहमी से दुरुपयोग करते हुए नित नए ऐसे-ऐसे नाटक किए जा रहे हैं, जिनका जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है। बड़े शहरों से लेकर छोटे-छोटे गांव-कस्बों तक के नाम बदलकर धार्मिक प्रतीकों के आधार पर उनके नए नाम रखे जा रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पर नाम बदलने की ख़ब्त इस कदर सवार है कि उन्होंने कुछ दिनों पहले अपने गृह नगर उज्जैन में स्थित विक्रम विश्वविद्यालय का नाम बदल कर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय कर दिया।

सब जानते हैं कि नाम बदलने के इस उपक्रम के चलते सरकारी खजाने का लाखों-करोड़ों रुपया खर्च होता है। धार्मिक पर्वों और उत्सवों को भी सरकारी स्तर पर मनाया जा रहा है, जिस पर सरकारी खजाने के करोड़ों रुपये फूंके जा रहे हैं। ऐसे तमाशे सिर्फ मध्य प्रदेश में ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी चल रहे हैं, जहां भाजपा की सरकारें हैं।

मप्र में तो यह स्थिति तब है जब राज्य पर देश के कुल कर्ज का पांच फीसदी से ज्यादा कर्ज है। देश पर इस समय करीब 95 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है, जिसमें मध्य प्रदेश का कर्ज करीब पांच लाख करोड़ रुपये है। इस आर्थिक



अनिल जैन

**'पैसा फूंक तमाशा देख' के सिलसिले में अलग-अलग मौकों पर कैबिनेट यानी राज्य मंत्रिमंडल की बैठकों का आयोजन राजधानी भोपाल में न करते हुए प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर समारोहपूर्वक करना भी ऐसे ही तमाशों में से एक है। इस सिलसिले में 20 मई को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक पूरे राजसी तामझाम के साथ इंदौर में होलकर शासकों के महल राजबाड़ा में हुई।**

बदहाली के चलते राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं ठप हैं और राज्य सरकार को अपना काम चलाने के लिए हर तीन महीने में पांच हजार करोड़ रुपये का कर्ज लेने पड़ रहे हैं।

'पैसा फूंक तमाशा देख' के सिलसिले में अलग-अलग मौकों पर कैबिनेट यानी राज्य मंत्रिमंडल की बैठकों का आयोजन राजधानी भोपाल में न करते हुए प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर समारोहपूर्वक करना भी ऐसे ही तमाशों में से एक है। इस सिलसिले में 20 मई को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक पूरे राजसी तामझाम के साथ इंदौर में होलकर शासकों के महल राजबाड़ा में हुई। बैठक के लिए राजबाड़ा के दरबार हॉल की ठीक उसी अंदाज में सजावट की गई जैसे होल्कर शासकों का दरबार लगता था। पूरे राजबाड़ा की नए सिरे से रंगाई-पुताई कराई गई और उसे बिजली के रंग-बिरंगे लट्टुओं से सजाया गया। राजबाड़ा के बाहर मीडिया और आम लोगों यानी भाजपा कार्यकर्ताओं के बैठने के लिए बड़े-बड़े वातानुकूलित पांडाल बनाए गए। यह सब इंतजाम करने के लिए कैबिनेट की बैठक के दो दिन पहले से राजबाड़ा के आसपास के सभी मार्गों पर वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई, जिससे पूरे शहर में अफ़रा-तफ़री का माहौल बना रहा। राजबाड़ा के आसपास का पूरा इलाका व्यावसायिक क्षेत्र है, लेकिन वाहनों की आवाजाही बंद होने से कारोबारी गतिविधियां पूरी तरह ठप रहीं।

इससे पहले उज्जैन, महेश्वर, सिंग्रामपुर (दमोह), जबलपुर आदि शहरों में भी कैबिनेट की बैठकें हो चुकी हैं और वहां भी यही सब कुछ हुआ था। अब कैबिनेट की अगली बैठक अगले महीने की 3 तारीख को पचमढ़ी में होगी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे और संभावित स्थानों को चिन्हित करें जहां कैबिनेट की बैठकें हो सकें।

राजधानी से बाहर होने वाली इन बैठकों के लिए हफ्तों पहले से तैयारियां शुरू होती हैं, जिनमें जिले का पूरा प्रशासनिक अमला बाकी सारे काम छोड़कर जुटता है। जिस स्थान पर बैठक होनी होती है, उसे और उसके आसपास के इलाके को सजाने-संवारने, मुख्यमंत्री, मंत्रियों व राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के ठहरने की व्यवस्था आदि पर करोड़ों रुपयों का खर्च होता है।

कैबिनेट की बैठक इंदौर में आयोजित करने के बारे में जो संदर्भ बताया गया वह भी बेहद हास्यास्पद है। बताया गया कि अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर उन्हें सम्मान देने और उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने के लिए इंदौर में कैबिनेट की बैठक रखी गई।

दरअसल इंदौर से अहिल्याबाई के नाम को जोड़ने की यह कोशिश नई नहीं है। इंदौर के जनजीवन में भी जब कुछ अच्छा-बुरा होता है तो लोग भावुकता, मूर्खता या पाखंडवश अहिल्याबाई होलकर को याद करने लगते हैं। कुछ अच्छा हो तो कहा जाने लगता है 'अहिल्याबाई का शहर गौरवान्वित हुआ'। कुछ बुरा हो तो कहा जाता है कि 'अहिल्याबाई का शहर कलंकित हुआ'। जबकि ऐतिहासिक तथ्य यह है कि इंदौर से अहिल्याबाई का कभी कोई संबंध रहा ही नही।

इंदौर को अहिल्याबाई का शहर बताने और मानने वालों को न तो इंदौर के इतिहास की जानकारी है और न ही होलकर रियासत की। अहिल्याबाई के बारे में भी ये लोग कुछ नहीं जानते। दरअसल जब मंशा ही इतिहास को तोड़ने-मरोड़ने और उसे अपनी राजनीतिक सुविधा के मुताबिक पेश करने की हो तो सच्चाई जानने की जरूरत भी कहां रह जाती है!

नर्मदा घाटी मार्ग पर स्थित इंदौर शहर को 310 साल पहले यानी 1715 में स्थानीय (कम्पेल गांव के) जमींदारों ने व्यापारिक केंद्र के रूप में बसाया था। उस समय इसका नाम इंद्रपुरी हुआ करता था। यह नाम इसे यहां बने प्राचीन इंद्रेश्वर महादेव मंदिर की वजह से मिला था। बाद में पेशवा के सेनापति और होलकर रियासत के संस्थापक मल्हारराव होलकर ने इसे अपनी राजधानी बनाया और अपभ्रंश होकर इसका नाम इंदूर हो गया, जो बाद में अंग्रेजों के समय इंदौर हुआ।

यह सही है कि मल्हारराव होलकर की बहू अहिल्याबाई इंद्रेश्वर महादेव को अपना आराध्य मानती थीं लेकिन अपने पति की मृत्यु होने पर शासन की बागडोर संभालने के तुरंत बाद वे अपनी राजधानी को इंदौर से स्थानांतरित कर नर्मदा नदी के किनारे बसे महेश्वर ले गई थीं। अहिल्याबाई ने 1767 से 1795 तक शासन किया और तब तक उनकी रियासत की राजधानी महेश्वर ही रहा। उनकी मृत्यु के बाद तुकोजीराव होलकर (प्रथम) ने शासन के सूत्र संभाले और फिर से इंदौर को अपनी राजधानी बनाया। इसलिए इंदौर को 'मां अहिल्या की नगरी' कहना सही नहीं है। वस्तुत: यह मल्हारराव होलकर और तुकोजीराव होलकर का शहर है।

जो लोग इंदौर को 'देवी अहिल्याबाई का शहर' बताते हुए तमाम तरह के राजनीतिक और सामाजिक धतकर्मों में लगे रहते हैं, उनका चाल-चलन भी अहिल्याबाई होलकर के शील, संघर्ष, जनसेवा और न्यायप्रियता से नहीं बल्कि तुकोजीराव होलकर (तृतीय) के विलासी व्यक्तित्व और कृतित्व से ही मेल खाता है। हालांकि तुकोजीराव लफंगे नहीं थे और उनके शासन में भी ऐसी लफंगई या गुंडई नहीं चलती थी, जैसी कि इंदौर सहित पूरे मध्य प्रदेश में समय-समय पर अलग-अलग रूपों में देखने को मिलती है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# बदला युद्ध है आपरेशन सिंदूर

मात्र तीन दिन चले युद्ध या सैनिक अभियान ने पारंपरिक अर्थ में निर्णायक जीत हार का फैसला नहीं किया लेकिन इसने भारत और पाकिस्तान के राजनेताओं में जीत और हार के दावे से लेकर दुनिया भर के सैन्य विशेषज्ञों के लिए आगे काम करने का काफी मसाला दे दिया है। अब टीवी की चर्चाओं और हमारे पक्ष-विपक्ष के राजनैतिक अभियानों से किसी को भ्रम हो सकता है कि हम युद्ध का तकनीक और वैज्ञानिक अध्ययन और फिर सुधार का प्रयास नहीं कर रहे हैं लेकिन ऐसा है नहीं। सबको इस सैन्य कार्रवाई में इतना साफ लगा कि लड़ाई का मैदान बदल गया है और अगर भारत ने साफ बढ़त ली या अपने उद्देश्य लगभग हासिल कर लिए तो इसलिए कि उसके पास बेहतर तकनीक वाले ड्रोन थे और उसकी क्रूज मिसाइलों का निशाना सटीक बैठा जबकि पाकिस्तान बदमाशी करते हुए सिर्फ तोप और विमानों के सहारे हमारे नागरिक ठिकानों पर बमबारी करता रहा। इस हमले को भी भारत ने तकनीक के सहारे काफी हद तक विफल किया क्योंकि हमारे एयर डिफेंस में बेहतर तकनीक वाले उपकरण थे। पाकिस्तान के ज्यादातर हमलों को हवा में ही उड़ा दिया गया। हमने उनके एयर डिफेंस सिस्टम को जैम करके उनके नौ सैनिक हवाई अड्डों को निशाना बनाया और उनकी ताकत खत्म की।



अरविन्द मोहन

**पाकिस्तान में सरकार, आतंकवादी और सेना का मतलब एक ही है, यह बात साफ जाहिर हो जाना आपरेशन सिंदूर से सामने आया दूसरा सच है। फौजी अधिकारी मारे गए आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए। सारे बड़े आतंकियों को, जिनमें कुछ संयुक्त राष्ट्र द्वारा चिह्नित भी हैं, पाकिस्तान सरकार और फौज ने छुपा लिया। भारत में यह राजनैतिक मुद्दा बना हुआ है।**

ज्यादातर काम बेहद मामूली खर्च से तैयार होने वाले ड्रोन और क्रूज मिसाइलों के सहारे हुआ। इसकी वजह उनका सस्ता होना न होकर उपयोगी होना है। वे पेड़ों और पहाड़ियों के बीच इतनी काम ऊंचाई पर उड़ते हुए लक्ष्य तक जाते हैं कि दुश्मन के राडार उनको जान ही नहीं पाते। और लक्ष्य भेदकर अगर वे खत्म हो भी जाते हैं तो सेना के बजट पर कोई फरक नहीं पड़ता। नौसेना के बड़े जहाजों और पनडुब्बियों के खर्च की बात ही छोड़िए एक एक सैन्य विमान और टैंक आज इतनी कीमत में आते हैं कि हजारों ड्रोन एक जहाज की कीमत में तैयार हो जाते हैं। आज अमेरिकी एफ-35 विमान दस करोड़ डालर का है। ड्रोनो को प्रयोग में लाना ही आसान नहीं, है, इनको बनाना भी आसान और किफायती है। सबसे अच्छे माने जाने वाले दरों भी एक हजार डालर तक के खर्च पर तैयार हों जाते हैं। अगर खाड़ी युद्ध ने तीस साल पहले यह संदेश दिया कि युद्ध अब तकनीक से लड़े जाते हैं तो रूस-यूक्रेन युद्ध और आपरेशन सिंदूर के भारत- पाकिस्तान टकराव ने यह साफ कर दिया है कि भविष्य की लड़ाई में ड्रोन और क्रूज मिसाइलों का युग ही आने वाला है। बड़े विमान और मजबूत सैन्य ठिकाने भी इनकी जद में आकर बेकार साबित हो रहे हैं। यूक्रेन पचास लाख ड्रोन हर साल बना रहा है और उसी से रूस का मुकाबला कर रहा है।

अब ऐसा नहीं है कि पाकिस्तान के पास हथियार न हों या उसके पास ड्रोन की तकनीक न हों या उसने एयर डिफेंस सिस्टम पर खर्च नहीं किया है। असली दिक्कत यह हुई कि उसने सस्ते चीनी उपकरण लगाए और महंगे जहाज(अमेरिका से भी) खरीदे थे। एयर डिफेंस प्रणालियों के बारे में जानकार यह कह रहे हैं कि वे हमसे एक जेनरेशन पीछे के हैं और रिवर्स तकनीक से (अर्थात फ़ोटो कापी जैसा तैयार करना) बनाए गए हैं। चीन ने ऐसा क्यों किया या उसने सिर्फ अपने व्यावसायिक हितों की रखवाली के लिए इन्हें, लगाया था यह स्पष्ट नहीं है। हो सकता है कि पाकिस्तान में दलाली ज्यादा हों। वैसे उसके पास पैसे न होने की बात जगजाहिर है। वे एक ही झटके में फेल हुए और हमारी रक्षा प्रणाली ने उनके लगभग सारे हमलों को फेल कर दिया यह इस युद्ध की सच्चाई है। युद्ध विराम की गुहार इसी के चलते हुई और अमेरिकी दखल की मांग पाकिस्तान सदा से करता रहा है। इसलिए युद्ध विराम को लेकर हमारे नेतृत्व को जितनी सफाई देनी है उससे ज्यादा पाकिस्तान और अमेरिका को देनी चाहिए।

पाकिस्तान में सरकार, आतंकवादी और सेना का मतलब एक ही है, यह बात साफ जाहिर हो जाना आपरेशन सिंदूर से सामने आया दूसरा सच है। फौजी अधिकारी मारे गए आतंकियों के जनाजे में शामिल हुए। सारे बड़े आतंकियों को, जिनमें कुछ संयुक्त राष्ट्र द्वारा चिह्नित भी हैं, पाकिस्तान सरकार और फौज ने छुपा लिया। भारत में यह राजनैतिक मुद्दा बना हुआ है कि कार्रवाई के पहले पाकिस्तान को सूचित करने से उसे आतंकियों को छुपाने का अवसर मिल गया। यह राजनैतिक लड़ाई का मुद्दा हो सकता है लेकिन यह बात तो कोई भी समझ सकता था कि पहलगाम नरसंहार के भारत घुसकर मारेगा ही। मामला सिर्फ समय का था कि ऐक्शन में कितना समय लगेगा। यह आपदा में अवसर बनकर आया था। आतंकी इस हत्याकांड से सरकार को जो संदेश देना चाहते थे वह सरकार ने लिया लेकिन वह जो हिन्दू-मुसलमान और कश्मीरी गैर कश्मीरी का बंटवारा चाहते थे, हमारे मुल्क के लोगों ने उसका करारा जबाब दिया। कई मायनों में यह फौजी जवाब से भी ज्यादा मजबूत और बड़ा था। सिर्फ पक्ष और विपक्ष ही एकजुट नहीं हुए, अगर कभी नरेंद्र मोदी का सरकता कार्टून कांग्रेस ने दिया तो उसे लोगों की प्रतिक्रिया देखकर वापस लेना पड़ा। भाजपा समर्थक यह पोस्ट सोशल मीडिया पर ढंग से चला नहीं कि वापस लेना पड़ा जिसमें कहा गया था कि आतंकियों ने धर्म पूछा था जाति नहीं।

अब आपरेशन सिंदूर की एक नायिका सोफिया कुरैशी को लेकर मध्य प्रदेश के एक मंत्री का बयान उनके साथ ही पार्टी के जान को आफत में डाले हुए है और अदालत काफी लानत मलामत कर रहा है। दूसरी ओर देश भर में रैलियों के जरिए जीत का जश्न मनाना, विदेश में प्रतिनिधिमंडल भेजकर भारत के पोजीशन को स्पष्ट करना और रेल टिकट तक पर विज्ञापन या मुफ़्त का लाइन डालकर आपरेशन सिंदूर को राजनैतिक रूप से भुनाने की तैयारी चल रही है। विपक्ष भी हमलावर है। अगर भाजपा के लोगों को युद्ध के बाद लगातार जीत मिलने का रिकार्ड दिख रहा है तो कांग्रेस को बासठ के युद्ध के बाद नेहरू के प्रताप में गिरावट का प्रसंग याद आ रहा है। ये दोनों बातें सही हैं पर याद रखना होगा कि आपरेशन सिंदूर बासठ का युद्ध नहीं है। क्या पहलगाम का बदला हों गया, क्या आतंकी ठिकाने नष्ट होने से आतंकवाद मिट गया जैसे? सवाल का जवाब देना आसान नहीं है। पर सबसे मुश्किल सवाल है कि युद्धविराम क्यों और कैसे हुआ? द्विपक्षीय संधि होते हुए अमेरिका बीच में क्यों और कैसे आया? लेकिन इस सवालों की राजनीति के बीच सेना के बुनियादी सवाल को बिसारना नहीं होगा कि लड़ाई बदल गई है। इस अनुभव के आधार पर हमें तेजी से बदलाव करना होगा जो बहुत महंगा भले न हों पर मेहनत, शोध और विकास की मांग जरूर करता है।



## ललित सुरजन की कलम से

## देशबन्धु के साठ साल-7

*'डॉ. जयंत नार्लीकर रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के निमंत्रण पर तीन दिन के लिए रायपुर आ रहे थे। इंग्लैंड से लौटने के बाद उन्होंने विज्ञान के लोकव्यापीकरण को ही अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया था। मैं उनका तब से प्रशंसक था जब वे 1960 के दशक में कैंब्रिज में फ्रेड हॉयल के साथ खगोलशास्त्र पर शोध कर रहे थे और अन्तरराष्ट्रीय ख्याति हासिल कर चुके थे। उनका रायपुर आना हमारे लिए एक बड़ी खबर थी। हमने नार्लीकरजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर एक पूरे पेज की विशेष सामग्री प्रकाशित की और तीनों दिन उनके व्याख्यानों को प्रमुखता के साथ छापा। इसी समय लगे हाथ उनके अंग्रेजो लेखों को अनुवाद कर छापने की अनुमति भी मांग ली, जो सहर्ष मिल गई।'*

**(देशबन्धु में 22 अगस्त 2019 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2019/08/

## पावन प्रसंग

## ईश्वरप्रदत्त दो उपहार बुद्धि और भावना

प्रत्येक व्यक्ति के पास विधाता ने दो बहुमूल्य एवं खूबसूरत उपहार दिए हैं- बुद्धि एवं भावना। ये दो ऐसी चीजें हैं, जिनके सही उपयोग के आधार पर एक ओर से व्यक्ति सांसारिक जीवन में आशातीत सफलता प्राप्त कर सकता है, तो दूसरी ओर आध्यात्मिक जीवन में विशेष प्रगति कर सकता है। लेकिन इनके साथ दो शर्तें हैं- पहली तो बुद्धि एवं भावना; दोनों का परिष्कृत होना और दूसरी शर्त है-इनका सही सुनियोजन होना। सही सुनियोजन से तात्पर्य है कि जहा पर बुद्धि का प्रयोग होना है, वहां भावना का प्रयोग नहीं होना चाहिए और जहां भावना का प्रयोग जरूरी है, वहां बुद्धि का प्रयोग नहीं होना चाहिए तथा जहां पर दोनों की आवश्यकता है, वहां पर बुद्धि के अनुसार भावना का सही प्रयोग होना चाहिए।

भावना एवं बुद्धि का हमारे जीवन में हर पल उपयोग होता है। इनकी सही समझ न हो पाने के कारण व्यक्ति अपने जीवन में अनेक बहुमूल्य अवसर हाथ से गंवा देता है। भावना जीवन का रस है, तो बुद्धि उस रस का सही उपयोग करने की विधा है। भावनाहीन व्यक्ति तो उस पशु के समान होता है, जिसे मानवीय संवेदना की कोई समझ नहीं होती। ऐसे ही व्यक्ति नर-पिशाच बन जाते हैं और अपने सुख के लिए दूसरों को कष्ट देते हैं।

इस दुनिया की एक खास बात यह है कि हर व्यक्ति दूसरे से कुछ लेना चाहता है, अपना फायदा चाहता है और इस फेर में अपनी बुद्धि को लगाए रहता है। दूसरों से कुछ पाने की चाहत में उसका मन हमेशा रिक्त रहता है और वह एक ऐसे भिखारी की तरह होता है, जो हमेशा मांगता रहता है तथा जिसकी मांग कभी पूरी नहीं होती। वह घोर अतृप्त एवं असंतुष्ट होता है और इसी कारण अपने रिश्तों को भी लंबे समय तक मजबूती के साथ निभा नहीं पाता। उसका जीवन कलह क्लेश का पिटारा बन जाता है।

इसका कारण केवल इतना है कि ऐसी परिस्थिति में भावनाओं का किसी तरह का कोई विकास नहीं हो पाता, दूसरों से मांगने के फेर में उसका मन उस बच्चे के समान ही अपरिपक्व रह जाता है, जो हमेशा दूसरों पर निर्भर रहता है। यदि व्यक्ति को इस भूल को सुधारना है तो उसे बिना मांगे व बिना किसी शर्त के दूसरों को वह देने की आदत बनानी होगी, जिसे वह दूसरों से चाहता है। भावनाओं से युक्त प्यार के साथ एक शर्त यह भी है कि वह बांटने पर बढ़ता है, लेकिन बटोरने पर बिखर जाता है और इस बात का अनुसरण न करते हुए प्यार बटोरने में व्यक्ति अपना सब कुछ गंवाता है और अतृप्ति व अशांति से भर जाता है।

मनोविज्ञान की भाषा में कहें तो व्यक्ति की 90 प्रतिशत जीवन संबंधी समस्याएं साइकोलॉजिकल (मनोवैज्ञानिक) होती हैं; अर्थात मन की समस्याओं से संबंधित। मन की उथल-पुथल, भावनाओं की आंतरिक चुभन, दबाव, घुटन, चिंता, तनाव आदि व्यक्ति को आंतरिक तौर से परेशान करने के साथ-साथ शारीरिक रोगों के रूप में भी उभरते हैं और उसके जीवन में व्यवहार व चिंतन संबंधी विकृतियों को उभार देते हैं। लंबे समय तक इन विकृतियों के बने रहने पर व्यक्ति मनोरोगी हो जाता है। इसके विपरीत सबके प्रति अच्छा भाव रखा जाए, अच्छे कर्म किए जाएं और अपने प्रत्येक कर्म को ईश्वर के प्रति समर्पित किया जाए, क्योंकि उन्हीं की शक्ति व प्रेरणा से व्यक्ति कुछ कर पाता है। ऐसे व्यक्ति का व्यक्तित्व गुणों की खान बनता चला जाता है और अपनी 1 जीवनयात्रा के चरम पर वह संत, महात्मा या है महापुरुष बन जाता है और अपने जीवन से दूसरों के जीवन को भी महकाता है।

वर्तमान समय में समाज जिन बुराइयों के घेरे में बंधा है, उनमें से एक नशे की प्रवृत्ति है। हमारे समाज की इस बुराई की वजह से युवाशक्ति का बुरी तरह क्षरण होता जा रहा है। नशे की वृत्ति व्यक्ति को अंदर से खोखला करती जाती है और उसे मृत्यु की तरफ ले देता है।

**-युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### सड़क, जो सोच बदल सकती है

सड़क की कमी का असर गांव के बुजुर्गों के दैनिक दिनचर्या में देखने को मिलता है। उनके लिए ये रास्ता एक बड़ा अभिशाप है। गांव की एक 72 वर्षीय बुजुर्ग मीणा देवी बताती हैं कि उन्हें गठिया की बीमारी है, जिससे उन्हें चलने फिरने में दिक्कत आती है। एक बार उन्हें शहर के अस्पताल जाना पड़ा। 8 किमी दूर अस्पताल पहुँचने में ही उन्हें तीन घंटे लग गए। इतनी तकलीफ देखकर उनका मन ही बैठ गया। वो कहती हैं कि 'अब मैं कहीं नहीं जाती, जो होगा यहीं होगा। वर्षा के दिनों में मंडी तक फसल पहुंचाना एक बड़ी चनौती होती है। इससे कृषि कार्य भी प्रभावित होता है।' वह कहते हैं कि -अच्छी सड़क के बिना हमने तो जीवन गुज़ार लिया, लेकिन गांव की नई पीढ़ी के विकास में जर्जर सड़क एक बड़ी बाधा है।

राजपुरिया जैसे राजस्थान के कुछ गांव आज भी ऐसे हैं जहां पक्की सड़क नहीं पहुंची है। जो रास्ता हमें स्कूल, अस्पताल, बाजार या बस स्टैंड तक ले जाता है, वह दरअसल सिर्फ मिट्टी, धूल और गड्ढों का एक लंबा, थकाऊ सफर है। बारिश में कीचड़ से लथपथ और गर्मियों में तपती हुई रेत से भरा ये रास्ता, हमारे जीवन का सबसे बड़ा अवरोध बन जाता है। सड़क का न होना सिर्फ लड़कियों की पढ़ाई को ही नहीं रोकता है, बल्कि ये उनके पूरे जीवन को सीमित कर देता है। 22 वर्षीय किशोरी सरिता कहती है कि -कॉलेज में लड़कियां जब अपने अपने गांव के विकास और उन्नत सड़क की वजह से शहर तक कनेक्टिविटी के बारे में बताती हैं तो मैं चुप हो जाती हूं क्योंकि मुझे पता है, मेरे सपनों और उन तक पहुंचने के रास्ते के बीच जो दूरी है, वो सिर्फ किलोमीटर की नहीं, टूटी सड़क के कारण आने वाली बाधाओं की भी है। हममें से कई लड़कियां अपने मन की बात कह भी नहीं पातीं। कहीं कोई सुनेगा भी नहीं क्योंकि सड़क नहीं होने का दुख कोई समझता ही नहीं, जब तक वो खुद उस रास्ते पर न चला हो।

लेकिन अब राजपुरिया गांव की किशोरियां सिर्फ शिक्षा नहीं चाहतीं, बल्कि सम्मान भी चाहती हैं और कभी-कभी सम्मान की पहली शर्त होती है सुरक्षित और बेहतर रास्ता। एक ऐसी पक्की सड़क, जो सिर्फ जमीन पर नहीं, बल्कि किशोरियों के जीवन में एक स्थायित्व और सुरक्षा का मार्ग बन सके। बातें सिर्फ चार दीवारों तक सीमित न रहें, बल्कि पक्की सड़क जैसी मजबूत और साफ होकर दुनिया तक पहुंचें। दरअसल रास्ते का वीरान होना, अंधेरा होना और 'रात को मत निकलो' जैसे वाक्य ये सब किसी इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी से कहीं ज्यादा, महिलाओं को 'घर तक सीमित' रखने वाली सोच का हिस्सा नजर आता है।

अगर पक्की सड़क न होने की वजह से लड़कियां स्कूल नहीं जा पाती हैं, तो यह सिर्फ शिक्षा का मुद्दा नहीं है बल्कि यह उनकी आजादी, पढ़ने का अधिकार और इज्जत से जीने की बात है। सड़क अगर नहीं है, तो इसमें सिर्फ ईंट और बजरी की कमी नहीं है बल्कि उस सोच की कमी भी है जहां लड़कियों के लिए सुरक्षित रास्ता कभी प्राथमिकता में रहा ही नहीं। लेकिन राजपुरिया गांव की लड़कियां अब बोल रही हैं, सवाल कर रही हैं और लिख रही हैं कि उन्हें एक पक्की सड़क के साथ-साथ समाज में एक पक्की सोच भी चाहिए, जो उन्हें एक बराबर का नागरिक माने।

**ममता शर्मा, लूणकरणसर राजस्थान**

**उल्टा पुल्टा**

चिंटू- मम्मी प्लीज ये रस्सी अपनी जीभ से काट दो।
मम्मी- बेवकूफ रस्सी जीभ से कैसे कट सकती है?
चिंटू- क्यों? कल ही तो पापा कह रहे थे कि आपकी जुबान कैची की तरह चलती है।

# शासन की योजनाओं से लोगों के जीवन में आ रहा बदलाव-धरमलाल

## धमनी में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए बिल्हा विधायक, जिले के प्रभारी सचिव मनोज पिंगुआ

### विभिन्न योजनाओं से हितग्राही हुए लाभान्वित, खिले चेहरे

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक और अपर मुख्य सचिव, जेल गृह विभाग एवं जिले के प्रभारी सचिव मनोज पिंगुआ सुशासन तिहार के तहत बिल्हा ब्लॉक के ग्राम धमनी में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। समाधान शिविर को संबोधित करते हुए श्री कौशिक ने कहा कि यह समाधान शिविर कई योजनाओं की जननी बनेगी। इन शिविरों में मिले फीडबैक से कई नई योजनाएं शुरू की जाएगी। शिविर मे विभागीय स्टॉलों से लोगों की समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बहुआयामी विकास के कार्य हो रहे हैं। शासकीय योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, एडीशनल एसपी श्रीमती अर्चना झा, एसडीएम बजरंग सिंह वर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। शिविर में 5154 आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई जिनमें से 5112 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है।

विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि चिलचिलाती धूप में मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्री, विधायक, अधिकारी-कर्मचारी सुशासन तिहार में जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं का निराकण कर रहे हैं। अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ ने कहा कि सुशासन तिहार कई नवाचारों में से एक नवाचार है। शिविर में आने वाले ग्रामीणों की सभी जरूरतें पूरी हो रही है। लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अपनी दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। अपने कामों की गति आगे भी बनाएं रखे। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में 15 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। इनमें भाटागांव, बिटकुली, बुंदेला, देवकिरारी, धमनी, गुमा, झाल, कड़ार, कया, नगपुरा, नगरोड़ी, परसदा, भाटागांव, सेंवार, तेलसरा और उमरिया के ग्रामीण शामिल हुए। प्राप्त आवेदनों में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड और शौचालय निर्माण की मांग की संख्या ज्यादा है।

शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड, श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी, राजस्व विभाग द्वारा किसान किताब, सहकारिता विभाग द्वारा किसान क्रडिट कार्ड, कृषि विभाग द्वारा लपेटा पाईप, स्प्रेयर, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जॉब कार्ड, मछली पालन विभाग द्वारा महाजाल एवं आईस बॉक्स सहित अन्य सामग्री का वितरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों ने शिविर में बड़ी संख्या में बीपी, शुगर की जांच कराई। स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा दवाईयों का वितरण किया गया।



## संपादकीय

### नशे के खिलाफ जागृति ज़रूरी

*हाल ही में छत्तीसगढ़ के कुछ मामले बतलाते हैं कि पुलिस की निगरानी तथा गिरफ्तारियों के बावजूद नशीले पदार्थों की तस्करी विभिन्न राज्यों से यहां हो रही है। यह प्रदेश में इसकी खपत और इस्तेमाल को बतलाता है जो जमकर होरहा है। हालांकि पुलिस द्वारा इस नेटवर्क को तोड़ने की यथासम्भव कोशिशें भी हो रही हैं। आशा है कि ड्रग्स के तस्करों की कार्यप्रणाली को समझते हुए पुलिस अपने प्रयास अनवरत जारी रखेगी। उम्मीद की जाती है कि उसे भविष्य में और भी सफलता मिले तथा राज्य मादक द्रव्यों से मुक्त हो।*

*इसका सेवन करने वालों, खासकर युवाओं को चाहिये कि किसी भी तरह के नशे में खुद को न झोंके। यदि लोगों द्वारा इनका इस्तेमाल ही नहीं होगा तो यह काला कारोबार अपने आप खत्म हो जायेगा। किसी भी तरह के नशीले पदार्थ सेहत के लिये खराब हैं तथा उनसे जीवन नष्ट होता है। पुलिस एवं सामाजिक संगठनों को चाहिये कि नशा मुक्ति तथा मादक पदार्थों के सेवन के खिलाफ जनजागरण की मुहिम को और भी तेज़ करें।*

*पिछले करीब हफ्ते भर के दौरान की गयी तीन अलग-अलग कार्रवाइयों में पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक मामले में उत्कल एक्सप्रेस से एक डिलीवरी बॉय को पार्सल के साथ पकड़ा गया जिसमें 8 ग्राम एमडीएम था। एक अन्य मामले में संपक क्रांति एक्सप्रेस से 3 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी। उत्कल एक्सप्रेस के तो पेंट्री के असिस्टेंट मैनेजर और संपर्क क्रांति के अटेंडेंट को भी गिरफ्तार किया गया है। इनमें ड्रग्स को आलू-प्याज के बीच छिपाकर लाया जा रहा था। एक अन्य मामले में तीन लोगों को दिल्ली से लाये नशीले पदार्थ के साथ रतनपुर-बेलतरा रोड पर बने नाके पर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।*

*एक अन्य मामले में बिलासपुर में तीन लोगों से 7 ग्राम कोकीन बरामद हुई। बताया गया कि यह सूखा नशा नाइट पार्टी के लिये मंगाया गया था। गिरफ्तार सप्लायरों से पता चला कि गोवा, पुणे, मुंबई आदि से नशीले पदार्थ छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। प्रदेश के विविध जिलों में इन्हें छोटे विक्रेताओं द्वारा भेजा जाता है, जिन्हें पैडलर कहा जाता है। अनुमान है कि जिस तरह से नशीले पदार्थों का धंधा फल-फूल रहा है उससे इनके सप्लायर और अन्य राज्यों से लाकर यहां खपाने वाले जमकर पैसा बना रहे हैं। कोकीन हो या टेबलेट अथवा अन्य कोई भी प्रकार, राज्य के लोग, विशेषकर युवा वर्ग इनका बड़े पैमाने पर आदी हो गया है।*

*नशीले पदार्थों के सेवन से समाज पर अनेक तरह से विपरीत प्रभाव पड़ रहे हैं। इससे जहां एक ओर उत्पादकता में कमी आती है तो वहीं अपराध बढ़ते हैं। नशे की सामग्रियां खरीदने के लिये युवा किसी भी हद तक जा सकते हैं। मार-पीट, चोरियों, हत्याओं जैसे अनेक अपराध नशे में डूबे लोग कर रहे हैं।*

## सार-संक्षेप



### उत्कृष्ट संरक्षित कार्य निष्पादन के लिए 2 संरक्षा प्रहरियों को डीआरएम ने संरक्षा पुरस्कार से किया सम्मानित

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। संरक्षित रेल परिचालन रेलवे प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। संरक्षित रेल परिचालन सुनिश्चित करने हेतु नियमित रूप से संरक्षा से संबन्धित विभिन्न जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। साथ ही मंडल क्षेत्राधिकार के अंतर्गत ड्यूटी के दौरान सजगता एवं सतर्कता के साथ उत्कृष्ट संरक्षित कार्य कर संरक्षा सुनिश्चित करने में सराहनीय योगदान देने वाले संरक्षा प्रहरियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इसी कड़ी में विगत दिनों ट्रेन मैनेजर रायगढ़ श्री शंकर सिंह सिदार ने तथा सहायक लोको पायलट खरसिया अरविंद मिश्रा द्वारा कार्य के दौरान बगल वाली लाईन में स्थित मालगाड़ी के एक वैगन में हॉट एक्सल देखकर सतर्कता दिखाते हुये तत्काल इसकी सूचना सर्वसंबन्धितों को देकर गाड़ी की संरक्षा सुनिश्चित की गई।

इस प्रकार इन दोनों संरक्षा प्रहरियों की सजगता से गाड़ियों की संरक्षित परिचालन सुनिश्चित हुई। इनके इस त्वरित संरक्षित कार्य के लिए इन्हें प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार के लिए वरि. मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन द्वारा अनुशंसा की गई। आज मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल ने इन दोनों संरक्षा प्रहरियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। मंडल रेल प्रबंधक द्वारा इनकी उत्कृष्ट संरक्षित कार्य की प्रशंसा की गई तथा प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर वरि. मंडल संरक्षा अधिकारी श्री साकेत रंजन भी उपस्थित थे।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

### आदिवासियों को लाभ दिलाने 15 जून से लगेंगे विशेष शिविर

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में जनजातीय बाहुल्य गांवों के समग्र विकास के लिए 02 अक्टूर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की थी। पीएम जनमन की तरह ही जनजातियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें जिले के सभी विकासखंड कोटा के 65, बिल्हा के 11, मस्तूरी के 13 एवं तखतपुर के 13 कुल 102 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में बुनियादी ढांचागत सुविधाओं और सेवा वितरण को पूरा करने 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक विशेष शिविर का आयोजन किया जावेगा। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान में 25 कार्यक्रम शामिल है। यह योजना केन्द्र और राज्य सरकार के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है। इसमें 17 विभाग शामिल है। प्रधानमंत्री जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका के क्षेत्र से जनजातीय परिवारों को जोड़कर उनके समग्र और सतत विकास को सुनिश्चित करना है।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक प्रस्ताव आमंत्रित

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाईन नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि यह पुरस्कार भारत सरकार द्वारा असाधारण प्रतिभा एवं उपलब्धियों वाले बच्चों को सम्मानित करने हेतु प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार साहस समाज सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, कला और संस्कृति एवं नवाचार के क्षेत्र में दिया जाता है। वे बच्चे जो 05 वर्ष एवं इस साल 31 जुलाई 2025 को 18 वर्ष से कम आयु के है और उपरोक्त क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दे चुके हैं, वे इस पुरस्कार के पात्र होंगे। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु ऑनलाईन पोर्टल में 01 अप्रैल 2025 से लाइव कर दिया गया है। आवेदन ऑनलाईन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।

## माया सेल्स के नाम से कंपनी खोल उसमें नौकरी दिलाने का झांसा दे 22 लोगों से 9 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। पुलिस ने एक ऐसे युवक को गिरफ्तार किया है जिसने एक सेल्स कंपनी खोलने और उसमें नौकरी देने का झांसा दे कई लोगों से करीब 9 लाख रुपए झटक लिए थे।



सोमवार को सत्यनारायण सांडे निवासी वार्ड 15 सारथी मोहल्ला बलौदा जिला जांजगीर चांपा द्वारा पुलिस को लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराया जिसमें उनके द्वारा आरोपी कामता मेहता के विरुद्ध माया सेल्स नामक कंपनी खोलने तथा उसमें नौकरी दिलाने के नाम पर करीब 22 लोगों से कुल 9 लाख रुपए लेकर ठगी करने के संबंध में लेख किया गया था जिस पर से आरोपी के विरुद्ध धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जिसकी जानकारी तत्काल जिले के पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को दी गई जिनके द्वारा तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए गए जिसके परिपालन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल और नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली प्रमोद सबद्रा के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी तोरवा के नेतृत्व में टीम गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी कामता मेहता को पकड़ा गया जिससे पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने से आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

**आरोपी**- कामता मेहता पिता संजय मेहता उम्र 28 साल पता बालकों नगर कोरबा वर्तमान पता अमेरी।

## अवैध खनिज उत्खननः 2 ट्रेलर 2 हाइवा 1 जेसीबी मशीन सहित 2 ट्रैक्टर जब्त

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिला बिलासपुर में खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एंव भण्डारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। खनिज अमला बिलासपुर द्वारा खपरी, कोहरौदा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। जहाँ खपरी अंतर्गत शिवनाथ नदी क्षेत्र से रेत का अवैध उतखनन कर परिवहन करते पाये गए 02 ट्रेक्टर वाहनों को थाना बिल्हा को सुरक्षार्थ किया गया।



खम्हरिया पेंडरी क्षेत्र मे निरीक्षण के दौरान पेंडरी स्थित शासकीय तालाब से खनिज मिट्टी का बिना अनुमति या प्रस्ताव के उतखनन करते पाये गए 02 हाइवा एंव 01 जेसीबी वाहन को सील बंद किया गया। गतौरी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान खनिज कोयला का अवैध रूप से भण्डारण पाया गया। जहाँ मौका स्थल पर भण्डारित कोयला,01 लोडर मशीन एंव 02 ट्रेलर वाहनों की जप्ती की कार्यवाही की गयी जिसमे से 01 ट्रेलर को थाना रतनपुर को सुरक्षार्थ किया गया। अवैध भण्डारकर्ता को खनिज नियमों के उल्लंघन किये जाने पर नोटिस चस्पा किया गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन,परिवहन, भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई जारी है।

## शिवसेना के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। शिवसेना के प्रदेश महासचिव सुनील झा के मार्गदर्शन में नगर महासचिव बिलासपुर रोमेश शर्मा के नेतृत्व में ग्राम दगोरी (बिल्हा) में भवानी चौक के पास स्थित खसरा न. 244/1 पटवारी हल्का न. 21 रकबा 2.50 एकड़ भूमि स्थित है जो कि राजस्व निस्तार पत्रक में छोटा झाड़ का जंगल दर्ज है उक्त भूमि को ग्राम कल्याण समीति दगोरी प.क्र. 12220232 7469 द्वारा विगत् 25 वर्षों से वृक्षारोपण जानवर मवेशी विचरण जैसे प्राकृतिक ग्रामीण सार्वजनिक निस्तारी हेतु ग्राम पंचायत दगोरी से प्रस्तावित करा कर बिल्हा तहसील से अनुमति लेकर समीति द्वारा प्याऊ जल जैसे और भी कई रूप में जनहित समाजसेवा करते आ रहे है, जिसे पुनित अभियान को आए दिन ग्राम दगोरी के ही भूतपूर्व सरपंच / वर्तमान जनपद सदस्य बिल्हा, राजकुमार साहू द्वारा बाधित् किया जाता है ताकि साजिशपूर्वक इस भूमि को कब्जा किया जा सके। जिसका पहले भी आवेदन दिया जा चुका है। जिस पर किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं किया गया है। जिससे इनकी हौसला बुलंद है। इस विषय को लेकर बिलासपुर शिवसैनिक द्वारा जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया जिसमें अशोक निषाद पुष्पेश कौशिक दुजराम यादव परमेश्वर गजेंद्र कौशिक दुर्गेश सिंह संजू साहू फूल सिंह केवट अभिलाष मानिकपुरी एवं महिला जिला प्रभारी बिलासपुर से माधुरी शर्मा उपस्थित थी!



## धमनी समाधान शिविर में रामकली और दुलौरिन की आंखों में आई चमक, चलने में सहारा देने के लिए मिली वॉकर

### बुजुर्गों के साथ निर्धन परिवारों को मिल रही वय वंदन योजना के तहत 5 लाख की स्वास्थ्य सहायता

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। बिल्हा ब्लॉक के ग्राम धमनी में मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर गांव वालों के लिए उम्मीद की नई किरण लेकर आया।शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को अपर मुख्य सचिव गृह ,जेल एवं जिले के प्रभारी सचिव श्री मनोज पिंगुआ और विधायक धर्मलाल कौशिक ने विभिन्न सामग्री का वितरण किया। शिविर में बुजुर्गों को चलने-फिरने में सहारा देने वाले उपकरण बांटे गए,साथ हीआयुष्मान वय वंदन योजना के तहत 5 लाख रुपये की स्वास्थ्य सहायता भी दी गई है जिससे जरूरत पड़ने पर उन्हें 5 लाख तक की स्वास्थ्य सहायता मिलेगी। बुजुर्ग महिलाओं ने त्वरित सुनवाई के लिए मुख्यमंत्री का जताया आभार।

ग्राम धमनी निवासी 78 साल की बुजुर्ग रामकली साहू और 75 साल की दुलौरिन बाई उन बुजुर्गों में शामिल थीं, जिनके लिए यह शिविर किसी वरदान से कम नहीं था। चलने में दिक्कत होने के कारण दोनों घरों में कैद जैसी जिंदगी जी रही थीं। लेकिन सुशासन तिहार के तहत आयोजित समाधान शिविर में उन्हें चलने के लिए सहारा मिला है दोनों बुजुर्ग महिलाओं को चलने के लिए न केवल वॉकर मिली बल्कि उन्हें वय वंदन योजना के तहत 5 लाख रुपए की त्वरित सहायता भी मिली है।



रामकली ने कहा— अब मंदिर तक पैदल जा सकूंगी वॉकर मिलने पर रामकली साहू की आंखें चमका उठीं। बोलीं बहू के सहारे रहती थी, अब मंदिर और चौपाल तक खुद जा सकूंगी। वहीं बुजुर्ग दुलौरिन बाई ने कहा उम्र के इस पड़ाव पर छड़ी ही एक सहारा था जिससे चलफिर पाती थी लेकिन वॉकर मिलने से अब चलना आसान होग। दुलौरिन बाई और रामकली ने खुश होकर बताया कि उन्हें वय वंदन योजना के तहत 5 लाख की स्वास्थ्य सहायता भी मिली है जिससे इस उम्र में आ रही स्वास्थ्य दिक्कतों के इलाज में मदद मिलेगी। दोनों बुजुर्ग महिलाओं ने कहा कि गांव में ही सुशासन तिहार में आवेदन देने के बाद उन्हें त्वरित रूप से सहायता मिली है जिसके लिए वे मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हैं।

# कलिंगा के कार्यालय में घुसकर बवाल, फुटेज के आधार पर चार गिरफ्तार

## इससे पहले सुपरवाइजर पर लगा था मारपीट का आरोप



कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर परियोजना अंतर्गत आउट सोर्सिंग पर काम कर रही कलिंगा कंपनी के कार्यालय में घुसकर बवाल और मारपीट करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया साइट पर वायरल हुआ। इसमें कलिंगा के स्टाफ से मारपीट करने वालों की पहचान वीडियो के आधार पर की गई। पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

बताया गया कि कलिंगा के स्थानीय प्रबंधक और उसके स्टाफ से मारपीट व गाली-गलौच करने का आरोप आलोक कुमार पटेल पिता धन सिंह पटेल 37 वर्ष, विजय कुमार यादव पिता जैतराम यादव 39 वर्ष, उदय प्रसाद पटेल पिता सूरज बली पटेल 30 वर्ष, सुरेश पटेल उर्फ मोटू पिता बाबूलाल पटेल 30 वर्ष पर लगा है। ये सभी भिलाईखुर्द के रहने वाले है। पुलिस ने इनके खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 191(2), 191(3), 296, 351(2), 115(2), 117(2) 324(4), 308(4), 241 के तहत अपराध दर्ज किया है। इस बारे में एलेश पी आनंद ने सूचना दी थी। 17 मई को वह काम कर रहा था। उसी दौरान आरोपी माइंस ऑफिस आए और एक साथ आवेदन दिया। इसी को लेकर इन लोगों ने चकधर मोहंती, दीपक डे से गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मारपीट में दोनों घायल हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 353 कायम किया।

वीडियो के आधार पर पुलिस ने प्रकरण में आरोपियों की खोजबीन की। पहचान के साथ इन्हें गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि विवेंचना एवं संकलित साक्ष्य के आधार पर प्रकरण में उक्त धारा के अतिरिक्त धारा 191(2), 191(3), 308(4), 333, 241, 117(2) जोड़ी गई है। प्रकरण में आरोपीयान आलोक कुमार पटेल, विजय कुमार यादव, उदय कुमार पटेल एवं सुरेश पटेल के विरूद्ध अपराध करना पाया गया और उन्हें जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

याद रहे इससे पहले मानिकपुर क्षेत्र में काम करने वाले कुछ व्यक्तियों के द्वारा कलिंगा के सुपरवाइजर पर मारपीट करने का आरोप लगाया गया था। इसे लेकर काफी हंगामा हुआ और शिकायत कराई गई। माना जा रहा है कि इस घटनाक्रम के बाद ही कलिंगा के स्टाफ को निशाने पर लिया गया। जिले में आऊट सोर्सिंग के काम में लगी कंपनियों में प्रबंधन और कामगारों के बीच काम के घंटे, वेतन और सेवा शर्त को लेकर हर दिन तमाशे हो रहे हैं। इस तरह की स्थिति आने वाले दिनों के लिए खतरनाक संकेत मानी जा रही है।

# रेलवे का सुरक्षा पर जोर, आरपीएफ ने की सघन जांच



कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। भले ही भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव कुछ कम हुआ है लेकिन सीजफायर से इनकार किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि खतरे कम नहीं है। इसलिए रेलवे ने अपने स्तर पर सुरक्षा को लेकर गंभीरता दिखाई है। आरपीएफ ने शीर्ष प्रबंधन के निर्देश पर अभियान चलाया है जिसमें कई चीजों को शामिल किया गया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत महत्वपूर्ण स्टेशनों को इस अभियान का हिस्सा बनाया गया है। इस कड़ी में कोरबा स्टेशन पर आरपीएफ ने जांच-पड़ताल की। स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, वेटिंग एरिया और टिकट काउंटर पर सघन जांच शुरू की गई है। अरसे बाद ऐसा हो रहा है जब लोकल और एक्सप्रेस ट्रेन से आना-जाना करने वाले यात्रियों के सामान की स्कैनिंग की जा रही है साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि सुरक्षा की स्थिति को लेकर स्थानीय पुलिस बल का सहयोग लिया जा रहा है। पुलिस मादक पदार्थ, विस्फोटक, ज्वलनशील पदार्थ और अवैध सामान की जांच कर रही है। कोरबा आरपीएफ ने आम लोगों व यात्रियों से कहा है कि यात्रा के दौरान सतर्क रहे। स्टेशन या ट्रेन में कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि दिखे तो तुरंत अधिकारियों को सूचित करें।

## सार-संक्षेप

### अश्लील वीडियो व मैसेज भेजा, अमरैय्या से आरोपी पकड़ाया



कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। सिविल लाइन पुलिस ने अमरैय्यापारा में दबिश देकर उस आरोपी को गिरफ्त में ले लिया है जो एक महिला को मोबाइल पर अश्लील वीडियो व मैसेज भेजकर लगातार परेशान कर रहा था। उसके खिलाफ आईटी एक्ट की धारा 67, 67 (ए) के तहत अपराध क्रमांक 299 दर्ज कर पुलिस ने आगे की कार्यवाही की।

पुलिस ने बताया कि आईटीआई रामपुर क्षेत्र में रहने वाली प्रार्थिया के द्वारा एक सप्ताह पूर्व 11 से 17 मई तक सरजपाल नामक व्यक्ति द्वारा अपने फेसबुक मैंसेंजर से उसके फेसबुक मैसेंजर पर अश्लील मैसेज व वीडियो पोस्ट किया। पीड़िता ने अपने परिजनों को इस बारे में जानकारी दी। यह सभी को असहज लगा। जिसके बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। जांच के लिए पुलिस ने प्रार्थिया का मोबाइल अपने कब्जे में लिया और आगे की कार्यवाही की। इस सिलसिले में पता चला कि संबंधित आरोपी दुर्गा पंडाल अमरैय्यापारा का सरजपाल है। पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। उसने स्वीकार किया कि पीड़िता की आईडी पर अश्लील मैसेज व वीडियो भेजा गया है। इस आधार पर उसे गिरफ्तार करने के साथ जेल भेज दिया गया।

### हसदेव बांगो परियोजना के लिए सांसद ने नियुक्त किया प्रतिनिधि



कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने जनहित से जुड़े मामलों में अपनी अनुपस्थिति में प्रतिनिधित्व के लिए फरियाद अली रिजवी को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जारी आदेश में बताया गया कि फरियाद अली रिजवी, पिता हाजी मसरू हुसैन, निवासी एचआईजी 08 नेहरू नगर, कोरबा, को हसदेव बांगो (जल संसाधन विभाग), जिला कोरबा हेतु सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। सांसद श्रीमती महंत ने कलेक्टर कोरबा को संबोधित पत्र में निर्देश दिया है कि जनहित से जुड़े मामलों में श्री रिजवी को अवगत कराया जाए और आवश्यक बैठकों की सूचना भी प्रदान की जाए।

### ममता रानी बनी सांसद प्रतिनिधि



कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने श्रीमती ममता रानी अग्रवाल को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित मामलों को लेकर उन्हें अपनी भूमिका निभाने को कहा गया है।

### लायंस क्लब एवरेस्ट के शिव अध्यक्ष, डॉ. नागेन्द्र सचिव बने



कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट की नई कार्यकारिणी का गठन कर लिया गया है। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शिव जायसवाल, सचिव डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा एवं कोषाध्यक्ष गजेंद्र राठोड़ को मनोनीत किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट के चार्टर सदस्य सुधीर सक्सेना, बीओडी मेंबर प्रत्युष सक्सेना, डॉ.संजना सक्सेना, कमल धारिया, अश्वनी बुनकर एवं नेत्र नंदन साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक के समापन के पूर्व शिव जायसवाल ने अध्यक्ष पद का दायित्व देने पर सबका आभार व्यक्त करते हुए अपने पद का पूरी ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

### बिजली व्यवस्था सुधारें नहीं तो चक्काजाम



कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। चेम्बर ऑफ कामर्स ने शहर की बिजली व्यवस्था पर नाराजगी जताई है और कहा है कि अगर जल्द ही पॉवर कट से लोगों को निजात नहीं मिली तो चक्काजाम किया जाएगा। वितरण कंपनी के कोई अधिकारी नहीं मिलने पर जन सूचना अधिकारी को चेम्बर ने ज्ञापन सौंपा। चेम्बर ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि बिजली कंपनी में अनेक कर्मचारी 10 साल से ज्यादा समय से है जो काम करने के बजाए टाइमपास कर रहे हैं इन्हें हटाया जाए। इस दौरान अध्यक्ष योगेश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरपी तिवारी, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश रामानी तथा उपाध्यक्ष विनोद सिन्हा उपस्थित थे।

# दो जगह लगे शिविर, 6 हजार आवेदन निराकृत

## विधायक पटेल ने शिविर को सेतु की संज्ञा दी



कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। सुशासन तिहार के अंतर्गत कटघोरा ब्लाक के पंडरीपानी व पाली ब्लाक के लाफा में समाधान शिविर आयोजित किए गए। इन दोनों स्थानों पर कुल 6 हजार आवेदन निराकृत किए गए। जबकि कुछ मामले तकनीकी कारणों से लंबित रह गए। पंडरीपानी में विधायक प्रेमचंद पटेल ने समाधान शिविर को शासन और जनता के बीच सेतु की संज्ञा दी।

जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती झूलबाई कंवर ने शिविर में अपनी बात रखी। शिविर में पंडरीपानी, डिंडोलभांठा, तेलसरा, ढपढप, नवागांवकला, धनरास, लोतलोता व छुरीखुर्द ग्राम पंचायतों के ग्रामीण एवं हितग्राही उपस्थित रहे। शिविर में कुल 1938 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 1915 मांग व 23 शिकायतें थीं। इनमें से 1851 मांग व 23 शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। शिविर में 22 राशन कार्ड, 5 जॉब कार्ड, 11 पेंशन आदेश प्रतियां, 6 किसान किताबें एवं 8 जाति प्रमाण पत्र हितग्राहियों को वितरित किए गए। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती शारदालता यादव एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, उपसरपंच, पंचायत सचिवगण, संजय शर्मा, रघुराज सिंह, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष गोविंद सिंह कंवर, रामप्रसाद कोराम, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रोहित सिंह, तहसीलदार श्रीमती प्रियंका चंद्रा, श्री साहू, जनपद सीईओ यशपाल सिंह,अतिरिक्त सीईओ खगेश कुमार निर्मलकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जबकि लाफा के शिविर में 8 ग्राम पंचायतों से प्राप्त 4310 आवेदन में से सभी आवेदनों का निराकरण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह ने सुशासन तिहार को जनकल्याण की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल बताया। अनुविभागीय अधिकारी सीमा पात्रे ने राज्य सरकार की नीतियों व सुशासन की भावना को विस्तार से बताया। जनपद सदस्य श्रीमती सुष्वमिता जगत, अंशुल सिंह कंवर, उत्तम सिंह, धर्मेन्द्रकुमार राज सहित क्षेत्र के सरपंचगण, जनप्रतिनिधि, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली भूपेन्द्र सोनवानी, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# युक्तियुक्तकरण मंजूर नहीं, 23 शैक्षिक संगठनों की बगावत



कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग में एक बार फिर बड़ी संख्या में स्कूलों के साथ-साथ वहां काम कर रहे शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण कार्यवाही की जा रही है। इसे शैक्षिक संगठनों ने नामंजूर कर दिया है। वे इस मामले को लेकर मंत्रालय का घेराव करने के मूड में है।

उन्होंने 28 मई को रायपुर में महानदी मंत्रालय का घेराव करने की घोषणा की। दावा किया जा रहा है कि एक लाख से अधिक शिक्षक इस प्रदर्शन में शामिल होंगे। उनकी मांग है कि शिक्षकों को एरियर्स सहित क्रमोन्नति वेतनमान, प्रथम सेवा गणना करते हुए पुरानी पेंशन बहाली, प्रशिक्षितों को प्रमोशन के लिए बीएड की अनिवार्यता में छूट और अन्य सभी प्रावधानों का लाभ दिया जाए। शिक्षक संगठनों का कहना है कि 2008 के सेटअप से छेड़छाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं करेंगे। केंद्र सरकार के शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत 2009 में यह शिक्षा विभाग का सेटअप लागू किया गया था। जिसमें प्राथमिक शाला में न्यूनतम 60 दर्ज पर कम से कम तीन शिक्षक अर्थात एक अनुपात दो। इसी प्रकार मिडिल स्कूलों में पांच शिक्षक अर्थात एक अनुपात चार। प्रांताध्यक्षगण केदार जैन, मनीष मिश्रा, संजय शर्मा, वीरेन्द्र दुबे, विकास राजपूत, कृष्णकुमार नवरंग एवं राजनारायण द्विवेदी ने कहा कि हाई व हायर सेकेंडरी स्कूलों में विषय आधारित शिक्षकों के अलावा दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों की वृद्धि 2009 के सेटअप अनुसार होनी चाहिए। इसी मामले को लेकर कोरबा में बीएड व डीएड संघ द्वारा प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने युक्तियुक्तकरण के खतरे से कलेक्टर को अवगत कराया।

# कितनी बेहतर है बैंकों में सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस ने किया परीक्षण



कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। आए दिन होने वाली विभिन्न प्रकार की घटनाओं के कारण लोगों को परेशानी होती है और बैंकिंग संस्थाओं का नाम खराब भी होता है। पुलिस ने इस बात को ध्यान में रखकर बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। पुलिस की टीमों ने मौके पर संसाधनों की जांच कर पूछताछ की।

पिछले दिनों थाना व चौकी स्तर पर किए गए सुरक्षा ऑडिट के दौरान बैंकों में खामियां पाई गई थी। इसके बाद प्रबंधकों को जरूरी व्यवस्था करने कहा गया। इसके लिए समय सीमा तय की गई। यही जानने के लिए पुलिस की टीम ने बैंकों का जायजा लिया। इस दौरान सायरन, सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड और आसपास की स्थिति को देखा गया। इन सभी चीजों का भौतिक व तकनीकी परीक्षण किया गया। प्रबंधन को कहा गया कि उनके परिसर में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान और जानकारी सुरक्षित रूप से संकलित की जाए। बैंक के अंदर और बाहर लगे सभी सीसीटीवी कैमरे पूर्णतः क्रियाशील एवं रिकॉर्डिंग स्थिति में होने चाहिए। सुरक्षा गार्ड का समय-समय पर चरित्र सत्यापन किया जाए तथा उनके पास प्रयुक्त हथियार चालू स्थिति में हों। बैंक के खुलने और बंद होने का समय निश्चित हो और उसका कड़ाई से पालन किया जाए। बैंक में प्रवेश करने वाले किसी भी व्यक्ति को चेहरा ढककर, हेलमेट या स्कार्फ पहनकर आने की अनुमति न दी जाए। अगर बैंक में कोई भी संदिग्ध नजर आता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को साझा करें।

# शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बिछेगा सड़कों का जाल : कलेक्टर



कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा है कि कोरबा जिले में डीएमएफ से 143 करोड़ रुपए की लागत से 22 सड़कें तैयार होगी। इनमें से कई शहरी क्षेत्र की है और कई ग्रामीण क्षेत्र की। सड़कों के बनने से हर तरफ कनेक्टिविटी बढ़ेगी और लोगों को सहुलियत होगी।

बताया गया कि सुशासन तिहार में सड़कों को लेकर लोगों से मांगे आई। इसे हमने स्वीकार किया और डीएमएफ की बैठक में 22 सड़कें बनाना तय किया। इनमें झगरहा-कोरकोमा-चचिया मार्ग (लंबाई 29 किमी) 29.80 करोड़ रुपये, ध्यानचंद चौक से बजरंग चौक तक दो लेन सीसी सड़क (2.84 किमी) 29.42 करोड़ रुपये, रामपुर से सिरली पहुंच मार्ग (8 किमी): 8.08 करोड़ रुपये,चैतुरगढ़ पर्यटन स्थल हेतु सीसी शोल्डर चौड़ीकरण (6.6 किमी) 5.33 करोड़ रुपये, घिनारा से खुंटाकुड़ा मार्ग (4.525 किमी) 5.80 करोड़ रुपये की लागत वाली सड़कें शामिल है। इनके अतिरिक्त पनगवा-जल्के, डोगरी-मुढ़ाली, पाथा-खरभहरा, जमनीपाली-गजरा, ओढालीडीह-तिलैहापारा, सीलीभुडु-कुदरीचिंगार, और सक्ती-कोरबा जैसे मार्गों को भी डीएमएफ मद से उन्नत किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि ये सभी सड़कें अच्छी क्वालिटी की होंगी। सड़कों के निर्माण से न केवल गांवों और शहरों के बीच संपर्क मजबूत होगा, बल्कि रोजगार और विकास के अवसर भी बढ़ेंगे।

## ईंट से वाहन टकराया, पांच जख्मी

कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। जिले के ग्राम भैंसमा के समीप छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के पास एक जबरदस्त हादसा हुआ हैं। वाहन अचानक अनियंत्रित हो समय सड़क के किनारे रखी ईट से टकरा गई। इस टक्कर के कारण वाहन में पांच लोग वाहन में ही फंस गए, इन्हें बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। तद्पश्चात घायलों को उचित इलाज हेतु मेडिकल कॉलेज कोरबा लाकर भर्ती कराया गया है। वाहन में संविधान बचाओ अभियान का स्टीकर लगा हुआ है, जिसके कारण प्रत्यक्ष दर्शियों को अंदेशा हैं कि यह वाहन जिला चांपा-जांजगीर में कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली में सम्मिलित रही होंगी।

# भारतीय राजनीति और शासन के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा अहिल्याबाई का जीवन




कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। लोकमाता पुण्यश्लोका महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी कोरबा द्वारा एकात्म परिसर में एक भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला भाजपाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई का जीवन आज भी भारतीय राजनीति और शासन के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उन्हीं पदचिन्हों पर चलते हुए देश में सुशासन स्थापित कर रहे हैं। कोरबा में भाजपा कार्यकर्ता अहिल्याबाई के आदर्शों को आमजन तक पहुंचाने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भारतीय नारी शक्ति की प्रतीक हैं। उन्होंने अपने स्त्रीधन से मंदिरों का पुनर्निर्माण कराया, विधवाओं के जीवन सुधार के लिए कदम उठाए और महिला सेना बनाकर नेतृत्व को बढ़ावा दिया। मोदी सरकार की योजनाएं जैसे उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत और जन-धन योजना उन्हीं आदर्शों को आगे बढ़ा रही हैं। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने जिस दूरदर्शिता, नीति-नैतिकता और जनकल्याण की भावना से शासन चलाया, वह आज के किसी भी लोकतांत्रिक शासक के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम का मंच संचालन संयोजक डॉ. राजीव सिंह ने किया। कार्यशाला में प्रमुख रूप से कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर, महापौर संजू देवी राजपूत, पूर्व महापौर जोगेश लाम्बा, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक चावलानी, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष पवन गर्ग, कार्यक्रम के सहसंयोजक हितानंद अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# डीएवी कुसमुंडा में सीबीएसई 12वीं का परिणाम रहा उत्कृष्ट



कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। डीएवी स्कूल कुसमुंडा में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम उत्कृष्ट रहा। कक्षा बारहवीं में विज्ञान संकाय से सौरभ साहू 87.8 प्रतिशत के साथ प्रथम, पलक 83.4 प्रतिशत द्वितीय एवं रोशनी ने 79.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान अर्जित किया। वाणिज्य संकाय से मानसी अग्रवाल ने 94.2 प्रतिशत के साथ प्रथम, गुलनजर ने 88 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा संस्कृति पटेल 87.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान हासिल किया।

इसके अलावा कक्षा बारहवीं के ही विद्यार्थियों आदित्य चौधरी, अमन सिंह, अरबजोत कौर, अंकित राठौर, सृष्टि गुप्ता, चंचल सिंह, सौम्य कश्यप, आइशल कौर, समीर कुमार प्रसाद ने उत्कृष्ट अंक अर्जित किए।

विद्यालय के प्राचार्य चंद्र मोहन पांडे और विद्यालय प्रबंधकारिणी अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक एसईसीएल कुसमुंडा प्रोजेक्ट एसटी पाटिल ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सभी विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शन के लिए स्कूल के शिक्षक-शिक्षिका एवं अपने माता-पिता का आभार व्यक्त किया।

# कॅरियर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट परिणाम



कोरबा, 20 मई (देशबन्धु)। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वी और 12वीं का परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। जिसमें कॅरियर पब्लिक स्कूल का बोर्ड परीक्षाओं में परिणाम गत वर्षों की तरह इस साल भी उत्कृष्ट सिंह ने 79.6 प्रतिशत प्राप्त करके तृतीय बच्चों के अच्छे प्रदर्शन को देखते हुए रहा है। कक्षा 10 वी में 43 एवं 12 वी स्थान प्राप्त किया।

इसी तरह कक्षा 12 विद्यालय के चेयरमेन मनीष राजोरिया की परीक्षा में 43 परीक्षार्थी शामिल हुए वी में नवीन साहू ने 90.4 प्रतिशत प्राप्त और डायरेक्टर प्रदीप जैन ने सभी थे।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती करके प्रथम, राधिका जोशी ने 85.8 प्रतिशत विद्यार्थियों, उनके शिक्षकों और किरण तिवारी ने बताया कि कक्षा 10 प्राप्त करके द्वितीय, मो. इमराना अली अभिभावकों को उनकी शानदार वी में लिलीमा नायक ने 89.6 प्रतिशत प्राप्त अंसारी ने 85.4 प्रतिशत प्राप्त करके तृतीय सफलता पर बधाई दी और उन्हें करके प्रथम श्रेयांश अग्रवाल ने स्थान तथा संस्कार शुक्ला ने 82.8 प्रतिशत लगातार शिक्षा के क्षेत्र में महान उचाईयों 82.6 प्रतिशत प्राप्त करके द्वितीय व प्रियांशी प्राप्त करके चतुर्थ स्थान प्राप्त किया पर पहुचने के लिए प्रेरित किया।

## सार-संक्षेप

### सुशासन तिहार में स्वास्थ्य मंत्री ने दिखाई सख्ती

#### बोले मै कसम खा रहा हूं अगर जनता को गुमराह किए तो ठीक नहीं होगा, 15 जून तक वन अधिकार पट्टा का करे निराकरण*




**एमसीबी/ खड़गवां,** 20 मई (देशबन्धु)। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड खड़गवां के ग्राम जरौधा में सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। शिविर में शासन की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। सभी विभागों से प्राप्त कुल 1,207 आवेदनों में से 1,020 का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि शेष 190 आवेदन प्रक्रियाधीन हैं। ग्रामीणों को बताया गया कि यह शिविर न केवल जानकारी देने का माध्यम है, बल्कि समस्याओं के तत्काल समाधान का भी एक मंच है। शिविर में सलका, फुनगा, मंगोरा, बेलकामार, कटकोना, सकड़ा एव जरौधा, के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने विभाग से संबंधित चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

ग्रामीण क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत द्वारा इससे अब ये परिवार नियमित रूप से सरकारी खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ ले सकेंगे। वहीं, स्वास्थ्य विभाग आयुष्मान भारत कार्ड प्रदान किए गए, जिसके माध्यम से वे अब नि:शुल्क इलाज की सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मीरा बाई, बसंती, सावित्री, रामवती, संगीता और संतोषी को गोद भराई योजना का लाभ दिया गया। साथ ही आयुष कुमार, नित्या, सुमित, शिवानी एवं प्रार्थना को सुपोषण टोकरी वितरित की गई, जिससे उनके पोषण स्तर को बेहतर बनाया जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान आयांश, रितविक, सुहानी, रितेश कुमार, कमलेश और भूमिका का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया गया, जिसमें बच्चों को पहली बार अन्न ग्रहण कराया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम पंचायत में आयोजित समाधान शिविर केवल जनसेवा के लिए है, न कि किसी राजनीतिक उद्देश्य के लिए। उन्होंने कहा,आप सब तेज धूप में इसलिए आए हैं क्योंकि आपको विश्वास है कि यहां आपकी समस्याओं का समाधान होगा। मंत्री जी ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खुद बस्तर और सरगुजा जैसे दुर्गम क्षेत्रों में शिविरों में पहुँचकर आम जनता की समस्याएं सुन रहे हैं। उन्होंने इसे सुशासन की मिसाल बताया। मंत्री जी ने कहा कि सरकार ने जो वादे किए थे, उन्हें निभाया है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की 70 लाख माताओं को ?जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि धान की पैदावार में करीब 10-11 रुपये प्रति किलो का खर्च आता है, और एक एकड़ में अगर औसतन 15 क्विंटल उत्पादन होता है तो लगभग 1 लाख रुपये खर्च आता है। ऐसे में सरकार की योजना से किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। मंत्री जी ने जोर देकर कहा कि सरकार द्वारा दिए गए 10,000 रुपये प्रति वर्ष की सहायता ष्प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनाष् के तहत आती है, और यह धन किसानों की मेहनत की कमाई का सम्मान है। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस पैसे का सदुपयोग करें दृ खेत की मेड़ बनवाने, ट्यूबवेल लगाने या उत्पादन बढ़ाने के लिए करें। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई भूमिहीन किसान है, जिसके पास जमीन नहीं है लेकिन वह खेती करता है, तो ऐसे लोगों को भी चिन्हित कर ?10,000 की सहायता दी जाएगी। इसके लिए एक अभियान चलाया जाएगा, जैसा कि बलौदा बाजार में हुआ है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित करें कि सभी पात्र किसान %प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना% के तहत लाभ प्राप्त कर रहे हैं। यदि किसी का चङ्खष्ट नहीं हुआ है, तो अगले शिविर में उसे पूरा किया जाएगा। साथ ही चेतावनी भी दी कि यदि इसमें लापरवाही हुई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री जी ने अंत में कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुँचना चाहिए, और इसमें ग्राम सेवकों और विस्तार अधिकारियों की भी जिम्मेदारी है कि वे लोगों को योजनाओं की जानकारी दें और उनका लाभ दिलाएं। मंत्री जी ने जनता को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी। मंच से घोषणा करते हुए उन्होंने बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के लिए अतिरिक्त कक्ष निर्माण और जिर्णोद्धार की मांग शासन को भेजी गई थी, जिसे सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। अपने संबोधन में मंत्री जी ने कहा कि ग्राम सलका स्थित प्राइमरी स्कूल के जिर्णोद्धार के लिए ?7.95 लाख की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह ग्राम पंचायत कटकोना में ?6.97 लाख की राशि से जिर्णोद्धार कार्य किया जाएगा।

ग्राम पंचायत मरुम मंगोरा पटपरिया पारा के जिर्णोद्धार हेतु ?6.85 लाख तथा ग्राम पंचायत सकड़ा टकतेवा पारा की प्राथमिक शाला में ?6.50 लाख की स्वीकृति मिली है।बेलकामार मिडिल स्कूल के जिर्णोद्धार हेतु ?7.95 लाख की राशि स्वीकृत की गई है, वहीं ग्राम पंचायत कटकोना के अंतर्गत महोरा प्राथमिक शाला, पहाड़पारा के लिए ?5.50 लाख शिविर मे एडीएम- अनिल सिदार,एसडीएम - विजयेंद्र सारथी, अध्यक्ष- श्याम बाई मरकाम, उपाध्यक्ष- विरेन सिंह करियाम,जनपद सदस्य- ममता सिंह, शिव रतन, रामवती,सरपंच-प्रदीप सिंह, प्रेम नारायण , फुल कुंवर, अशोक कुमार, जानकी, दुर्गावती, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खड़गवां के तीन ग्राम पंचायतों की पुरानी मांग का स्वास्थ्य मंत्री ने किया भूमिपूजन, लगभग 08 करोड़ की लागत से बनेगा पक्का सड़क



**चिरमिरी,खड़गवां,** 20 मई (देशबन्धु)। एमसीबी जिले के खड़गवां क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमिपूजन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के हाथों सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला सदस्य श्रीमति ममता सिंह, जनपद अध्यक्ष खड़गवां श्रीमति श्याम बाई मरकाम, जनपद उपाध्यक्ष खड़गवां वीरेंद्र सिंह करीयाम, जनपद सदस्य खड़गवां लाल सिंह पोया, जनपद सदस्य खड़गवां मनराज सिंह कमरों, सरपंच कटकोना प्रेम नारायण श्याम, सरपंच धवलपुर सोन कुंवर कमरों, सरपंच मेंड्रा रामभजन श्याम सहित स्थानीय स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। ज्ञात हो कि महत्वपूर्ण विकास कार्यों के भूमिपूजन अवसर पर पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पहले खड़गवां के कटकोना मुख्यमार्ग से पहाड़पारा तथा पहाड़पारा से कारीछापर मार्ग का पक्का सड़क निर्माण कार्य दूरी 3.10 किमी0, लागत 402.96 लाख का भूमिपूजन किए उसके बाद कटकोना ग्राम पंचायत से लगभग 27 किमी0 दूर मेंड्रा से धवलपुर नागसेमरापारा तक पक्की सड़क निर्माण कार्य दूरी 3.35 किमी0, लागत 373.12 लाख का भूमिपूजन किया गया।

इस खास मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री साय जी प्रदेश के कोने कोने में सड़कों का जाल बिछाने का काम कर रहे है। यहां भी पक्की सड़क की पुरानी मांग थी जो अब पूरी हो जाएगी, इससे पहले भी खड़गवां जनपद पंचायत अंतर्गत सैकड़ों पुल पुलिया और सड़को का निर्माण मेरे पुराने कार्यकाल में ही कराया गया था। उन्होंने आगे कहा कि मुझे खुशी है कि आज जिन दोनों सड़कों का भूमिपूजन किया गया है।

# चोरी की बाइक के साथ आदतन बाइक चोर पकड़ाया

## जूटमिल पुलिस ने चोरी व संगठित अपराध धारा में कार्रवाई कर भेजा जेल



रायगढ़, 20 मई (देशबन्धु)। थाना जूटमिल पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 18 मई को एक शातिर और आदतन बाइक चोर राहुल कालो को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पर पूर्व में भी चोरी के मामलों में कार्रवाई हो चुकी है, जिसे देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत राव ने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता (ठछै) की संगठित अपराध की धाराएं भी जोड़ी हैं।

मामले की शुरुआत 17 मई को हुई, जब सराईभद्दर जूटमिल निवासी संतोष साहू (25) ने थाना जूटमिल में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 16 मई की सुबह 7 बजे उसने अपनी लिवो होंडा मोटरसाइकिल (ब्ळ-13- ।श्र-3899) को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित पतंजलि गोदाम के सामने खड़ा किया था। जब वह 17 मई की रात करीब 3 बजे लौटा, तो बाइक वहां से गायब थी। इस सूचना पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि छातामुड़ा क्षेत्र में रहने वाला राहुल कालो चोरी की बाइक चलाते देखा गया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिया, जिसने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी के मेमोरेंडम पर पुलिस ने चोरी गई बाइक को बरामद कर लिया, जिसकी कीमत करीब 25,000 रुपये बताई गई है।

गिरफ्तार आरोपी राहुल कालो पिता सुग्रीव कालो (20 वर्ष), निवासी कुरूमकेल थाना लेफीपाड़ा जिला सुंदरगढ़ (ओडिशा), हाल मुकाम छातामुड़ा, थाना जूटमिल, पूर्व में भी थाना कोतवाली क्षेत्र में बाइक चोरी के प्रकरण में जेल जा चुका है। उसके लगातार अपराधों में लिप्त रहने और व्यवहार में सुधार नहीं होने को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने संगठित अपराध की धारा 112 ठछै को भी प्रकरण में जोड़ा है।

थाना जूटमिल के निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, आरक्षक सुशील यादव और नरेश रजक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस की इस तत्परता ने शहर में सक्रिय वाहन चोरों के खिलाफ सख्त संदेश दिया है।

# 20 साल से पुलिस को चकमा दे रहे हत्यारे समेत कई वारंटी गिरफ्तार

## पुलिस के विशेष अभियान में 296 स्थायी वारंट तामिल



**रायगढ़,** 20 मई (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में जिले भर में फरार स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए 4 मई से 18 मई तक 15 दिवसीय चलाए गए विशेष अभियान में उल्लेखनीय सफलता मिली है। इस अवधि में विभिन्न थानाक्षेत्रों से कुल 296 स्थायी वारंटियों की तामिली की गई, जिनमें कई आरोपी वर्षों से फरार चल रहे थे और कानून से बचते फिर रहे थे।

अभियान के दौरान थाना चक्रधरनगर के एक चर्चित प्रकरण में हत्या के आरोपी संतोष कहार को गिरफ्तार किया गया, जो वर्ष 2005 के अपराध क्रमांक 52ध्2005 में दोषसिद्ध होकर कारावास की सजा काट रहा था। वह पैरोल पर बाहर आने के बाद वापस जेल नहीं लौटा था और करीब 20 वर्षों से फरार था। पुलिस की टीम ने उसे इस विशेष मुहिम के तहत पकड़ने में सफलता प्राप्त की। इसी थाना क्षेत्र के एक अन्य आरोपी पर वर्ष 2007 के धोखाधड़ी के मामले क्रमांक 1678ध्2007 में वारंट लंबित था, जिसे भी गिरफ्तार किया गया। चैकी खरसिया के वर्ष 2007 के गृहभेदन (अपराध क्रमांक 255ध्2007), थाना खरसिया के 2009 के धोखाधड़ी (क्रमांक 278ध्2009), पुसौर थानाक्षेत्र के वर्ष 2013 के छेड़खानी (क्रमांक 102ध्2013), चैकी खरसिया और थाना घरघोड़ा के वर्ष 2015 के नकबजनी मामलों के आरोपी भी इस अभियान में गिरफ्त में आए। कई फरार आरोपी अन्य जिलों और प्रदेशों से भी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक श्री पटेल स्वयं प्रतिदिन इस अभियान की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उनके नेतृत्व में जिला पुलिस की टीमों ने तालमेल के साथ कार्य करते हुए अभियान को निर्णायक रूप से अंजाम दिया। अभियान में सर्वाधिक तामिली थाना जूटमिल द्वारा की गई, जहां 35 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद थाना चक्रधरनगर द्वारा 28, थाना घरघोड़ा ने 25 और धरमजयगढ़ ने 24 वारंट तामिल किए। अन्य थानों ने भी अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई। विशेष अभियान में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया है।

# सिलकोसिस पीड़ित बच्चों के लिये वरदान बना बीबीएच बैंगलोर

## जन चेतना के सहयोग से हो सका बीमार बच्चों का इलाज संभव



**रायगढ़,** 20 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के मस्कुलर डिस्ट्राफी एवं सिलिकोसिस जैसी लाईलाज गंभीर बिमारी से प्रभावित दो बच्चों कों स्वास्थ्य लाभ के लिए बंगलौर बी बी एच बंगलौर के `लदंचेम दमनतव बमदजमत हास्पिटल जन चेतना रायगढ़ के सहयोग से लाया गया जिसमें ऋषभ हंसराज पिता हेमंत हंसराज रायगढ़ एवं सालोंम अहिरवार पिता श्यामलाल अहीरवाल ग्राम पंचायत सुपा पुसौर रायगढ़ से, पिछले साल 2024 में भी इसी तरह से सीएमसी हॉस्पिटल वेल्लोर सामाजिक कार्यकर्ता राजेश त्रिपाठी जन चेतना रायगढ़ द्वारा लाया गया था काफी समय से मस्कुलर डिस्ट्राफी बिमारी से प्रभावित बच्चों के स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रयास किया जा रहा है।

जन चेतना रायगढ़ द्वारा `ड। स्पाइनल मस्कुलर एंट्रापी से प्रभावित छायकं नायक पिता नरेंद्र नायक ग्राम पंचायत तुरंगा पुसौर रायगढ़ के लिए प्रयास किया गया था जिनको 16 करोड़ का नानावटी अस्पताल मुंबई इलाज किया गया था अभी वर्तमान में छायाकं पहले से स्वस्थ हैं जन चेतना रायगढ़ द्वारा इस तरिके सतत प्रयास किया जाता रहा है सिलिकोसिस बिमारी के लिए सन 2015 में डा मुरलीधरन के सहयोग कैंप लगाया गया था जिसमें ग्राम पंचायत सराईपाली तमनार में सिलिकोसिस प्रभावित 24 मरीजों का चिन्हांकन किया था जिनका इलाज मेडिकल कॉलेज रायगढ़ एवं रायपुर में करवाया गया साथ मृत व्यक्ति के परिवार छत्तीसगढ़ सरकार 3--3 लाख रपए का सहयोग दिलवाया गया जिसमें रायगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता मीडिया एवं रायगढ़ के लोग सहयोग करते रहे हैं और जन चेतना रायगढ़ इस तरह के सहयोग की अपेक्षा सामाजिक कार्यकर्ता मीडिया एवं आमजनता से सहयोग की अपेक्षा करता हैं मुख्य रूप से जन चेतना रायगढ़ के पद्मनाभ प्रधान , सविता रथ, राजेश गुप्ता, शिव पटेल भोजमती राठिया शिक्षा स्वास्थ्य खाद्य सुरक्षा वन विधेयक कानून पर्यावरण संरक्षण सूचना का अधिकार पेसा एक्ट कानून ग्राम सभा शसक्तीकरण के मुद्दे के साथ साथ सिलिकोसिस एवं मस्कुलर डिस्ट्राफी को लेकर काम कर रहे हैं।

# औद्योगिक हादसे व प्रदूषण के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा

## कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**रायगढ़,** 20 मई (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल शुक्ला के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस प्रभारी महामन्त्री शाखा यादव के नेतृत्व में कल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलेक्टोरेट जाकर औद्योगिक नगरी रायगढ़ में पर्यावरण प्रदूषण समाधान और उद्योग इकाइयों के कार्यक्षेत्रों में आए दिन घटित जानलेवा घटनाओं पर संज्ञान लेकर कार्यवाही किए जाने बाबत कलेक्टर के नाम ज्ञापन एसडीएम रायगढ प्रवीण तिवारी को सौंपा।


इस दौरान शाखा यादव कहा कि रायगढ़ जिले कि देश और प्रदेश में बड़े उद्योगों के कारण अलग पहचान बना चुकी है। यहां से देश-विदेश में कोयले की निर्बाध सप्लाई भी हो रही है पर जिले के लोग बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण की मार झेल रहे हैं। यहां के बाशिन्दे फेफड़ों और अन्य प्रदूषण जनित व्याधियों से ग्रस्त हैं। जबकि स्थानीय विधायक ओपी चैधरी और पर्यावरण मंत्री इस ओर जरा भी गंभीर नहीं है। वहीं नित औद्योगिक इकाईयों में जानलेवा घटनाएं सुनाई में आ रही है। हाल ही में मां मनी उद्योग में 2 श्रमिकों की कार्य के दौरान मौत हुई। शाखा यादव ने बताया कि उद्योगों में उनके संयंत्र की तकनिकी त्रुटि ही इसकी मुख्य वजह होगी। औद्योगिक प्रबंधन को चाहिए कि वह संयंत्र के हर महत्वपूर्ण हिस्सों जहां श्रम नियोजित होता है उसका उचित सुरक्षा देखरेख और व्यवस्थापन समयानुसार करे ताकि कर्मचारी दुर्घटना से जान न गंवाएं। कांग्रेस ने कलेक्टर से अपने ज्ञापन के माध्यम से अपेक्षा की है कि पत्र में उल्लेखित सभी मुद्दों को जिला प्रशासन गंभीरता से लें व संयंत्र संचालकों को हिदायत दें ताकि उनकी चूक से जान गंवाने की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही संयंत्रों की चिमनी में अल्प प्रदूषण वाले धुंआ रोधी प्रदूषण नियंत्रक सिस्टम का इस्तेमाल नियमित हो जिससे आबादी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सेहत पर इस प्रदूषण का दुष्प्रभाव न पड़े। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस प्रभारी महामन्त्री शाखा यादव के साथ मुख्य रूप से पूर्व महापौर जानकी काटजू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष विकास ठेठवार, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानी चैहान, संगीता गुप्ता, नरेश जायसवाल, कांग्रेस प्रवक्ता रिंकी पांडेय, रंजना कमल पटेल, संजुक्ता सिंह, परदेशी चैहान, लखेश्वर मिरी, सत्यप्रकाश शर्मा, रमेश कुमार भगत, दयाराम धुर्वे, प्रमोद देवांगन, सोनू चैहान, राजेश कछवाहा, संतोष बोहिदार, वासु प्रधान, सुनीता मिंज, दीपक उरांव, सोनू पुरोहित, शारदा सिंह गहलोत, प्रमोद देवांगन, सोनू चैहान, लालचंद्र मौजूद थे।

# कुडुमकेला में 75 लीटर महुआ शराब जब्त

## आरोपी बालिक राम मांझी गिरफ्तार

## घरघोड़ा पुलिस की कार्रवाई

**रायगढ़,** 20 मई (देशबन्धु)। घरघोड़ा पुलिस ने कल ग्राम कुडुमकेला स्थित नवाडीह में दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध महुआ शराब जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 75 लीटर महुआ शराब, बिक्री की राशि और शराब निर्माण में उपयोग होने वाले बर्तन वगैरह बरामद किए गए हैं। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की गई है।



थाना प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस को सूचना मिली थी कि नवाडीह, कुडुमकेला निवासी बालिक राम मांझी अपने घर के बाड़ी में अवैध रूप से महुआ शराब रखकर बिक्री कर रहा है और लोगों को शराब पिला रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तत्परता से मौके पर दबिश दी। पुलिस को देख शराब पीने वाले कुछ लोग मौके से भाग निकले, जबकि आरोपी बालिक राम मांझी को पुलिस ने वहीं से पकड़ लिया। तलाशी में आरोपी के कब्जे से 50 लीटर, 20 लीटर और 10 लीटर क्षमता वाली जरिकेन में कुल 75 लीटर महुआ शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 11,250 रुपये है, बरामद की गई। साथ ही बिक्री की रकम 700 रुपये, शराब बनाने के तीन बर्तन, डिस्पोजल कप और पानी पाउच भी जब्त किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपी बालिक राम मांझी, पिता स्वर्गीय जनक राम मांझी, उम्र 42 वर्ष, निवासी नवाडीह, थाना घरघोड़ा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क), 34(ख) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बंद मकान में बुजुर्ग दंपत्ति की तीन दिन पुरानी मिली लाश



**रायगढ़,** 20 मई (देशबन्धु)। सोमवार की दोपहर एक मकान में बुजुर्ग दंपत्ति की तीन दिन पुरानी लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामला एक की गिरकर तो दूसरे की स्वाभाविक मौत होनें की आशंका जताई जा रही है। मामला चक्रधर नगर थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर चक्रधर नगर क्षेत्र के कसेरपारा में उस समय सनसनी फैल गई जब एक मकान में तीन दिन पुरानी एक रिटायर्ड शिक्षक गोपाल नगायच 78 साल एवं उसकी पत्नी सरस्वती नगायच 77 साल की लाश मिली। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि दो दिनों ये आसपास बदबू आ रही थी तो पहले उन्हें लगा कि नाली मे कचरा भर जाने से बदबू आ रहा होगा लेकिन आज दोपहर 1 बजे बुजुर्ग के बेटा उमाकांत नगाचय जो कि कोलकाता में रहता है उसने फोन करके बताया कि उनके पिता दो दिनों से फोन नही उठा रहे हैं। तब अनहोनी घटना की आशंका को देखते हुए जब उनके घर का दरवाजा तोडकर अंदर देखा गया तो जमीन में बुजुर्ग की लाश पडी हुई थी और बिस्तर में महिला की लाश पड़ी हुई थी।

# दो मासूमों की मौत के मामले में कलेक्टर की बड़ी कार्रवाई, बीएमओ सस्पेंड एवं अनुबंधित डॉक्टर को किया कार्यमुक्त

## कलेक्टर ने शोकाकुल परिजनों के घर पहुंचकर बंधाया ढांढ़स

## पीड़ित परिजनों को तत्काल आपदा-प्रबंधन के तहत 4-4 लाख की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की

**अम्बिकापुर,** 20 मई (देशबन्धु)। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रघुनाथपुर में दो मासूम बच्चों की मौत के बाद पोस्टमार्टम को लेकर लापरवाही और रुपये की मांग के गंभीर आरोप मामले में कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने त्वरित और सख्त कार्रवाई की है। इस मामले की जांच में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों की बड़ी लापरवाही उजागर हुई, जिसके चलते दो स्वास्थ्य अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई की गई है।

विगत दिनों ग्राम सिलसिला ढोढ़ा झरिया में एक हृदय विदारक घटना में मछली पालन के लिए बनाए गए गहरे और असुरक्षित गड्ढे में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। मृतक सूरज गिरी और जुगनू गिरी, दोनों पांच वर्षीय सगे चचेरे भाई थे। परिजनों ने आरोप लगाया कि रघुनाथपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात चिकित्सक ने पोस्टमार्टम के लिए प्रति शव 10-10 हजार रुपये की मांग की। पैसे नहीं देने पर शव का पोस्टमार्टम नहीं किया गया। सोमवार को जब ग्रामीणों ने दबाव बनाया और शिकायत की, तब जाकर पोस्टमार्टम किया गया। मामले की जांच के पश्चात प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरपुर के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राघवेंद्र चौबे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर नियंत्रण नहीं रख सके और अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह रहे। उनका यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के विपरीत पाया गया। अत: उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, अम्बिकापुर निर्धारित किया गया है और वे सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुर में पदस्थ डॉ. अमन जायसवाल, अनुबंधित चिकित्सा अधिकारी, को भी लापरवाही का दोषी पाया गया है। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उन्होंने भी अपने दायित्वों का निर्वहन समुचित रूप से नहीं किया और उनका आचरण भी सेवा नियमों के विरुद्ध था। फलस्वरूप उन्हें उनके दायित्वों से कार्यमुक्त कर दिया गया है और निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मामले में कलेक्टर ने स्वयं रघुनाथपुर पीएचसी सेंटर का निरीक्षण किया, साथ ही पीड़ित परिजनों के घर जाकर मुलाकात की और शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने पीड़ित परिजनों से चर्चा कर वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। और तत्काल आपदा-प्रबंधन आरबीसी 6/4 के तहत 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। कलेक्टर ने संवेदनशील मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करने की बात कही।

## सार-संक्षेप

### जनपद अध्यक्ष ममता राजीव ने समाधान शिविर में उठाए कई मुद्दे



**सारंगढ़,** 20 मई (देशबन्धु)। सारंगढ जनपत पंचायत क्षेत्र के ग्राम रेडा में आयोजित समाधान शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता राजीव सिंह ने ग्राम टिमरलगा बैरियर के पास शासकीय धर्मकांटा लगाने की मांग किया है क्योंकि यहाँ से अक्सर ओवन लोडेड वाहन आर पार होने की खबरें लगातार आती ही रहतीं हैं वहीं ग्राम टिमरलगा एवं गुडेली में वैध क्रसर, खदानों व चूनाभठ्ठा की जानकारी भी जनपद पंचायत अध्यक्ष ममता द्वारा मांगी गई हैं।

### जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय, कलेक्टर के साथ समाधान शिविर व नवधा रामायण में हुए शामिल

**सारंगढ़,** 20 मई (देशबन्धु)। कल जहाँ जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय डॉ संजय कन्नाजे कलेक्टर सारंगढ़ के साथ रेड़ा में आयोजित सुशाशन त्यौहार में शामिल हुए व प्राप्त आवेदनों व निराकरण की समीक्षा व आम नागरिकों से रूबरू होने के बाद राजापारा में आयोजित नवधा रामायण में प्रभु श्री राम जी के भंडारा में भोग प्रसाद ग्रहण किया वहीं आज जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय सारंगढ में अधिवक्ता रहते हुए सेवा निवृत्त न्यायाधीश रामकृष्ण बेहार व परिवार से भी मिले।

### एक राष्ट्र एक चुनाव से देश को मिलेगी स्थिरता-शिवरतन शर्मा




जांजगीर, 20 मई (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने मंगलवार को भारत जागरण मंच द्वारा आयोजित 'एक राष्ट्, एक चुनाव' विषयक प्रबुद्ध जन संगोष्ठी में कहा कि यह व्यवस्था देश को दीर्घकालिक स्थिरता और प्रशासनिक दक्षता प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव से न केवल संसाधनों की बर्बादी होती है, बल्कि विकास कार्य भी प्रभावित होते हैं। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' लागू होने से एक प्रतिशत से अधिक जीडीपी की बचत, इंफ्लेशन दर में गिरावट और स्वस्थ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित होगी।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि 1989 से 2014 तक देश राजनीतिक अस्थिरता से जूझता रहा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को स्थिर सरकार मिली, जिसने राष्ट्रहित में ऐतिहासिक निर्णय लिए। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल इस व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं, परंतु मोदी सरकार इसे लागू करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि इसमें 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की सभी संभावित चुनौतियों का समाधान सुझाया गया है। देश की 80 प्रतिशत जनता भी इस विचार के पक्ष में है। इस अवसर पर सांसद कमलेश जांगड़े, मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरतलाल मटियारा, पूर्व सांसद कमला पाटले, जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पुरुषोत्तम शर्मा व आभार अंबेश जांगड़े ने व्यक्त किया।

### पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार



जांजगीर, 20 मई (देशबन्धु)। चांपा थाना क्षेत्र के नया बस स्टैण्ड इलाके में एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

घटना 19 मई 2025 की शाम करीब 6.45 बजे की है, जब पीड़ित फल खरीदने नया बस स्टैण्ड गया था और अपने दोस्त के साथ बातचीत कर रहा था। इसी दौरान शंकर नगर चांपा निवासी रोहित सोनी (27 वर्ष) वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौच करने लगा। आरोपी ने अपनी मोटरसाइकिल की डिक्की से चाकू निकालकर पीड़ित पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। सूचना पर थाना चांपा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 109 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डे के निर्देशन में आरोपी रोहित सोनी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया, जिसके आधार पर घटना में प्रयुक्त चाकू को बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी आदतन अपराधी है और उसे गुंडा सूची में शामिल करने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है। इस कार्रवाई में निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता, उप निरीक्षक बी.एस. लकड़ा, प्रधान आरक्षक प्रकाश राठौर, आरक्षक माखन साहू, मुद्रिका दुबे, भूपेंद्र गोस्वामी व विरेश सिंह का योगदान रहा।

### एचएसआरपी नंबर लगवाने लगेंगे शिविर

**रायगढ़,** 20 मई (देशबन्धु)। रायगढ़ जिले मे जितने भी पंजीकृत वाहन है वे नये नम्बर प्लेट के लिए सीजी ट्रांसपोर्ट कि वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते है। वहीं परिवहन विभाग उद्योगिक क्षेत्रों में बकायदा शिविर लगाकर इस योजना को अमलीजामा पहनाने में जुटा हुआ है।

इस संबंध में जिला परिवहन् अधिकारी अमित कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि 2019 से पूर्व पंजीकृत वाहन में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाये जाने हेतु कल मंगलवार 20 मई को आर आर एनर्जी गढ़उमरिया तथा सिंघल स्टील पावर लिमिटेड तराईमाल रायगढ़ में शिविर का आयोजन किया जा रहा है जहाँ एचएसआरपी नंबर प्लेट हेतु आवेदन किया जाएगा। आसपास के गावों मे निवासरत ग्रामीण भी अपने कागजात लेकर पहुंचे और अपने वाहनों मे लगे नम्बर प्लेट के लिए आवेदन कर अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ लेवे। परिवहन् अधिकारी श्री कश्यप के अनुसार हाई सिक्यूरटी नम्बर प्लेट के लिए शहर के वाहन मालिक आधार कार्ड और अपने वाहन की आरसी बुक की फोटोकापी लेकर जिला परिवहन कार्यालय मिनी स्टेडियम तहसील कार्यालय के सामने आकर वहा बनाये गये डेस्क मे अपना आवेदन निर्धारित शुल्क जमा कर सकते है।

# जिला चिकित्सालय में कलेक्टर का औचक निरीक्षण

### डॉक्टरों की लेटलतीफी पर नाराजगी, दिए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश



जांजगीर, 20 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मंगलवार को जिला चिकित्सालय जांजगीर का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी में चिकित्सकों की विलंब से उपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए अनुपस्थित चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर उपस्थित रहने के स्पष्ट निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने मरीजों, उनके परिजनों एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए आए लोगों से चर्चा कर अस्पताल में मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली और फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने पंजीयन काउंटर की बढ़ती भीड़ को देखते हुए ऑपरेटरों की संख्या बढ़ाने और बिस्तरों की संख्या में वृद्धि हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अपर कलेक्टर को जिला चिकित्सालय एवं सभी एसडीएम को सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का साप्ताहिक निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा कर संबंधित एजेंसियों की बैठक लेकर कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए कहा। उन्होंने एसएनसीयू व अन्य आवश्यक विभागों में विद्युत कटौती की स्थिति में पावर बैकअप की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आइसोलेशन वार्ड को जन-सामान्य की पहुंच से दूर स्थानांतरित करने के निर्देश भी दिए।

पैथोलॉजी लैब में शासन द्वारा निर्धारित समस्त 114 जांचों को सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने डायलिसिस कक्ष, पोषण पुनर्वास केन्द्र एवं विभिन्न वार्डों का भी निरीक्षण कर भर्ती मरीजों एवं माताओं से चर्चा की और आवश्यक व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम सुब्रत प्रधान सहित जिला चिकित्सालय के चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

### कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों की हुई गहन समीक्षा



जांजगीर, 20 मई (देशबन्धु)। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों, मुख्यमंत्री जनदर्शन के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास योजना के कार्यों में प्राप्त शिकायतों का गंभीरता से जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के आगामी कार्य योजना बनाने सभी संबंधित विभाग के संबंधित अधिकारियों को कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत सिकल सेल प्रभावितों का सर्वे कर चिन्हांकन कर जनजागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा कर शेष आवेदनों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले में शतप्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं वय वंदना कार्ड बनाने हेतु शिविर लगाने एसडीएम, जनपद सीईओ एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को समन्वय कर तैयारी करने के निर्देश दिये।उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने एवं यातायात नियमों का पालन करने कहा। साथ ही जिला परिवहन अधिकारी को जिले में जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में खाद-बीज के उपलब्धता की जानकारी लेते हुए आवश्यकता एवं मांग के अनुरूप उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने हितग्राहीमूलक योजनाओं में ई-केवाईसी की प्रगति की जानकारी ली एवं शेष बचे हितग्राहियों का शतप्रतिशत ई केवाईसी करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना, राजस्व प्रकरणों सहित अन्य विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने मृत्यु प्रकरणों की आवश्यक जांच कर समय पर मुआवजा प्रदान करने कहा। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## एक माह पुराने मर्ग प्रकरण में हत्या का मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार



जांजगीर, 20 मई (देशबन्धु)। थाना बलौदा क्षेत्र में अप्रैल 2025 में हुई एक मारपीट की घटना, जिसमें घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी, अब हत्या के प्रकरण में तब्दील हो गई है। यह कार्रवाई जांजगीर-चांपा के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में की गई है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित पक्ष द्वारा पुलिस अधीक्षक को वीडियो फुटेज दिखाकर बताया गया कि मृतक शिवशंकर सारथी की मौत गोपाल सारथी द्वारा की गई मारपीट से हुई थी। फुटेज का गंभीरता से अवलोकन कर, पुलिस अधीक्षक ने तत्काल बलौदा थाना को मर्ग डायरी मंगाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए, बलौदा पुलिस ने घटना की जांच कर आरोपी गोपाल सारथी (28 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 11, रामनगर बलौदा को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। निरीक्षक मनीष तंबोली के नेतृत्व में बलौदा पुलिस टीम ने आरोपी के निवास पर दबिश दी और उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर 20 मई को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में प्रआर गजाधर पाटनवार, अनिल सिंह, आर हेमंत साहु, श्याम राठौर, प्रहलाद निर्मलकर, लखेश विश्वकर्मा एवं थाना बलौदा स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### ये था मामला

12 अप्रैल को घरेलू विवाद के चलते हुए झगड़े में मृतक शिवशंकर ने आरोपी गोपाल सारथी पर अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह जताते हुए गाली-गलौच व मारपीट की। इसके जवाब में गोपाल ने शिवशंकर के सिर को दीवार में मारा और फिर लातों से सिर पर गंभीर वार किए, जिससे शिवशंकर बेहोश हो गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसे बिलासपुर के रामकृष्ण अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान 16 अप्रैल को उसकी मृत्यु हो गई।

### स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में शिक्षकीय एवं गैर-शिक्षकीय पदों पर भर्ती हेतु वॉक-इन इंटरव्यू

एमसीबी, 20 मई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर द्वारा जारी विभिन्न आदेशों के तहत जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रिक्त शिक्षकीय एवं गैर-शिक्षकीय पदों पर अस्थायी नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इन पदों पर संविदा अथवा प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्ति की जाएगी।

जिले के जिन विद्यालयों में यह नियुक्तियां की जानी हैं, उनमें चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, भरतपुर, केल्हारी, नवापारा पोंड़ी, खड़गवां और पोंड़ी बचरा स्थित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल शामिल हैं। इन विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योग्य शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## ड्यूटी पर तैनात आरक्षक से अभद्रता

### आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायिक



जांजगीर, 20 मई (देशबन्धु)। थाना पामगढ़ पुलिस ने डायल 112 की टीम के शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं ड्यूटी पर तैनात आरक्षक से अभद्रता करने वाले आरोपी को त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, 25 अप्रैल की सुबह डायल 112 को सूचना मिली थी कि पामगढ़ थाना क्षेत्र के व्यासनगर में एक व्यक्ति द्वारा अश्लील गाली-गलौच कर लोगों को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। सूचना प्राप्त होते ही डायल 112 में तैनात आरक्षक मौके पर पहुंचे, जहां आरोपी शैलेन्द्र साहू (उम्र 34 वर्ष) निवासी व्यासनगर, पुलिस के समझाने पर भी नहीं माना और ड्यूटी पर तैनात आरक्षकों को धमकी देते हुए गाली-गलौच करने लगा। आरोपी की इस हरकत से शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। मौके पर मौजूद लोगों के हस्तक्षेप पर आरोपी वहां से फरार हो गया। आरक्षक की रिपोर्ट पर थाना पामगढ़ में आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 351(3), 221, 121(1), 132, 238 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। पामगढ़ पुलिस की टीम ने आरोपी को उसके निवास स्थान से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक मनोहर लाल सिन्हा, स.उ.नि. संतोष बंजारे, प्रआर. रामलाल मार्कण्डे, आर. टिकेश्वर राठौर, आर. दुर्गा जगत एवं थाना पामगढ़ स्टाफ का योगदान रहा।

## एनएमएमएसई में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनारी का शानदार प्रदर्शन

### तीन छात्रों ने मेरिट सूची में बनाया स्थान, छात्रवृत्ति से होगा भविष्य सुदृढ़





जांजगीर, 20 मई (देशबन्धु)। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, बनारी ने नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा (एनएमएमएसई) सत्र 2024-25 में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। विद्यालय के तीन प्रतिभाशाली छात्र मधु धीवर, जागेश्वर बरेठ एवं आयुष सिंह सिदार इस प्रतिष्ठित परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान बनाकर चयनित हुए हैं।

एनएमएमएसई केंद्र सरकार की एक महत्त्वपूर्ण छात्रवृत्ति योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी छात्रों को प्रोत्साहन देना है। इस योजना के अंतर्गत चयनित छात्रों को कक्षा 9 से 12 तक प्रति माह 1000 रू की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, जिससे वे अपनी पढ़ाई बिना किसी आर्थिक बाधा के जारी रख सकें। इस उपलब्धि की जानकारी संकुल प्राचार्य राहुल देव दिवाकर एवं संकुल शैक्षिक समन्वयक महेश गोस्वामी ने दी। उन्होंने बताया कि इस सफलता में विद्यालय की शिक्षिका कुमारी दीप्ति सिंह राठौड़ का मार्गदर्शन निर्णायक रहा। उन्होंने छात्रों को न केवल शैक्षणिक दिशा दी, बल्कि कठिन परिश्रम के लिए प्रेरित भी किया।

विद्यालय परिवार की ओर से प्रधान पाठक विजय चौबे, श्रीमती मंजूलता आजाद, परसराम सूर्यवंशी, राजूकुमार भारती एवं दिनेश सिंह ने तीनों विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सफलता न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा देने वाली है।

### मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत शासकीय बाल देखरेख

**अम्बिकापुर,** 20 मई (देशबन्धु)। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत जिला स्तर पर शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं एवं जिला स्तरीय चाइल्ड हेल्पलाइन के रिक्त पदों हेतु पात्र आवेदकों से 27 दिसम्बर 2024 तक आवेदन आमंत्रित किये गये थे। प्राप्त आवेदनों का चयन समिति के सत्यापन पश्चात मूल्यांकन प्रपत्र तैयार कर दावा आपत्ति 28 अप्रैल 2025 तक चाही गई थी।

## युवक पर चाकू से हमला

### पुरानी रंजिश में सीने पर किया वार, आरोपी गिरफ्तार



जांजगीर, 20 मई (देशबन्धु)। जिले के चांपा बस स्टैंड के पास सोमवार रात एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। पुरानी रंजिश के चलते आरोपी रोहित सोनी ने कोमल कुमार के सीने पर चाकू से वार किया। यह घटना रात करीब 8 से 9 बजे के बीच की है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल कोमल कुमार को तत्काल बीडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों के अनुसार चाकू सीने में गहराई तक नहीं गया, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। यदि वार थोड़ा और गहरा होता, तो दिल में छेद हो सकता था और जान भी जा सकती थी।

मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी रोहित सोनी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से ही 4-5 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना को लेकर क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन को अपराध नियंत्रण पर ज्यादा ध्यान देने की सलाह दी और कहा कि वाहन चेकिंग व वसूली से ज्यादा जरूरी है कि आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

## सामूहिक दुष्कर्म का मामला, चार हिरासत में

### पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर की जा रही है पूछताछ



जांजगीर, 20 मई (देशबन्धु)। जिले के चांपा थाना क्षेत्र में सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए और इस मामले में चांपा पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है।

सूत्रों की माने तो चांपा में रहने वाली साधारण परिवार की महिला के घर घुसकर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने की शिकायत पीड़िता द्वारा की गई, जिस पर पुलिस तुरंत एक्शन में आते हुए महिला द्वारा बताएं लोगों में से चार लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस इनसे गहन पूछताछ कर रही है। सूत्रों की माने तो पीड़िता की मानसिक दशा भी अच्छी नहीं बताई जा रही है, शायद इसी का फायदा उठाकर आरोपियों ने इस दुष्कृत्य को अंजाम दिया है। बहरहाल पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछताछ में जुटी है जिससे मामले का जल्द खुलासा होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

## लेबर लेकर जा रहा पिकअप पलटने से कई घायल

### घायलों का सिविल अस्पताल में चल रहा इलाज

### धरमजयगढ़-रायगढ रोड पर हुआ हादसा

रायगढ़, 20 मई (देशबन्धु)। लेबर लेकर जा रहा पीकआप पलटने से कई घायल, घायलों को सिविल अस्पताल में चल रहा इलाज। कोर्ट के शख्त आदेश के बाद भी मालवाहक वाहनों में सवारियों का लाना ले जाना जारी है।

आज धरमजयगढ़ रायगढ़ रोड पर एक पीकआप वाहन पलट जाने से कई सवारी घायल हो गये हैं।

मिली जारकारी अनुसार पीकआप वाहन में पत्थलगांव मुडापारा से लेबर लेकर ओंगना जा रहा था कि रायगढ़ रोड एफसीआई गोदाम के पास पीकआप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई।

पीकआप में 25 से 30 लोग सवार थे, लगभग लगभग सभी को चोंट आई है, घटना की जानकारी डायल 112 को देने पर डायल 112 और स्थानीय लोगों ने मोटर सायकल में घायलों को सिविल अस्पताल पहुंचाया है। जहां घायलों का इलाज डॉक्टरों द्वारा किया जा रहा है।

# देश विदेश

## अमेरिका शांति चाहता है जबकि कुछ यूरोपीय देश युद्ध : रुबियो

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने यह चौंकाने वाला दावा किया है कि कुछ यूरोपीय देश रूस-यूक्रेन युद्ध जारी रखना चाहते हैं। व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा आयोजित एक औपचारिक रात्रिभोज में केनेडी सेंटर के ट्रस्टियों को संबोधित करते हुए श्री रुबियो ने इस संबंध में रोम की हालिया यात्रा के दौरान एक कार्डिनल से हुई एक बातचीत का उल्लेख किया।आरआईए नोवोस्ती की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने एक कार्डिनल को उद्धृत करते हुए कहा, यह हमारे लिए बहुत ही असामान्य बात है। हमारे पास एक अमेरिकी राष्ट्रपति हैं जो शांति चाहते हैं और कुछ यूरोपीय लोग हैं जो लगातार युद्ध की बातें करते हैं।

### मोदी ने जर्मनी चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से फोन पर की बात, कहा-

# हम आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में एकजुट

**मैं भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं: नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



नई दिल्ली, 20 मई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जर्मनी के नए चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से फोन पर बातचीत की और उन्हें पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। इसकी जानकारी पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए दी।

उन्होंने भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसके साथ ही पीएम मोदी ने बताया कि भारत और जर्मनी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से बात की और उन्हें पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। भारत और जर्मनी के बीच रणनीतिक साझेदारी को और सुदृढ़ बनाने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। हम आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में एकजुट हैं।

इससे पहले भी प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज को जर्मनी के नए चांसलर बनने पर बधाई दी थी। पीएम मोदी ने 'एक्स' हैंडल पर लिखा था, जर्मनी के संघीय चांसलर के रूप में पदभार ग्रहण करने पर फ्रेडरिक मर्ज को हार्दिक बधाई। मैं भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। जर्मनी के नॉर्थ राइन-वेस्टफेलिया में 1955 में जन्मे, मर्ज ने कानून की पढ़ाई की और 1985 से 1986 तक सारलैंड की राजधानी सारब्रुकन में जिला न्यायालय में न्यायाधीश के रूप में कार्य किया। मर्ज ने साल 1989 से 1994 तक यूरोपीय संसद के सदस्य और 1994 से 2009 तक जर्मन बुंडेस्टाग या संसद के निचले सदन के सदस्य के रूप में कार्य किया। उन्होंने 2000 से 2002 तक सीडीयू/सीएसयू संसदीय समूह का नेतृत्व किया।

# वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में निवेश आवश्यक : गुटेरेस



**कोविड-19 महामारी ने सामूहिक तैयारियों में गहरी खामियों को उजागर किया है । जब तक सभी सुरक्षित नहीं हो जाते, तब तक कोई भी सुरक्षित नहीं है : एंटोनियो गुटेरेस**

**जिनेवा /नई दिल्ली,** 20 मई (एजेसियां)। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सभी के लिए समान स्वास्थ्य सेवा का आह्वान करते हुए कहा है कि वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में निवेश बहुत आवश्यक है। श्री गुटेरेस ने मंगलवार को जिनेवा में 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा समय में पहले से कहीं अधिक विश्व को एक सुसंगत वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे की आवश्यकता है जो संकटों पर तेजी से प्रतिक्रिया दे सके तथा सभी के लिए सुरक्षा और कल्याण को मजबूत कर सके। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने सामूहिक तैयारियों में गहरी खामियों को उजागर किया है । जब तक सभी सुरक्षित नहीं हो जाते, तब तक कोई भी सुरक्षित नहीं है।

इसको ध्यान में रखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बहुलवाद आधारित एक समझौता किया है जो सबको समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का आश्वासन देता है। श्री गुटेरेस ने कहा कि स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और दुनिया को सुरक्षित रखने तथा कमज़ोर लोगों की सेवा करने के साझा लक्ष्य के लिए एकजुट होना विश्व स्वास्थ्य संगठन का दीर्घकालिक मिशन है। यह ऐसे समय में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जब स्वास्थ्य और विकास के लिए धन में भारी कटौती की जा रही है और सैन्य खर्च रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया हो। उन्होंने कहा कि वर्षों की बातचीत और समझौते के बाद विशेष ऐतिहासिक समझौते पर विचार करने के लिए एक साथ हैं। वैश्विक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए वैश्विक प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है। यदि इसे अपनाया जाता है, तो यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के संविधान के तहत वैश्विक तंबाकू नियंत्रण सम्मेलन के बाद दूसरा अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि महामारियों के खिलाफ वैश्विक तैयारियों को मजबूत करने के लिए, स्वास्थ्य संबंधी खतरों का जवाब देने में समानता और एकजुटता सुनिश्चित करने और अगली पीढ़ी के लिए स्वास्थ्य को एक मौलिक मानव अधिकार के रूप में बनाए रखने के वादे को कायम रखने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का संबंध सिर्फ आपातकालीन स्थितियों ही नहीं है।

## सुडोकू 6919


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 6 | | | | 5 | |
| | | | | | 2 | 3 | | |
| 3 | 2 | | | | | 6 | 1 | |
| | | | 9 | 2 | | 7 | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | 4 | | 6 | 3 | | | |
| | 9 | 7 | | | | | 4 | 3 |
| | | 8 | 7 | | | | | |
| | 4 | | | | 1 | | 2 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6919



**बायें से दायें:-**

१.व्यापार (उर्दू)
३. जो सुनने में अप्रिय लगे
५. दाखिल, भीतर घुसा हुआ
६. सलाहकार
७. कारखाना
९. चाल, गति, वेग (उर्दू)
१०. विशेष लक्षणों से युक्त, अलौकिक
१२. झोंके के साथ दिया गया धक्का, जोर से दिया गया आघात
१३. बाजू, कांख, पहलू, पार्श्व, कपड़े का टुकड़ा जो अंगरखे कुरते आदि में कंधे के नीचे लगाया जाता है
१४. घायल और मृत
१६. धतूरा, स्वर्ण
१८. माया, जादू (उर्दू)
२०. धनहीन, दरिद्र
२१. सूर्य की किरण
२३. कशिश

**ऊपर से नीचे:-**

१. पंचांग, कैलेण्डर
२. उदारमना (उर्दू)
३. तकलीफदेह
४. झगड़ालू स्त्री
५. वर्णन, प्रतिपादन, प्रसंग
८. फायदेमंद
१०.बेचने वाला
११. माफ किया हुआ
१२. क्षणिक, अधूरा दर्शन
१३. उपद्रव, बखेड़ा (उर्दू)
१४. षडयंत्र, साजिश
१५. गर्भ (उर्दू)
१७. नृत्य करने वाला
१८. टीका, माथे पर लगाया गया चदन आदि का निशान
१९. याद करना
२२. ईश्वर, खुदा (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6918

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ श | शि | २ कां | त | ■ | ■ | ३ अं | ध | ४ का | र |
| त | ■ | ति | ■ | ५ कु | त्सि | त | ■ | र | ■ |
| ६ प | त्थ | र | दि | ल | ■ | ७ रि | क्थ | क | ८ र |
| दी | ■ | हि | ■ | ९ दे | हां | त | ■ | ■ | सा |
| ■ | १० अ | त | ११ ए | व | ■ | ■ | १२ वि | मु | ख |
| ■ | ग | ■ | कां | ■ | १३ त | था | पि | ■ | न |
| १४ स | ला | १५ म | त | ■ | त्स | ■ | १६ न | १७ फा | ■ |
| वि | ■ | हा | ■ | १८ सु | म | १९ न | ■ | स | ■ |
| २० न | क्का | रा | ■ | ग | ■ | २१ वा | र्ता | ला | २२ प |
| य | ■ | २३ ज | ग | म | गा | ना | ■ | ■ | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : बुधवार 21 मई , 2025 ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 9**

### राशिफल

मेष - आज दिन शुभ रहेगा। आप स्नेहीजनों, आत्मीयजनों एवं मित्रों के साथ सामाजिक कामों में व्यस्त रहेंगे। मित्रों की ओर से लाभ होगा एवं उनके पीछे धन भी खर्च होगा।

वृषभ - आज आपका दिन अच्छा गुजरेगा। आज आप नए कामों का आयोजन कर पाएंगे। नौकरी करने वालों एवं प्रोफेशनल्स के लिए दिन अच्छा है। नौकरीपेशा लोगों पर अधिकारियों की कृपादृष्टि रहेगी।

मिथुन - समय आपके अनुकूल नहीं होने के कारण आपके काम पूरे होने में देर होगी। आपके शरीर में थकान का अनुभव रहेगा। किसी तकलीफ से परेशान हो सकते हैं। ऑफिस में अधिकारी के नकारात्मक व्यवहार का शिकार बनेंगे।

कर्क - नकारात्मक मानसिकता के कारण आज निराशा अनुभव करेंगे। बाहर खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होने की आशंका बनी रहेगी। आपके गरम मिजाज पर अंकुश रखना होगा। परिजनों के साथ भी मतभेद हो सकता है।

सिंह - पति- पत्नी के बीच मामूली कारणों को लेकर मतभेद हो सकता है। जीवनसाथी का स्वास्थ्य चिंता का कारण होगा। सांसारिक विषयों में आपका मन नहीं लगेगा।

कन्या - आपका तन-मन स्वस्थ रहेगा। घर में सुख- शांति का वातावरण रहेगा। आपको खुशी, वित्तीय लाभ तथा कार्य में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में भी अच्छा लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

तुला - आज आप अपनी सृजनशीलता और कल्पनाओं का बहुत अच्छी तरह उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति से खुशी का अनुभव करेंगे। किसी बात का अत्यधिक विचार करने से मन उदास रह सकता है।

वृश्चिक - आज आप तन-मन से अस्वस्थता महसूस करेंगे। छोटी- बड़ी चिंता आपको सता सकती है। कुटुंबजनों तथा सम्बंधियों के साथ मतभेद हो सकता है। मां का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

धनु - आप आध्यात्मिक विषयों तथा रहस्यमयी विद्याओं की तरफ आकर्षण महसूस करेंगे। कोई काम करना चाहते हों, तो समय आपके अनुकूल रहेगा। अपने घर में मित्रों तथा संबंधियों का स्वागत करके आनंद अनुभव करेंगे।

मकर - आपको वाणी और व्यवहार पर अंकुश रखना चाहिए। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद न हो इसका ध्यान रखें। शेयर बाजार में निवेश करने की योजना बना सकेंगे। आपको वित्तीय लाभ हो सकेगा।

कुंभ - आपका दिन उत्साह से भरपूर रहेगा। परिजनों, मित्रों और सगे- सम्बंधियों के साथ आपका घरेलू वातावरण सुखद रहेगा। आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। घूमने जाने या प्रवास पर्यटन की योजना बन सकती है।

मीन - आर्थिक विषय और पूंजी निवेश में आपको विशेष ध्यान रखने पड़ेगा। आपका ध्यान विचलित होगा और बेचैनी अनुभव होगा। आध्यात्मिक काम के पीछे खर्च हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# 'ट्रम्प-पुतिन की बातचीत 'बहुत अच्छी' रही'



**रूस और यूक्रेन दोनों पक्षों द्वारा मसौदा तैयार किया जाएगा, इन दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया जाएगा और फिर एक एकल पाठ विकसित करने के लिए कठिन संपर्क किए जाएंगे : दिमित्री पेस्कोव, रूस प्रवक्ता**

**मॉस्को/वाशिंगटन,** 20 मई (एजेंसियां)। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रम्प के बीच फोन पर हुई बातचीत पर कहा है कि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच वार्ता बहुत अच्छी रही और अमेरिका यूक्रेनी समझौते पर मध्यस्थता से पीछे नहीं हट रहा है। श्री पेस्कोव ने कहा कि बेशक, बहुत प्रभावी मध्यस्थता सेवाएं प्रदान की संपर्क स्थापित किया गया है और अब, वास्तव में, सीधा संपर्क साधा जा रहा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि रूस और यूक्रेन को शांति संधि और युद्ध विराम पर ज्ञापन तैयार करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन दोनों पक्षों द्वारा मसौदा तैयार किया जाएगा, इन दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया जाएगा और फिर एक एकल पाठ विकसित करने के लिए कठिन संपर्क किए जाएंगे। प्रवक्ता ने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच ज्ञापन तैयार करने की कोई समय सीमा नहीं है और इसकी समय सीमा एक हो नहीं सकती। इससे पहले श्री पुतिन ने कहा था कि रूस यूक्रेन के साथ एक ज्ञापन पर काम करने के लिए तैयार है। रूसी प्रवक्ता ने कहा कि फोन पर बातचीत के दौरान श्री पुतिन और श्री ट्रम्प ने रूस और यूक्रेन के बीच सीधे संपर्क जारी रखने के विषय पर चर्चा की, जिसमें शीर्ष स्तर पर संपर्क शामिल है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि बेशक, सीधे संपर्क के विषय और रूस और यूक्रेन के बीच सीधे संपर्क जारी रखने के विषय पर चर्चा की गई। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिकी मध्यस्थता के साथ रूसी राष्ट्रपति और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच द्विपक्षीय बैठक पर चर्चा की गई थी। इस पर श्री पेस्कोव ने कोई सकारात्मक जवाब नहीं दिया, बस 'बेशक' कह कर आगे निकल गए।

## रूस और उत्तर कोरिया आपसी संबंधों को करेंगे मजबूत

**मास्को/प्योंगयांग।** रूस और उत्तर कोरिया ने इस वर्ष के अंत तक कई उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडलों का आदान-प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, जिससे दोनों देशों के बीच संबंधों को और मजबूत किया जा सके। रूसी राजदूत अलेक्जेंडर मात्सेगोरा के अनुसार यह आदान-प्रदान दो महत्वपूर्ण अवसरों पर केंद्रित होगा- 15 अगस्त को कोरिया की मुक्ति की 80वीं वर्षगांठ और 10 अक्टूबर को कोरिया की वर्कर्स पार्टी की स्थापना की 80वीं वर्षगांठ। ये वर्षगांठें प्योंगयांग के लिए ऐतिहासिक और राजनीतिक महत्व रखती हैं। रूस के राजदूत ने इज़वेस्टिया अख़बार के पत्रकारों को बताया कि प्रमुख अवसरों में 15 अगस्त को कोरिया की जापानी शासन से मुक्ति की 80वीं वर्षगांठ और 10 अक्टूबर को उत्तर कोरिया की वर्कर्स पार्टी की स्थापना की 80वीं वर्षगांठ शामिल हैं। यह दौरे इन ऐतिहासिक अवसरों से आगे भी जारी रहेंगे, जिससे दोनों देशों के बीच राजनीतिक तथा राजनयिक सहयोग और मजबूत होगा। रिपोर्टों के अनुसार, उत्तर कोरिया ने रूस को यूक्रेन युद्ध में इस्तेमाल के लिए बड़ी मात्रा में गोले और सैन्य साजो-सामान भेजे हैं। बदले में रूस आर्थिक और तकनीकी मदद दे सकता है। यह बढ़ती साझेदारी पश्चिमी देशों के लिए चिंता का कारण बनी हुई है, जो इसे संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का उल्लंघन मानते हैं।

## गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में 50 लोगों की मौत

**यरूशलम,** 20 मई (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में सोमवार की आधी रात से हुए इजरायली हमलों में कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई है।

यह जानकारी अल जजीरा ने मंगलवार को फिलिस्तीनी चिकित्सा सूत्रों के हवाले से दी। इजरायल गाजा शहर, उत्तरी और मध्य गाजा पर बमबारी कर रहा है। गाजा शहर में शरणार्थियों को आश्रय देने वाले मूसा बिन नुसैर स्कूल पर हुए हमले में 12 लोग मारे गए। डेर अल-बलाह शहर में आवासीय भवनों पर हुए हमलों में 13 अन्य लोग मारे गए, जबकि नुसेरात शरणार्थी शिविर पर हुए हमले में 15 लोग मारे गए। गाजा स्वास्थ्य प्राधिकरण ने कहा कि 18 मार्च को इजरायल ने फिलिस्तीनी क्षेत्र पर पुन: गोलाबारी शुरू कर दी, जिसके बाद से गाजा पट्टी में कुल 3,300 से अधिक लोग मारे गए हैं जबकि 9,300 से अधिक लोग घायल हुए हैं। गाजा के नागरिक सुरक्षा बलों ने रविवार को चेतावनी दिया था कि अगर उन्हें अपने वाहनों के लिए ईंधन नहीं मिला तो इजरायली बमबारी बढ़ने के कारण वे 72 घंटों के भीतर वहां की जनता को सहायता प्रदान करना बंद करने पर बाध्य हो जाएंगे।

## बांग्लादेश करेगा 1 वस्तुओं के आयात शुल्क में कमी



**ढाका,** 20 मई (एजेंसियां)। बंगलादेश की अंतरिम सरकार आगामी बजट में कम से कम 100 प्रकार की वस्तुओं पर आयात शुल्क में कमी करने की तैयारी कर रही है, ताकि अमेरिका द्वारा लगाए गए अतिरिक्त शुल्कों के बीच ट्रंप प्रशासन के साथ बातचीत के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया जा सके। बंगलादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने राष्ट्रीय राजस्व बोर्ड (एनबीआर) की बैठक में इससे संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। इस बैठक में वित्तीय सलाहकार, एनबीआर के अध्यक्ष तथा आयकर, मूल्य वर्धित कर (वैट) और सीमा शुल्क के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मौजूद एक अधिकारी ने मीडिया को बताया कि अमेरिका से आयात की जाने वाली 100 वस्तुओं पर शून्य शुल्क का प्रस्ताव है, जिससे अमेरिका को फायदा होगा। इन वस्तुओं में तेल, गैस, हथियार, लड़ाकू विमान के पुर्जे और मिसाइल जैसी लगभग 15-16 वस्तुएं भी शामिल हैं जिन्हें आमतौर पर केवल सरकार द्वारा या व्यापार घाटे को कम करने के लिए खरीदा जाता है।

### सुडोकू 6919 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 9 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 8 |
| 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 4 |
| 8 | 6 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 3 | 5 |
| 9 | 7 | 4 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 1 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 |
| 2 | 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 |

## आज का इतिहास

1758-मैरी कैम्पबेल को फ्रांसीसी और भारतीय युद्ध के दौरान पेनसिल्वेनिया में अपने घर से लेनाप द्वारा अपहरण किया गया।
1864-अमेरिकन सिविल वॉर-द यूनियन एंड कॉन्फेडरेट सेनाओं ने बैटल ऑफ स्पॉट सिल्वेनिया कोर्ट हाउस में ड्रॉ लड़ा, जिसमें लगभग 32,000 लोग हताहत हुए।
1879-पोप जॉन आठवें ने आधिकारिक तौर पर क्रोएशिया को एक स्वतंत्र, और ब्रानिमिर को अपने ड्यूक के रूप में मान्यता दी।
1881-क्लारा बार्टन ने वाशिंगटन डीसी में अमेरिकन रेड क्रॉस की स्थापना की।
1881-अमेरिकी रेड क्रॉस क्लारा बार्टन द्वारा स्थापित किया गया।
1881-यूएस नेशन लॉन टेनिस एसोसिएशन की स्थापना हुई।
1894-मैनचेस्टर शिप नहर, नॉर्थवेस्ट इंग्लैंड में ग्रेटर मैनचेस्टर को आयरिश सागर से जोड़ता है, आधिकारिक तौर पर खोला गया, उस समय दुनिया में सबसे बड़ी नहर नहर बन गई।
1904-फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन, एसोसिएशन फुटबॉल की शासी निकाय खेल, स्थापना पेरिस था।
1904-पेरिस में फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) की स्थापना हुई।
1911-मैक्सिकन राष्ट्रपति पोर्फिरियो डिआज़ और क्रांतिकारीफ्रांसिस्को मादेरो ने दोनों पुरुषों की सेनाओं के बीच लड़ाई को समाप्त करने के लिए स्यूदाद जुआरेज़ की संधि पर हस्ताक्षर किए, और इस तरह मैक्सिकन क्रांति के समापन चरण का समापन हुआ।
1917-संयुक्त राज्य अमेरिका में 1917 में ग्रेट अटलांटा की आग में 300 एकड़ नष्ट हो गए।
1918-अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने महिलाओं को मतदान की अनुमति दी।

**चुनाव** *लेबर पार्टी ने वर्ष 2007 के बाद पहली बार चुनावी जीत हासिल की है*

# आस्ट्रेलिया में संघीय चुनावों के बाद 38 वर्ष पुराना गठबंधन टूटा

**कैनबरा, 2 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया में संघीय चुनावों में ऐतिहासिक हार के कारण नेशनल पार्टी के लिबरल पार्टी के साथ फिर से समझौता न करने की घोषणा के साथ ही देश का 38 वर्ष पुराना रूढ़िवादी गठबंधन टूट गया है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन की लिबरल पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन को चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। लेबर पार्टी ने वर्ष 27 के बाद पहली बार चुनावी जीत हासिल की है और विपक्षी नेता एंथनी अल्बानीस नए प्रधानमंत्री बन सकते हैं।**

**■ हम पीछे देखने की बजाय आगे देखेंगे और कोशिश करेंगे : लिटिलप्राउड**



नेशनल पार्टी के नेता डेविड लिटिलप्राउड ने आज यहां कहा कि पार्टी ने 48वीं संसद के लिए नए गठबंधन समझौते में शामिल नही होने का फैसला किया है क्योंकि लिबरल पार्टी की नई नेता सुसान ले के साथ बातचीत विफल हो गई है।

गौरतलब है कि ऐसा तीन मई को हुए चुनाव के बाद हुआ है जिसमें सत्तारूढ़ केंद्र-वाम लेबर पार्टी ऐतिहासिक रूप से भारी मतों से फिर से निर्वाचित हुई थी। इस बीच कैनबरा में संवाददाताओं से श्री लिटिलप्राउड ने कहा, "नेशनल पार्टी सैद्धांतिक रूप से अकेली बैठेगी। हम पीछे देखने की बजाय आगे देखेंगे और कोशिश करेंगे की हम जिन लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं उनके जीवन मे बदलाव लाने वाले महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दो को फिर से हासिल कर सकें। गौरतलब है कि वर्ष 1987 के बाद पहली बार यह गठबंधन टूटा है। वर्ष 1987 के चुनाव के बाद पुन गठित होने के बाद से यह गठबंधन 1996 से 2007 के बीच और फिर 2013 से 2022 तक ऑस्ट्रेलिया में सत्ता पर काबिज रहा। ।इस बीच देश में प्रत्येक आम चुनाव के बाद समझौते की शर्तों पर नये तरीके से बातचीत की जाती रही है लेकिन उन्हें हमेशा गुप्त रखा गया है। श्री लिटिलप्राउड ने कहा कि वह और सुश्री ले परमाणु ऊर्जा और प्रमुख सुपरमार्केट श्रृंखलाओं के लिए विनिवेश शक्तियों सहित नीतिगत मसलों पर एक समझौते पर नहीं पहुँच सके। सुश्री ले 13 मई को ही पार्टी सदस्यों द्वारा लिबरल पार्टी की नयी नेता चुनी गई हैं। उन्होंने हालांकि कहा कि वह अगले आम चुनाव से पहले दोबारा से गठबधंन करने के लक्ष्य के साथ संबंध बेहतर बनाने के लिए सुश्री ले के साथ 'हर दिन' काम करेंगे। इस बीच ऑस्ट्रेलियाई चुनाव आयोग ने कहा है कि मंगलवार तक मतगणना के दौरान लिबरल और नेशनल उम्मीदवार 150 सीटों में से 42 पर आगे चल रहे थे। नवनिर्वाचित सदस्य 48वीं संसद के निचले सदन का हिस्सा होंगे जहाँ सरकार बनेगी। हालांकि आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान संख्या वर्ष 2022 के चुनाव में गठबंधन द्वारा जीती गई 58 सीटों से कम है।

## दुनिया को जानें

### जेनेवा में 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा की थीम 'वन वर्ल्ड फॉर हेल्थ' रखी गई

**जेनेवा,** 20 मई (एजेंसियां)। स्विटजरलैंड के जेनेवा में 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा (डब्ल्यूएचए) 'वन वर्ल्ड फॉर हेल्थ' यानी स्वास्थ्य के लिए एक विश्व थीम के तहत शुरू हुई। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए, डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा कि प्रत्येक डब्ल्यूएचए महत्वपूर्ण है, लेकिन इस वर्ष की सभा विशेष रूप से ऐतिहासिक है क्योंकि सदस्य देशों से महामारी समझौते पर विचार करने और संभावित रूप से इसे अपनाने की उम्मीद है। टेड्रोस ने सदस्य देशों से डब्ल्यूएचओ की दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता और स्वतंत्रता सुनिश्चित करने में मदद करने के लिए मूल्यांकन योगदान वृद्धि के अगले दौर को मंजूरी देने का भी आह्वान किया। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के प्रमुख और चीनी प्रतिनिधिमंडल के नेता लेई हाइचाओ ने सोमवार को आम बहस के दौरान एक बयान दिया, जिसमें वैश्विक स्वास्थ्य सहयोग में चीन की सक्रिय भागीदारी पर प्रकाश डाला गया।

# खेल जगत


## कोहली, पांडे, अग्रवाल भारत के बेहतरीन फील्डर्स में से हैं : रिचर्ड

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है, और उनके फील्डिंग कोच रिचर्ड हेल्सॉल का मानना है कि आधुनिक क्रिकेट में जीत और हार के बीच का अंतर फील्डिंग है, जिसे अक्सर अनदेखा किया जाता है। आरसीबी कैंप में 'स्टिक' के नाम से मशहूर हेल्सॉल ने कहा कि फील्डिंग खेल का वह क्षेत्र है जिसके बारे में शायद सबसे कम बात की जाती है। लेकिन अब टी20 क्रिकेट में छिपने की बहुत कम जगहें हैं। आप उस डर या घबराहट के पल को कम करने की कोशिश कर रहे हैं जब गेंद आपकी ओर आ रही हो और अपने कौशल का प्रदर्शन करने में सक्षम हों। यह क्षमता केवल केंद्रित प्रशिक्षण के माध्यम से आती है। जिन बेहतरीन फील्डर्स के साथ उन्होंने काम किया है, उनमें हेल्सॉल ने एंड्रयू फ्लिंटॉफ और पॉल कोलिंगवुड का नाम लिया है।



# अहमदाबाद 3 जून को फाइनल की मेजबानी करेगा

■ दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल फाइनल का आयोजन होगा





**नई दिल्ली,** 20 मई (एजेंसियां) एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 इंडियन प्रीमियर लीग का फाइनल 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, अहमदाबाद 1 जून को क्वालीफायर 2 की मेजबानी भी करेगा, जबकि न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में पहले दो प्लेऑफ गेम- 29 मई को क्वालीफायर 1 और 30 मई को एलिमिनेटर की मेजबानी की उम्मीद है। कहा जाता है कि यह निर्णय भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा आयोजित उच्च स्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला के बाद लिया गया है।

ये शेड्यूलिंग और स्थल परिवर्तन मुख्य रूप से बरसात के मौसम की शुरुआत और भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव के बीच टूर्नामेंट के हाल ही में एक सप्ताह के निलंबन के कारण लागू किए गए हैं। लीग को 9 मई को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था और 17 मई को फिर से शुरू किया गया था। मूल रूप से 25 मई को होने वाला फाइनल मैच एक सप्ताह से अधिक समय के लिए 3 जून को टाल दिया गया था। यह संभवतः तीसरी बार होगा जब दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल फाइनल का आयोजन होगा। इस प्रतिष्ठित मैदान ने पहले 2022 और 2023 में फाइनल की मेजबानी की थी। विशेष रूप से, 2022 में गुजरात टाइटन्स के डेब्यू सीजन के दौरान, अहमदाबाद को कोविड-19 प्रोटोकॉल के कारण केवल दो मैचों तक सीमित रखा गया था - वे दो क्वालीफायर 2 और फाइनल थे। टाइटन्स ने उस वर्ष खिताब जीता और इस स्थल ने 2023 में फाइनल बरकरार रखा। मई के अंत में देश के कई हिस्सों में मानसून के पैटर्न के प्रभाव के साथ, बोर्ड ने निर्बाध नॉकआउट मैचों को सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक रूप से शुष्क जलवायु वाले शहरों को चुना।

अब तक, तीन टीमों ने प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है: गुजरात टाइटन्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स। फाइनल स्थान के लिए मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच कड़ी टक्कर है।

# दिल्ली कैपिटल्स को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अंतिम दोनों मैच जीतने जरूरी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह





■ मुंबई की कोशिश दिल्ली से रिटर्न मैच भी जीत प्ले ऑफ में पहुंचने की
■ सभी निगाहें मुंबई के सूर्य व रोहित शर्मा के बल्ले से धमाल पर

**नई दिल्ली,** 20 मई (देशबन्धु)। फिलहाल चौथे स्थान पर चल रही हार्दिक पांड्या की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बुधवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाला मैच 2025 आईपीएल के प्ले ऑफ में पहुंचने वाली चौथी आखिरी टीम के फैसले के लिए बेहद अहम है। गुजरात टाइटंस,रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) और पंजाब किंग्स के रूप में तीन टीमें पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वॉलिफाई कर चुकी है। मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स अपने अपने पिछले मैच में शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस से हारने के बाद बुधवार को आमने सामने होंगी। मुंबई और दिल्ली कैपिटल्स,दोनों ही अपना अपना आखिरी लीग मैच पंजाब किंग्स से जयपुर में खेलेंगी।अक्षर पटेल की अगुआई वाली केएल राहुल जैसे धुरंधर बल्लेबाज से सज्जित दिल्ली कैपिटल्स के लिए प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए बुधवार को मुंबई में मुंबई इंडियंस और 24 मई को जयपुर में पंजाब किग्स से बाकी दोनों मैच जीतने जरूरी हैं। वहीं मुंबई इंडियंस को प्ले ऑफ में पहुंचने के लिए अपने अंतिम दो में बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स और 26मई को पंजाब किंग्स से जयपुर में अपने अंतिम लीग मैच में से एक मैच जीतना बेहद जरूरी है। मुंबई इंडियंस की कोशिश अब अपने घर मुंबई में दिल्ली कैपिटल्स से रिटर्न मैच भी जीत प्ले ऑफ में पहुंचने की होगी। मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को इस सीजन में पहले मैच मे दिल्ली कैपिटल्स को उसके घर में 12 रन से हराया था । मौजूदा सीजन का आखिरी लीग मैच मुंबई इंडियंस व पंजाब किंग्स के बीच 26 मई को जयपुर मे खेला जाएगा।प्ले ऑफ में पहुंचने चौथी व आखिरी टीम की बाबत 21 मई या 26 मई को मालूम पड़ेगा। मुंबई इंडियंस जरा भी ढील बरतने के मूड में नहीं है।

## दिल्ली व मुंबई के बीच प्ले ऑफ का गणित

मुंबई इंडियंस फिलहाल 12 मैचों में सात जीत, पांच हार के साथ 14 अंक ले चौथे और दिल्ली कैपिटल्स इतने ही मैचों में छह जीत, पांच हार और एक मैच के बारिश के चलते बेनतीजा रहने से पांचवें स्थान पर है। अपने पिछले मैच में शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस से डकवर्थ लुइस नियम आधार पर तीन विकेट से जबकि दिल्ली कैपिटल्स अपने घर दिल्ली में गुजरात टाइटंस से दस विकेट से हारी है। मुंबई इंडियंस अब बुधवार को अपने घर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भी दिल्ली को हरा देती है तो उसके 13 मैच से 16 अंक हो जाएंगे और वह पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच से पहले ही प्ले ऑफ पहुंच जाएगी। दिल्ली यदि मुंबई से हारी तो वह प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो जाएगी क्योंकि तब वह पंजाब किंग्स से यदि आखिरी लीग मैच जीतती है तो भी उसके अधिकतम 15 अंक ही होगी। मुंबई इंडियंस की टीम यदि दिल्ली से रिटर्न मैच में हारती है तो उसके 14 अंक रह जाएंगे और दिल्ली के 15 अंक हो जाएंगे और तब प्ले ऑफ में पहुंचने वाली चौथी व आखिरी टीम का फैसला इन दोनों टीमों के पंजाब किंग्स के खिलाफ आखिरी लीग मैचों पर जा टिकेगा। दिल्ली यदि मुंबई इंडियंस से अपना बुधवार का मैच जीत अपने अंकों की संख्या कर लेती है लेकिन अंतिम लीग मैच में पंजाब किंग्स से हार जाती है तो मुंबई इंडियंस तब पंजाब किंग्स से अंतिम लीग मैच जीत 14 मैचों से 16 अंकों के साथ प्ले ऑफ में पहुंच जाएगी।

# खिलाड़ियों की फिटनेस समस्या ने पहुंचाया नुकसान : पंत

**लखनऊ,** 20 मई (एजेंसियां)। चोटों ने आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को संघर्ष करने पर मजबूर किया। यही था कप्तान ऋषभ पंत का आकलन, जब सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों हारकर उनकी टीम प्लेऑफ की दौड़ से आधिकारिक रूप से बाहर हो गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए एलएसजी ने ओपनर्स मिचेल मार्श और एडन मारक्रम की अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से 205 रन बनाए। लेकिन कप्तान पंत के मुताबिक यह स्कोर कि कम से कम 10 रन कम' था, जिसे अभिषेक शर्मा की 20 गेंदों में 59 रनों की तूफानी पारी ने 10 गेंद शेष रहते धराशायी कर दिया। पंत ने कहा कि यह हमारे लिए सबसे अच्छा सीजन नहीं रहा। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही हमें पता था कि चोटों के चलते टीम में बहुत सी कमियां हैं। हमने तय किया था कि हम उन पर बात नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें भर पाना मुश्किल हो गया। पंत का इशारा उन प्रमुख खिलाड़ियों की लगातार गैरहाज़िरी की ओर था जो टीम के कोर का हिस्सा थे।



बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान पूरा सीजन नहीं खेल पाए, वहीं तेज गेंदबाज मयंक यादव, जिन्हें एलएसजी ने रिटेन किया था, ज्यादातर वक्त बाहर रहे। मयंक ने बीच में वापसी की लेकिन पूरी तरह फिट न होने के कारण फिर से पीठ की चोट से जूझते हुए बाहर हो गए। अन्य महंगे खिलाड़ी आवेश खान और आकाश दीप भी फिटनेस समस्याओं से जूझे और सीजन के मध्य में ही प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बन सके। पंत ने कहा कि हमने जिस तरह से नीलामी की योजना बनाई थी, अगर वही बॉलिंग अटैक हमारे पास होता तो कहानी कुछ और होती। लेकिन यही क्रिकेट है। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती हैं, कई बार नहीं। जिस तरह से टीम ने प्रयास किया उस पर हमें गर्व होना चाहिए। हमें नकारात्मक बातों से ज्यादा सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान देना चाहिए। जब पंत से पूछा गया कि इस सीजन में टीम को क्या सकारात्मक संकेत मिले, तो उन्होंने कहा कि बैटिंग में हमारे पास काफी ताकत है, यह सबसे बड़ा पॉजिटिव है। गेंदबाजों ने भी अच्छी लाइन-लेंथ में गेंदबाजी की। हालांकि थोड़ी बहुत असंगतता थी। हमने हर स्थिति में सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश की। उन्होंने आगे कहा कि हमने सीजन की शुरुआत में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया, कई खिलाड़ियों ने अच्छा खेल दिखाया और हम कमजोरियों को छुपाने की कोशिश करते रहे। लेकिन जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ा, प्रतिस्पर्धी टीमों के मुकाबले हमारे लिए गति बनाए रखना और कठिन होता गया।

> यह हमारे लिए सबसे अच्छा सीजन नहीं रहा। टूर्नामेंट की शुरुआत से ही हमें पता था कि चोटों के चलते टीम में बहुत सी कमियां हैं : ऋषभ पंत

## पंत शुरुआत से ही खराब खेले : वरुण आरोन





**लखनऊ।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन ने लखनऊ सुपर जायंट्स के सनराइजर्स हैदराबाद से छह विकेट से हारने के बाद कप्तान ऋषभ पंत के संघर्षपूर्ण सीजन पर अपनी राय साझा करते हुए कहा कि विकेटकीपर-बल्लेबाज शुरुआत से ही अनिश्चित दिखे और पूरे सीजन में अपनी लय हासिल नहीं कर पाए। पंत, जिन्हें मेगा नीलामी में एलएसजी ने 27 करोड़ रुपये में साइन किया था, इस सीजन में 12 मैचों में केवल 135 रन बनाकर बुरी तरह संघर्ष करते रहे। सोमवार रात को एसआरएच के खिलाफ खेले गए मैच में, वह छह गेंदों में मात्र सात रन बनाकर आउट हो गए। आरोन ने जियोहॉटस्टार पर कहा कि एलएसजी उन पर निर्भर थी, खास तौर पर मध्यक्रम में। मार्श को छोड़कर किसी ने रन नहीं बनाए। पंत शुरू से ही अनिश्चित दिखे और इस सीजन में कभी भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। यह खिलाड़ी के फॉर्म से बाहर होने का संकेत है। बेहतरीन फॉर्म में पंत उस शॉट को स्टैंड में मार देते। आज उन्होंने सीधे गेंदबाज को गेंद दी। वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं और जल्द ही बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि पंत को फॉर्म में आने के लिए अपने दृष्टिकोण का पुनर्मूल्यांकन करने और उसे समायोजित करने की जरूरत है। उन्हें बस अपने दृष्टिकोण को थोड़ा समायोजित करने की जरूरत है। इस साल उन्होंने स्क्वायर के पीछे रन नहीं बनाए हैं - गेंदबाज उन्हें ऐसे शॉट खेलने नहीं दे रहे हैं। अरुण जेटली (स्टेडियम) में, 45 डिग्री के कोण ने उनके लिए काम किया। बड़े मैदानों पर, उन्होंने ऐसा नहीं किया।

## पंत आखिरी दो मैचों में वापसी करेंगे : मार्श



**लखनऊ।** सुपर जायंट्स के बल्लेबाज मिशेल मार्श ने कप्तान ऋषभ पंत का समर्थन करते हुए कहा कि वे सीजन के आखिरी दो मैचों में दमदार प्रदर्शन करेंगे, क्योंकि अब तक उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, जिसके कारण वे लगातार दूसरे साल प्लेऑफ से बाहर हो गए हैं। पंत अब तक 12 मैचों में केवल 135 रन बनाकर अपने सबसे खराब आईपीएल सीजन का अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने इस सीजन में केवल एक अर्धशतक बनाया है और 100 के स्ट्राइक रेट से उनका टूर्नामेंट में अब तक का सबसे कम स्ट्राइक रेट रहा है। पंत ने एकमात्र सीजन जिसमें उन्होंने 200 से कम रन बनाए, वह 2016 में आया था, जब उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स (तब दिल्ली डेयरडेविल्स) के लिए आईपीएल में पदार्पण किया था। उनके फॉर्म ने एलएसजी के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को भी प्रभावित किया। लीग चरण में दो मैच बचे हैं, मार्श को लगता है कि पंत बाकी बचे मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। हम जानते हैं कि वह एक शानदार खिलाड़ी है, बेहद कुशल और बेहद प्रतिभाशाली है, इसलिए वह वापस आएगा, लेकिन हां, उम्मीद है कि आखिरी दो मैच। मार्श ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि आत्ममंथन का समय शायद सीजन के बाद होगा और मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से सिर्फ हमारी टीम और हमारी फ्रेंचाइजी के लिए अगले दो मैच जीतने में योगदान देने की कोशिश पर ध्यान केंद्रित करना है। जैसा कि मैंने कहा, आईपीएल एक बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और जीत का अंतर बहुत कम है।

## सार संक्षेप

### बेयरस्टो, ग्लीसन और असलंका को मुम्बई ने किया अनुबंधित

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रैंचाईची मुंबई इंडियंस ने इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और श्रीलंका के चरित असलंका को विल जैक्स, रयान रिकलटन और कॉर्बिन बॉश के स्थान पर अस्थायी तौर पर टीम में जगह दी है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मुम्बई इंडियंस ने बेयरस्टो को 5.25 करोड़ रुपये, तेज गेंदबाज ग्लीसन को एक करोड़ और असलंका को 75 लाख रुपये में अनुबंधित किया है। ये खिलाड़ी मुंबई इंडियंस प्लेऑफ में जगह बनाने पर टीम के साथ उपलब्ध रहेंगे। मुम्बई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच बुधवार प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए भिड़ंत होगी। जैक्स 26 मई को मुम्बई इंडियंस का अंतिम लीग मैच खेलने के बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के कारण टूर्नामेंट बीच में ही छोड़ देंगे। वहीं, रिकलटन और बॉश वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल की तैयारी के लिए दक्षिण अफ्रीका की राष्ट्रीय टीम से जुड़ेंगे।

### वर्षा प्रभावित मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय

**मुम्बई।** देशभर में मानसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल के लीग चरण के बारिश से प्रभावित होने वाले मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शासकीय परिषद ने बारिश के कारण बाधा होने की स्थिति में पूरे 4 ओवर का मैच कराये जाने के लिए 12 मिनट का अतिरिक्त समय दिये जाने निर्णय लिया है। इससे पहले केवल प्लेऑफ मैचों में दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाता है। लेकिन देश भर में मॉनसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल ने यह निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब दो घंटे के अतिरिक्त समय के साथ पूरा 2 ओवर का मैच के लिए दोपहर होने वाले मैच को शाम 5.3 बजे तथा शाम को होने वाले मैच को 9.3 बजे रात तक शुरू किया जा सकता है।

## सौरभ और नदीम चुने गए जेएससीए के सचिव और संयुक्त सचिव

**रांची,** 20 मई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी और शाहबाज नदीम को झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) का सचिव और संयुक्त सचिव चुना गया है। तिवारी और नदीम दोनों ने 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। 35 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज तिवारी ने 2010 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डेब्यू करते हुए भारत के लिए तीन वनडे खेले। वहीं बाएं हाथ के स्पिनर नदीम ने 2019 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डेब्यू के बाद भारत के लिए दो टेस्ट खेले। तिवारी ने फरवरी 2024 में पेशेवर क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने 17 साल तक झारखंड का प्रतिनिधित्व किया और सभी प्रारूपों में 88 बार टीम की कप्तानी की। इसके अलावा वे चार आईपीएल फ्रेंचाइजियों के लिए भी खेले।




नदीम ने भी मार्च 2024 में क्रिकेट से संन्यास लिया। उन्होंने 2004-05 में मात्र 15 साल की उम्र में प्रथम श्रेणी डेब्यू किया था। जेएससीए की नई कार्यकारिणी के चुनाव में तिवारी ने अपने प्रतिद्वंद्वी एसबी सिंह को 438-194 के बड़े अंतर से हराया। वहीं संयुक्त सचिव पद के लिए नदीम ने भी 409-199 के स्कोर से राजकुमार शर्मा को हराकर बड़ी जीत दर्ज की।

## दिग्वेश पर जुर्माना तो अभिषेक पर एक मैच का बैन

आईपीएल 2025

**लखनऊ,** 20 मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग(आईपीएल) 2025 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के स्पिनर दिग्वेश राठी और सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा आपस में भिड़ गए। सोमवार को लखनऊ और हैदराबाद के बीच मैच खेला गया था, जहां दोनों खिलाड़ी आपस में उलझ गए। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुई। दोनों खिलाड़ियों के इस बर्ताव को देखते हुए दंडित किया गया है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के गेंदबाज दिग्वेश राठी पर सोमवार को भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही खिलाड़ी पर एक मैच का बैन भी लगाया गया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है, चूंकि इस सत्र में उनके खाते में पांच डिमेरिट अंक हैं - जिसके कारण उन पर एक मैच का निलंबन लगाया गया है - इसलिए दिग्वेश अब एलएसजी के अगले मैच में नहीं खेलेंगे जो कि 22 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ होना है। दूसरी ओर, आईपीएल के एक बयान में आगे कहा गया, सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। खिलाड़ी को एक डिमेरिट अंक भी मिला है। मैच के दौरान यह घटना 8वें ओवर के दौरान हुई जब दिग्वेश ने डीप में अभिषेक को कैच आउट किया और अपने अंदाज में विकेट का जश्न मनाया।



■ लखनऊ और हैदराबाद के बीच मैच खेला गया था, जहां दोनों खिलाड़ी आपस में उलझ गए।

## हम केआईबीजी के जरिए कर रहे हैं स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत : मांडविया

**दीव,** 20 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि हम खेलो इंडिया बीच गेम्स के जरिए स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं। डॉ. मांडविया ने सोमवार को दीव के घोघला बीच पर एक रंगारंग समारोह में केआईबीजी खेलों की शुरुआत करते हुए कहा कि आज हम केवल एक खेल आयोजन का उद्घाटन नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम भारत की पहली बीच स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं। मेरा मानना है कि जहाँ लहरें हैं, वहाँ जोश होना चाहिए। जहाँ रेत है, वहाँ जोश की आग होनी चाहिए और खेलो इंडिया बीच गेम्स ने आज हम सभी के दिलों में वह आग जला दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत, हम सिर्फ़ औपचारिकता के तौर पर आयोजन नहीं करते हम एक मिशन पर हैं। और यह मिशन खेलों को रोजगार से जोड़ता है। विकसित भारत के लिए, खेलो इंडिया युवाओं के लिए अपने सपनों को हासिल करने का एक पक्का रास्ता है। उन्होंने कहा कि नए खेल, घरेलू खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और दुनिया को यह मजबूत संदेश देने का एक तरीका है कि भारत किसी भी पैमाने के अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है।

# रोहित, विराट टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए संन्यास से वापस लौटना चाहिए: योगराज

## 20 जून से शुरू होने वाली है पांच मैचों की टेस्ट सीरीज



**नई दिल्ली,** 20 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली, जिन्होंने इस महीने की शुरुआत में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था, को देश के लाल गेंद वाले क्रिकेट को बचाने के लिए अपने फैसले को वापस लेना चाहिए। रोहित और कोहली के संन्यास लेने के कारण आगामी इंग्लैंड दौरे पर टीम के सबसे वरिष्ठ बल्लेबाजों की कमी खलेगी, जहां भारत को 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है।

67 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर, जिन्होंने अपने बेटे युवराज सिंह के अलावा शुभमन गिल और अभिषेक शर्मा जैसे मौजूदा खिलाड़ियों को कोचिंग दी है, ने कहा कि कोहली के पास क्रिकेट को देने के लिए अभी और साल हैं।योगराज ने मंगलवार को कहा कि रोहित शर्मा और विराट कोहली को भारतीय टेस्ट क्रिकेट को बचाने के लिए संन्यास से वापस लौटना चाहिए। यह समय अपने बारे में सोचने का नहीं है - यह समय देश, प्रशंसकों और खेल के प्रति लोगों की गहरी भावनाओं के बारे में है। विराट में अभी कम से कम दस साल का क्रिकेट बाकी है। जहां तक रोहित का सवाल है, अगर वह मेरे पास आते हैं, तो मैं सुनिश्चित करूंगा कि वह फिर से पूरी तरह फिट हो जाएं। इस अनुभवी क्रिकेटर ने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को खिलाड़ियों को उनके कठिन समय में सहयोग करना चाहिए ताकि खिलाड़ी बढ़ते दबाव के आगे न झुकें। वर्ष 2011 में युवराज सिंह, हरभजन सिंह और वीरेंद्र सहवाग जैसे खिलाड़ियों को बिना किसी स्पष्ट कारण के टीम से बाहर कर दिया गया था। जब युवराज ने संन्यास लिया, तो मैंने उसे डांटा - मैंने उसे दबाव में न आने के लिए कहा। वह अविश्वसनीय रूप से फिट था और अभी भी है।

> रोहित और कोहली के संन्यास लेने के कारण आगामी इंग्लैंड दौरे पर टीम के सबसे वरिष्ठ बल्लेबाजों की कमी खलेगी : योगराज

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.482 |
| 2- | पंजाब किंग्स | 12 | 8 | 3 | 17 | +0.389 |
| 3- | गुजरात टाइटंस | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.793 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 12 | 7 | 5 | 14 | +1.156 |
| 5- | दिल्ली कैपिटल | 11 | 6 | 4 | 13 | +0. 362 |
| 6- | कोलकाता नाइट राइडर | 13 | 5 | 6 | 12 | +0.193 |
| 7- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 11 | 5 | 6 | 10 | +0.469 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 3 | 7 | 6 | -1.192 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 13 | 3 | 10 | 6 | -0.701 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 12 | 3 | 9 | 4 | -0.922 |

देशबन्धु

# अर्थ जगत

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 0.73 प्रतिशत |
| एबॉट इंडिया | 0.70 प्रतिशत |
| अशोक लीलैंड | 0.23 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.08 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.07 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| इटरनल | 4.10 प्रतिशत |
| मारुति | 2.76 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.13 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 2.04 प्रतिशत |
| पावरग्रिड | 2.01 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 95,170 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,000 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

# भारत सस्टेनेबल एनर्जी के लिए प्रतिबद्ध : खट्टर

- वैश्विक विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच व सामर्थ्य की भूमिका पर जोर
- एनडीसी प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा भारत

**नई दिल्ली,** 20 मई (एजेंसियां)। भारत ने मंगलवार को ऊर्जा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताते हुए आर्थिक स्थिरता, सस्टेनेबिलिटी और वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स सहयोग को मजबूत करने की जरूरत पर बल दिया। ब्राजीलिया में आयोजित ब्रिक्स एनर्जी मिनिस्टर्स की बैठक में, केंद्रीय ऊर्जा और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल ने एक सस्टेनेबल और इंक्लूसिव एनर्जी भविष्य के निर्माण के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने 'स्ट्रेंथनिंग ग्लोबल साउथ को-ऑपरेशन फॉर मोर इंक्लूसिव एंड सस्टेनेबल गवर्नेंस' थीम के तहत ब्राजील के नेतृत्व की सराहना की।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने वैश्विक विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच और सामर्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भारत की तीव्र प्रगति को पिछले एक दशक में बिजली क्षमता में 90 प्रतिशत की वृद्धि, 2025 में 475 गीगावाट और 2032 तक 900 गीगावाट का लक्ष्य रखना, सौर और पवन ऊर्जा का दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक बनना जैसे बिंदुओं के साथ दर्शाया। भारत राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, साथ ही 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण मील का पत्थर हासिल कर रहा है, जिससे जैव ईंधन अपनाने और उत्सर्जन में कमी को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश स्मार्ट ग्रिड, एडवांस मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर सहित विस्तारित ट्रांसमिशन नेटवर्क में निवेश कर रहा है। भारत ने ग्रीन हाइड्रोजन और परमाणु ऊर्जा के लिए महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिसमें 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता का लक्ष्य शामिल है।



भारत स्मार्ट ग्रिड, एडवांस मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर व ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर सहित विस्तारित ट्रांसमिशन नेटवर्क में निवेश कर रहा है : मनोहर लाल खट्टर

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने जैव ईंधन क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने में ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस की भूमिका पर भी जोर दिया। उन्होंने एनर्जी कंजर्वेशन सस्टेनेबल बिल्डिंग्स कोड, छत पर सौर पहल और कुशल उपकरण मानकों जैसे इनोवेटिव कार्यक्रमों के माध्यम से ऊर्जा दक्षता के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने ग्लोबल एनर्जी मिक्स में जीवाश्म ईंधन की विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने ब्रिक्स देशों को भारत में 2026 में होने वाले अगले ब्रिक्स ऊर्जा सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया।

## एक्मे सोलर का मुनाफा वित्त वर्ष 25 में 64 प्रतिशत घटा

**मुंबई।** रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी एक्मे सोलर होल्डिंग्स लिमिटेड का मुनाफा वित्त वर्ष 25 में 64 प्रतिशत कम होकर 250.8 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 24 में 697.7 करोड़ रुपए था। तिमाही आधार पर भी कंपनी के मुनाफे में कमी देखने को मिली है। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 77 प्रतिशत से अधिक घटकर 122 करोड़ रुपए रह गया है, जो कि वित्त वर्ष 24 की समान अवधि में 532.3 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 25 की मार्च तिमाही में कंपनी की परिचालन आय सालाना आधार पर 65 प्रतिशत बढ़कर 486.88 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 24 की मार्च तिमाही में 295.16 करोड़ रुपए थी। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 69.56 प्रतिशत बढ़कर 539.2 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि पिछली साल समान अवधि में 318 करोड़ रुपए थी। जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी की फाइनेंशियल लागत सालाना आधार पर 15.90 प्रतिशत बढ़कर 205.5 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि पिछले साल समान अवधि में 177.3 करोड़ रुपए पर थी। मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय भी तेजी से बढ़कर 102.2 करोड़ रुपए हो गया।



## सीसीआई की निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करने में अहम भूमिका : सीतारमण

**नई दिल्ली,** 20 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष बाजार सुनिश्चित करना न केवल आर्थिक, बल्कि लोकतांत्रिक जरूरत भी है और इस पृष्ठभूमि में भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) बाजारों में प्रतिस्पर्धा को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के 16वें वार्षिक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि प्रतिस्पर्धा दक्षता और इनोवेशन को बढ़ावा देती है और उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाती है। उन्होंने कहा कि इनोवेशन के लिए प्रतिस्पर्धा महत्वपूर्ण है। एकाधिकार वाले माहौल में विकसित होने की कोई जल्दी नहीं होती। जबकि, प्रतिस्पर्धा के साथ, पीछे छूट जाने का डर संगठनों को टेक्नोलॉजी, डिजाइन, सर्विस और डिलीवरी में इनोवेशन के लिए मजबूर करता है। वित्त मंत्री सीतारमण के अनुसार, फ्री और फेयर ट्रेड मार्केट यह सुनिश्चित करता है कि कोई भी सिंगल प्लेयर रिसोर्सेज पर अपना एकाधिकार न बना ले, विकल्पों को न छिपा सके और प्राइस को ज्यादा न बढ़ा सके। उन्होंने कहा कि इससे हमारे उपभोक्ताओं को लाभ होता है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के पास प्रतिस्पर्धा अधिनियम के तहत तीन मुख्य कार्य हैं- पहला बाजारों में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना और उसे बनाए रखना। दूसरा उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना तथा व्यापार की स्वतंत्रता सुनिश्चित करना और तीसरा प्रतिस्पर्धा पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली प्रथाओं को रोकना। आज की परस्पर जुड़ी हुई और तेज गति वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था में, विनियामक मंजूरी में देरी से अनिश्चितता पैदा हो सकती है, वाणिज्यिक समयसीमा बाधित हो सकती है और संभावित रूप से लेनदेन के इच्छित मूल्य में कमी आ सकती है।



इनोवेशन के लिए प्रतिस्पर्धा महत्वपूर्ण

## सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने रखी नए प्लांट की आधारशिला

**नई दिल्ली,** 20 मई (एजेंसियां)। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएमआईपीएल) ने मंगलवार को हरियाणा में अपने नए मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की आधारशिला रखी, जिसमें लगभग 1,200 करोड़ रुपए के शुरुआती निवेश से पहले चरण में 7.5 लाख यूनिट्स के उत्पादन की वार्षिक क्षमता तैयार की जाएगी।

हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं आधारभूत संरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) द्वारा विकसित औद्योगिक टाउनशिप आईएमटी खरखौदा में स्थित यह प्लांट औद्योगिक अवसंरचना को बढ़ावा देने वैश्विक निवेश को आकर्षित करने और क्षेत्र में रोजगार पैदा करने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है। इस प्लांट में उत्पादन 2027 में शुरू होगा, जिससे भारत में एसएमआईपीएल की उत्पादन क्षमताओं में इजाफा होगा। कंपनी ने एक बयान में कहा कि एक बार चालू होने के बाद, यह लगभग 2,000 लोगों को रोजगार प्रदान करेगा। एसएमआईपीएल के प्रबंध निदेशक केनिची उमेदा ने कहा कि भारत में अपने दूसरे मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की आधारशिला रखना, न केवल एक ब्रांड के रूप में बढ़ने पर बल्कि भारत के लोगों और समुदायों के साथ बढ़ने पर हमारे फोकस को दर्शाता है।




दो हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

## ग्रामीण भारत में बढ़ेगी खाद्य सुरक्षा व समृद्धि

- किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए एक लाख से अधिक गोदामों की हुई पहचान
- अब लोग सुपरमार्केट नहीं जाते, बल्कि उनके घर आ रहा सुपरमार्केट

**नई दिल्ली,** 20 मई (एजेंसियां)। देश में फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान को रोकने और किसानों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से एक लाख से अधिक गोदामों की पहचान की गई है और ये गोदाम वेयरहाउसिंग विकास और विनियामक प्राधिकरण (डब्ल्यूडीआरए) के तहत लाए जाएंगे। डब्ल्यूडीआरए की अध्यक्ष अनीता प्रवीण ने मंगलवार को 16वें फिक्की फूडवर्ल्ड इंडिया 2025 सम्मेलन में कहा कि जैसे-जैसे भारत में कृषि उत्पादन बढ़ रहा है वैसे-वैसे भंडारण और खाद्य प्रसंस्करण की जरूरत भी बढ़ रही है। यदि इन क्षेत्रों में सुधार नहीं किया गया तो बड़ी मात्रा में अनाज बर्बाद हो सकता है।

इस मौके पर भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जी. कमला वर्धन राव ने उपभोक्ता व्यवहार में हो रहे बड़े बदलाव पर जोर दिया और कहा कि अब लोग सुपरमार्केट नहीं जाते बल्कि सुपरमार्केट उनके घर आ रहा है। उन्होंने उद्योग से अपील की कि वे पैकेज्ड फूड में पोषण पर ध्यान दें क्योंकि अब ज़्यादातर लोग घर का बना खाना कम खा रहे हैं। सरकार भी इस दिशा में सक्रिय है।

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय के संयुक्त सचिव रंजीत सिंह ने बताया कि सरकार ने 1600 से अधिक परियोजनाओं को आर्थिक सहायता दी है, जिससे 41 लाख टन की प्रसंस्करण क्षमता विकसित हुई और नौ लाख किसानों को लाभ मिला है। इसके अलावा 7000 करोड़ रुपए के निवेश से 2.5 लाख से ज्यादा नौकरियां भी सृजित हुई हैं।

फिक्की खाद्य प्रसंस्करण समिति के अध्यक्ष हेमंत मलिक ने फूड लेबलिंग को लेकर उद्योग की चिंता जताई और कहा कि पोषण संबंधी जानकारी प्रति 100 ग्राम की बजाय सर्विंग साइज के अनुसार दी जानी चाहिए क्योंकि ज़्यादातर लोग छोटे पैक ही खरीदते हैं। उन्होंने पैकेज्ड फूड को अल्ट्रा-प्रोसेस्ड कहने से भी सतर्क रहने को कहा क्योंकि कई ऐसे उत्पाद जैसे सोया नगेट्स सस्ते और पौष्टिक विकल्प होते हैं। फिक्की की महानिदेशक ज्योति विज ने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में ग्रामीण समृद्धि लाने की जबरदस्त क्षमता है।

## सार संक्षेप

### अब ग्राहकों को मिलेगा छह महीने तक फ्री क्लाउड स्टोरेज

**मुंबई।** दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी एयरटेल ने यूजर की बढ़ती डेटा स्टोरेज जरूरतों को पूरा करने के लिए गूगल से साझेदारी की है, जिसके तहत एयरटेल के सभी पोस्टपेड और होम वाई-फाई ग्राहकों को छह महीने तक मुफ्त में 1 गीगाबाइट (जीबी) का गूगल वन क्लाउड स्टोरेज मिलेगा। एयरटेल ने मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि इस नई पेशकश के तहत उसके ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के छह महीनों तक गूगल वन क्लाउड स्टोरेज का लाभ उठा सकेंगे। इसके जरिए वे न केवल अपने डेटा को सुरक्षित रूप से स्टोर कर सकेंगे बल्कि इस स्टोरेज को पांच अन्य लोगों के साथ साझा भी कर पाएंगे। एंड्रॉयड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध यह सेवा व्हाट्सएप चैट बैकअप, गूगल ड्राइव, जीमेल और गूगल फोटो जैसी सेवाओं के लिए उपयोगी होगी, जिससे डिवाइस बदलने पर भी डेटा सुरक्षित बना रहेगा।

### पीएचडीसीसीआई ने लांच किया एसएमई मार्केट सेंटिमेंट इंडेक्स

**नई दिल्ली।** मंगलवार को एसएमई मार्केट सेंटिमेंट इंडेक्स इंडस्ट्री बॉडी पीएचडीसीसीआई की ओर से लांच किया गया है। इसके जरिए उद्योग निकाय की कोशिश सरकार की पहलों का छोटे उद्योगों पर असर बताना और इंडस्ट्री की वर्तमान स्थिति का पता लगाना है। पीएचडीसीसीआई के महासचिव और सीईओ, डॉ रणजीत मेहता ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि स्मॉल मीडियम एंटरप्राइज (एसएमई) देश के लिए काफी जरूरी है। इसके लिए 'एसएमई मार्केट सेंटिमेंट इंडेक्स' को लॉन्च किया गया है। इसमें 5 करोड़ रुपए से लेकर 5 करोड़ रुपए के टर्नओवर वाली एसएमई को शामिल किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि एसएमई के सामने तीन बड़ी मुख्य समस्याएं होती हैं, जिसमें पहला - सस्ता फाइनेंस, दूसरा- नई टेक्नोलॉजी का इंटीग्रेशन और तीसरा-प्रोडक्ट्स की मार्केटिंग।

### वर्ष 26 में स्थिर गति से बढ़ेगा भारत का कैपिटल मार्केट

**मुंबई।** भारत का कैपिटल मार्केट वित्त वर्ष 26 में स्थिर गति से बढ़ेगा। इसकी वजह घरेलू मांग का मजबूत होना और जीडीपी ग्रोथ 6.2 से लेकर 6.5 प्रतिशत के बीच रहना है। स्मॉलकेस मैनेजर्स के मुताबिक, इस वित्त वर्ष में निफ्टी 5 से 12-15 प्रतिशत रिटर्न मिलने की उम्मीद है, जबकि ईपीएस अनुमान 1,16 रुपए के आसपास है। वहीं, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने हाल के सत्रों में 4 अरब डॉलर से अधिक का निवेश करके नया आत्मविश्वास दिखाया है। रिपोर्ट में आगे बताया गया कि वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिकी टैरिफ, भू-राजनीतिक अनिश्चितता भारतीय पूंजी बाजार के लिए प्रमुख जोखिम बनी हुई है। हालांकि, उन्हें उम्मीद है कि अनुकूल मूल्यांकन और मजबूत ग्रोथ आउटलुक के कारण वित्त वर्ष 26 में इक्विटी अन्य एसेट क्लास से बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# मुनाफावसूली से शेयर बाजार में मचा कोहराम

- सेंसेक्स 1.06 प्रतिशत का गोता लगाकर 81,186.44 अंक पर रहा
- निफ्टी 1.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24683.90 अंक पर बंद

**मुंबई,** 20 मई (एजेंसियां)। विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा भारी मुनाफ़ावसूली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 872.98 अंक अर्थात 1.06 प्रतिशत का गोता लगाकर तीन कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 81,186.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 261.55 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24683.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.65 प्रतिशत लुढ़ककर 44,385.27 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत कमजोर रहकर 50,938.03 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4104 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2534 में मुनाफावसूली जबकि 1435 में तेजी रही वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2969 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1974 में गिरावट जबकि 915 में लिवाली हुई वहीं 80 में टिकाव रहा।


बीएसई के सभी 21 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.94, सीडी 1.81, ऊर्जा 0.55, एफएमसीजी 1.14, वित्तीय सेवाएं 1.29, हेल्थकेयर 1.14, इंडस्ट्रियल्स 1.36, आईटी 0.37, दूरसंचार 1.35, यूटिलिटीज 1.64, ऑटो 2.13, बैंकिंग 1.01, कैपिटल गुड्स 1.19, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.30, धातु 0.22, तेल एवं गैस 0.70, पावर 1.43, रियल्टी 1.10, टेक 0.56, सर्विसेज 1.53 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.44 प्रतिशत टूट गया।

वैश्विक स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.49, जर्मनी का डैक्स 0.45, जापान का निक्केई 0.08, हांगकांग का हैंगसेंग 1.49 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.38 प्रतिशत चढ़ गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 57 अंक की तेजी के साथ 82,116.17 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 82,250.42 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, दोपहर बाद हुई भारी मुनाफावसूली से यह गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 81,153.70 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,059.42 अंक के मुकाबले 1.06 प्रतिशत की गिरावट लेकर 81,186.44 अंक पर आ गया।

अंत में पिछले सत्र के 24,945.45 अंक की तुलना में 1.05 प्रतिशत लुढ़ककर 24,683.90 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स में आईटीसी, इंफ़ोसिस और टाटा स्टील की 0.73 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 27 कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे। इटरनल 4.10, मारुति 2.76, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.13, अल्ट्रासिम्को 2.04, पावरग्रिड 2.01, नेस्ले इंडिया 1.92, बजाज फाइनेंस 1.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.77, बजाज फिनसर्व 1.62, एशियन पेंट 1.44, टाटा मोटर्स 1.43, टेक महिंद्रा 1.36, एचडीएफसी बैंक 1.26 और एसबीआई 1.20 प्रतिशत गिर गए। साथ ही रिलायंस 1.13, कोटक बैंक 1.06, टाइटन 1.02, सन फार्मा 0.95, एलटी 0.94, एनटीपीसी 0.78, अदानी पोर्ट्स 0.77, आईसीआईसीआई बैंक 0.71, एचसीएल टेक 0.69, एक्सिस बैंक 0.62, टीसीएस 0.60, भारती एयरटेल 0.48 और इंडसइंड बैंक के शेयर 0.26 प्रतिशत लुढ़क गए।




## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर चर्चा सफल रही : गोयल

**नई दिल्ली,** 20 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को पूरा करने के लिए अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ उनकी बातचीत सफल रही। केंद्रीय मंत्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ बातचीत अच्छी रही। इससे पहले, केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा था कि अमेरिका के साथ बहुत अच्छी बातचीत चल रही है। विकास और जनसांख्यिकी के आउटलुक को देखते हुए भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के सामने आकर्षक अवसर पेश करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत की विकास दर को देखते हुए, अगले 25-30 वर्षों में एक बड़ी, महत्वाकांक्षी, युवा आबादी वस्तुओं और सेवाओं की मांग में इजाफा करेगी। हमारा मानना है कि अमेरिका के साथ एक अच्छा समझौता करने के लिए भारत एक आकर्षक अवसर पेश करता है। अगर दोनों देश टैरिफ कम करने पर एक समझौते करते हैं तो इससे अमेरिका और भारत के बीच व्यापार में वृद्धि होगी।



# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख व अन्य जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली,** 20 मई (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 35 रिंगिट की तेजी के साथ 3926 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.14 सेंट गिरकर 49.30 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपए, मूंगफली तेल 512 रुपए, सोया रिफाइंड 73 रुपए और वनस्पति तेल 439 रुपए प्रति क्विंटल सस्ते हो गए जबकि सूरजमुखी तेल 219 रुपये और पाम ऑयल में 147 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

# पूर्वोत्तर में अंतरदेशीय जलमार्गों के लिए अतिरिक्त निवेश करेगी सरकार : सोनोवाल

- पिछले दो वर्षों में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक का किया गया निवेश

**नई दिल्ली,** 20 मई (एजेंसियां)। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि सरकार असम और पूर्वोत्तर में मजबूत जलमार्ग इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास कर रही है, जिसके तहत 1,000 करोड़ रुपए की परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं, जिन्हें 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

पिछले दो वर्षों में 1,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया गया है, जिसमें 300 करोड़ रुपए की परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ असम और पूर्वोत्तर में चल रही परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि हम 2025 के अंत तक शेष 700 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा कि पूर्वोत्तर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इस क्षेत्र में हमारे काम को विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ तालमेल बिठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों का उद्देश्य कार्गो और यात्री आवागमन को बढ़ावा देना, लास्ट मील कनेक्टिविटी में सुधार करना, पूर्वोत्तर में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के साथ सस्टेनेबल और समावेशी परिवहन समाधान प्रदान करना है।



पूर्वोत्तर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इस क्षेत्र में हमारे काम को विकसित भारत के दृष्टिकोण के साथ तालमेल बिठाना चाहिए : सर्बानंद सोनोवाल

केंद्र सरकार ब्रह्मपुत्र (राष्ट्रीय जलमार्ग-2) और बराक (राष्ट्रीय जलमार्ग-16) के साथ प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को सक्रिय रूप से विकसित कर रही है, जिसमें विभिन्न क्षमताओं के यात्री जहाजों का निर्माण, टर्मिनल सुविधाएं और क्षमता निर्माण पहल शामिल हैं।

केंद्रीय मंत्री ने दोयांग झील में प्रस्तावित आईडब्ल्यूटी की प्रगति की भी समीक्षा की और वाटर स्पोर्ट्स और पर्यटन के लिए नागालैंड में नौने और शिलोई झीलों की क्षमता का आकलन किया। मिजोरम में तियावंग और चिमतुईपुई नदियों तथा मेघालय की उमियाम झील और उम्मगोट नदी (राष्ट्रीय जलमार्ग-106) पर भी अंतरदेशीय जल परिवहन परियोजनाओं के विकास की संभावनाओं की समीक्षा की गई।

# प्रधानमंत्री करेंगे अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित छत्तीसगढ़ के 5 स्टेशनों का लोकार्पण

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। भारतीय रेलवे की दूरदृष्टिपूर्ण पहल अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देश के विभिन्न जगहों पर स्थित रेलवे स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में 22 मई बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 103 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण / राष्ट्र को समर्पण किया जाएगा।

इस ऐतिहासिक अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित 05 प्रमुख स्टेशनों का भी लोकार्पण किया जाएगा, जिनमें डोंगरगढ़, भानुप्रतापपुर, भिलाई, उरकुरा, अंबिकापुर स्टेशन शामिल है।

अमृत भारत स्टेशन योजना भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका उद्देश्य स्टेशनों को पुनर्विकसित कर उन्हें यात्री सुविधाओं, संरचना, प्रौद्योगिकी और सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में आधुनिक और भविष्योन्मुख बनाना है।

इस योजना के माध्यम से रेलवे स्टेशन न केवल यात्री सुविधाओं के केंद्र होंगे, बल्कि वे सांस्कृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में भी विकसित होंगे।

भारतीय रेलवे नये भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए अपने स्टेशन पुनर्विकास कार्यक्रमों के माध्यम से देश के हर नागरिक को सुविधा और प्रगति से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।




### इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है

अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं, जैसे आधुनिक प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय, लिफ्ट, एस्केलेटर। डिजिटल सूचना प्रणाली और डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड्स। ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा, वर्षा जल संचयन, ऊर्जा दक्षता। स्टेशन परिसरों का सौंदर्यीकरण, भित्तिचित्र, हरित क्षेत्र और स्थानीय संस्कृति को दर्शाने वाले तत्व। दिव्यांगजन के लिए सुगम पहुंच, टैक्टाइल पाथ, रैम्प आदि। व्यवस्थित यातायात और पार्किंग व्यवस्था।

### छत्तीसगढ़ में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास कार्य

छत्तीसगढ़ राज्य के कुल 32 रेलवे स्टेशनों का चयन इस योजना के तहत किया गया है, जिनपर कुल अनुमानित लागत 1680 करोड़ है। इन स्टेशनों पर अधोसंरचना विकास, अत्याधुनिक सुविधाओं का निर्माण तथा स्थानीय कला और विरासत को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ के अमृत भारत स्टेशन


1. भाटापारा 2. भिलाई पावर हाउस 3. तिल्दा नेवरा 4. बिल्हा 5. भिलाई 6. बालोद 7. दल्ली राजहरा 8. भानुप्रतापपुर 9. हथबंद 10. सरोना 11. मरोदा 12. मंदिर हसौद 13. उरकुरा 14. निपानिया 15. भिलाई नगर 16. रायपुर 17. दुर्ग 18. राजनांदगांव 19. डोंगरगढ़ 20. रायगढ़ 21. बाराद्वार 22. चाम्पा 23. नैला-जांजगीर 24. अकलतरा 25. कोरबा 26. उसलापुर 27. पेंड्रारोड 28. बैकुंठपुर रोड 29. अंबिकापुर 30. बिलासपुर 31. महासमुंद 32. जगदलपुर।

इन स्टेशनों का पुनर्विकास राज्य के दूरस्थ एवं औद्योगिक क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ने, पर्यटन को बढ़ावा देने और स्थानीय लोगों के जीवनस्तर को सुधारने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगा।

## चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज को ट्रिपल ए ग्रेड से कैरियर 360 मैगजीन द्वारा सम्मानित

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज (सीईसी) को शैक्षणिक गुणवत्ता और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कैरियर 360 मैगजीन द्वारा ट्रिपल ए ग्रेड से सम्मानित किया गया है।

2001 में एच. के. कलचुरी एजुकेशनल ट्रस्ट, भोपाल (एलएनसीटी ग्रुप) के तत्वावधान में स्थापित, यह कॉलेज छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू), भिलाई से संबद्ध है और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।




चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज ने राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद से मान्यता प्राप्त की है, जो इसकी शैक्षणिक और प्रशासनिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। ज्ञात हो कि एन ए ए सी मान्यता प्राप्त यह बिलासपुर शहर का एकमात्र निजी इंजीनियरिंग कॉलेज है. एन ए ए सी मान्यता यह सुनिश्चित करती है कि कॉलेज शिक्षा के उच्च मानकों को बनाए रखता है और छात्रों को समग्र विकास के लिए एक उपयुक्त वातावरण प्रदान करता है। इसके अलावा, कॉलेज के सिविल इंजीनियरिंग प्रोग्राम को राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन द्वारा मान्यता प्राप्त है, जो बिलासपुर क्षेत्र में पहली बार किसी निजी कॉलेज को प्राप्त हुई है। यह मान्यता कॉलेज के तकनीकी पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता और उद्योग-उन्मुख दृष्टिकोण को दर्शाती है।

एनबीए और एनएएसी मान्यता न केवल कॉलेज की शैक्षणिक विश्वसनीयता को बढ़ाती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती है कि छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा और करियर के अवसर मिलें। यह कॉलेज की प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह न केवल तकनीकी शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि छात्रों को आत्मविश्वास और नेतृत्व गुणों से लैस करता है।

यह उल्लेखनीय है कि ट्रिपल ए ग्रेड मान्यता प्रदेश में चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ स्कूल ऑफ स्ट्डीज गुरु घासीदास केंद्रीय विवि, गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर तथा जगदलपुर को भी मिली है, वहीं गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर को ए ए+ ग्रेड मिली है.

चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज, बिलासपुर ने अपनी एन ए ए सी और एन बी ए मान्यता, उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड, और आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ छत्तीसगढ़ में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में एक मजबूत स्थान बनाया है। कैरियर 360 द्वारा ट्रिपल ए ग्रेड प्राप्त करना इसकी गुणवत्ता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह कॉलेज उन छात्रों के लिए एक आदर्श विकल्प है जो तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ करियर में सफलता और समग्र विकास की तलाश में हैं।

## सार-संक्षेप

### सिविल डिफेंस वालंटियर के लिए शुरू हुआ नामांकन

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। बिलासपुर जिले को सिविल डिफेन्स जिले में शामिल किया गया है। युद्ध के दौरान, पूर्व, बाद एवं आपदा बचाव कार्य हेतु सिविल डिफेन्स वालेंटियर (नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवी) का नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गया है। पंजीयन हेतु इच्छुक जिले के नागरिक जिनकी आयु 18 वर्ष से 50 वर्ष के मध्य हो, जो मानसिक एवं शारिरिक रूप से स्वस्थ हों, स्वेच्छा से अपना नामांकन करा सकते है।

नामांकन हेतु इच्छुक नागरिक कार्यालय जिला सेनानी नगरसेना, कुदुदण्ड बिलासपुर में उपस्थित होकर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं तथा आवेदन भरने पश्चात् जमा कर सकते है। कार्यालय का दूरभाष कमांक 07752-250824 है। पंजीयन हेतु ऑनलाईन सुविधा भी उपलब्ध है। इच्छुक उम्मीद्वार माई भारत पोर्टल की लिंक माईभारत डॉट जिओवी डॉट इन के माध्यम से भी आवेदन कर सकते है। सिविल डिफेन्स वालेंटियर नामांकन करने हेतु अभ्यर्थियों के लिये निम्न अर्हताऐं होना अनिवार्य है। रंगीन पासपोर्ट साईज वर्तमान् की 02 फोटो।जिले का मूल निवासी हो। उम्र 18 वर्ष से 50 वर्ष होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण। शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो।आधार कार्ड सलंग्न करना होगा।

### टीआरटी मशीन के लिए मेगा ब्लॉक, ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के अंतर्गत गामहारीया व सीनी सेक्शन में अधोसंरचना का कार्य टीआरटी मशीन से करने हेतु मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने/गुजरने वाली कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

**रदद होने वाली गाडियां** - 21, 24, 28, 31 मई व 04, 07, 11, 14, 18, 21, 25 तथा 28 जून 2025 को टाटानगर व नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी) से रवाना होने वाली गाडी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस(इतवारी)-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 21 मई व 04, 11, 18, तथा 25 जून 2025 को टाटानगर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 22 मई व 05, 12, 19 तथा 26 जून 2025 को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

**परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां**- 20 व 27 मई एवं 03, 10, 17 व 24 जून 2025 को पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या18477 पुरी-योग नगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कटक-संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ा रोड-ईब के रास्ते चलेगी। 22 मई एवं 01, 08, 15, 22 व 29 जून 2025 योग नगरी ऋषिकेश से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18478 योग नगरी ऋषिकेश-पुरी उत्कल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया ईब-झारसुगुड़ा रोड-संबलपुर सिटी-कटक के रास्ते चलेगी। 20 व 27 मई एवं 03, 10, 17 व 24 जून 2025 को आरा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया कान्ड्रा-सीनी (टाटानगर छोड़कर) के रास्ते चलेगी। 24 व 31 मई एवं 07, 14, 21 व 28 जून 2025 को दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया सीनी-कान्ड्रा-(टाटानगर छोड़कर) के रास्ते चलेगी।

### छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का वीरांगना लक्ष्मी बाई जंक्शन पर परिचालन समय में परिवर्तन

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। उत्तर मध्य रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर - बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस वीरांगना लक्ष्मी बाई जंक्शन (झाँसी) पर 28 मई से प्रवर्तित समय आगमन 12.50 बजे प्रस्थान 12.55 बजे पहुँचकर अपने गंतव्य को रवाना होगी। रेल प्रशासन यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त करता है तथा सहयोग की आशा करता है। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एटीईएस/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

## खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 दीव में छत्तीसगढ़ को पुरुष मलखंभ टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। 19 मई 2025 से 21 मई 2025 तक केन्द्र शासित प्रदेश दीव के घोघला बीच में चल रही प्रथम खेलो इंडिया बीच गेम्स के प्रथम दिन 124.55 अंक अर्जित कर छत्तीसगढ़ पुरुष मल्लखंब टीम ने टीम चैम्पियनशिप का स्वर्ण पदक छत्तीसगढ़ की झोली में डाल दिया। ऐसा पूर्वानुमान छत्तीसगढ़ की जनता और राज्य शासन के खेल विभाग के डायरेक्टर /अधिकारियों के साथ छत्तीसगढ़ मलखंब संघ के पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों को था।



विदित हो कि गत वर्ष के बीच गेम्स दीव में छत्तीसगढ़ मलखंभ खिलाड़ियों ने पूरे भारत वर्ष के खिलाड़ियों को परास्त कर स्वर्ण पदक जीता था और विजेता बनकर छत्तीसगढ़ को पदक तालिका में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचा दिया था। इस बार भी उत्कृष्ठ खेल का प्रदर्शन कर बीच गेम्स का स्वर्ण पदक छत्तीसगढ़ की झोली में आया है।

### पुरुष मल्लखंब टीम में शामिल है

राकेश कुमार वढ़दा, मान ध्रुव, राजेश सलाम, मोनू नेताम, संतोष सोरी-नारायणपुर और प्रतीक बंजारे-बिलासपुर

### टीम को जीतने पर शुभकामनाएं

छत्तीसगढ़ खेल संचालक तनुजा सलाम, अंजुलस एक्का, सहायक संचालक खेल, शिवराज साहू,वरि. खेल अधिकारी ,टी एन रेड्डी और छत्तीसगढ़ मल्लखंब संघ के पदाधिकारीगण सुशांत शुक्ला, विधायक बेलतरा, अनिल टाह, संरक्षक, प्रेमचंद शुक्ला, अध्यक्ष, डा राजकुमार शर्मा, महासचिव, राजा सरकार, बिसन कसेर,उपाध्यक्ष,विरेन्द्र तिवारी, अनिल सिंह, कोषाध्यक्ष,डा.मिलिंद भानदेव,मनोज प्रसाद, पूनम प्रसाद, सौरव पाल,नारायणपुर,चन्द्रेश धृत, राजेन्द्र पटेल,सारंगगढ़,किशोर कुमार वैष्णव,मनेन्द्रगढ़, पुष्कर दिनकर, अखिलेश नारंग,पामगढ़, पुरेन्द्र कोसरिया, रायपुर, प्रशांत तिवारी, पंचराम वस्त्रकार, कृष्ण प्रसाद यादव ,मुंगेली, अंशु भारती, डा. प्रमोद यादव,कमल निकुंज, एस. के . शेशाद्री, अंबिकापुर, हरप्रसाद कैवर्त आदि ने स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई व शुभकामना दिया।

## शेयर ट्रेडिंग से पैसा कमाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाला आरोपी पकड़ा गया

### धोखाधड़ी कर 3 साल से फरार आरोपी को बिलासपुर पुलिस ने इंदौर से किया गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। पुलिस धोखाधड़ी/साइबर फ्रॉड करने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है।इसी तारतम्य में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर बिलासपुर के शहरी तथा सभी ग्रामीण थानो में लगातार धोखाधड़ी/साइबर फ्रॉड संबंधी अपराध करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

इसी परिप्रेक्ष्य में प्रार्थी अविनाश साहू साकिन बिरकोना थाना कोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 08.जून.2022 से 15.अगस्त.2022 तक गूगल पे के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग से पैसा कमाने का झांसा देकर कुल 2,88,000 रुपए ट्रांसफर करा कर धोखाधड़ी करने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान लगातार आरोपी का पतासाजी किया जा रहा था। साइबर सेल की मदद से आरोपी का लोकेशन खजराना इंदौर (मध्यप्रदेश) पाए जाने से वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश एवं मार्गदर्शन पर पुलिस टीम खजराना, इंदौर (म.प्र.)के लिए रवाना किया गया। टावर लोकेशन के आधार पर दबिश देकर आरोपी *यश चावला पिता स्व.प्रहलाद चावला उम्र 34 साल साकिन श्री राम कॉलोनी कैलाशपुरी, बंगाली स्वेयर थाना खजराना जिला इंदौर (म.प्र.)* से पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लेकर अपराध स्वीकार करने पर वजह सबूत के आधार पर गिरफ्तार कर न्यायालय इंदौर से ट्रांजिट रिमांड लेकर मंगलवार को जेएमएफसी न्यायालय बिलासपुर पेश किया गया।पुलिस अधीक्षक ने इस बेहतर और प्रभावी कार्यवाही के लिए ज़िले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अक्षय प्रमोद साबद्रा, थाना प्रभारी कोनी किशोर केवट रक्षित केंद्र बिलासपुर निरी. नवीन कुमार देवांगन और स्टाफ़ की सराहना की है। धोखाधड़ी/साइबर फ्रॉड करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही का उद्देश्य अपराधिक गतिविधि वाले व्यक्तियों पर अंकुश लगाना है।



उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोनी किशोर केंवट, प्र.आर.अशफाक अली, आरक्षक अविनाश पांडे तथा रक्षित केंद्र से निरीक्षक नवीन कुमार देवांगन आरक्षक दीपक मरावी का सराहनीय योगदान रहा।

## यातायात पुलिस की संवेदनशील पहल

## क्षति पूर्ति के लिए प्रत्येक प्रकरण भेजे जा रहे है क्लेम इंक्वायरी ऑफीसर्स के पास

### हिट एंड रन के प्रकरण में सड़क दुर्घटनाओं में घायल एवं मृतकों के परिजनों को राहत राशि हेतु तत्काल भेजी जा रही दावा आवेदन हेतु प्रकरण

### क्षति पूर्ति राशि प्रदाय किए जाने अज्ञात वाहनों की शीघ्र पहचान नहीं होने की स्थिति में भी दावा आवेदन हेतु भेजी जाती है प्रकरण

**बिलासपुर**, 19 मई (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रामगोपाल करियारे के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध यातायात पुलिस बिलासपुर के द्वारा नियमित रूप से सख्त से सख्त एवं कठोर कार्रवाई की जा रही है। वही संवेदनशील पुलिसिंग के तहत दुर्घटना में पीड़ित के परिवार को शीघ्र ही क्षतिपूर्ति के माध्यम से समस्त प्रक्रियाओं को शीघ्र पूर्ण कर सहयोग हेतु विभाग के विधिक और मानवीय उत्तरदायित्व का गंभीरता से निर्वहन कर रही है।

अज्ञात सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले घायल एवं मृत्यु की स्थिति में घायल एवं मृतकों के वारिसानो को राहत प्रदान करने हेतु क्षतिपूर्ति योजना बनाई गई है जिसके तहत सड़क दुर्घटनाओं में आकस्मिक एवं अनायास घायल व मृत्यु होने पर परिजनों को क्षतिपूर्ति योजना के तहत प्रक्रियाओं का पालन करते हुए राहत राशि प्रदान की जाती है।

अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में कोई व्यक्ति घायल हुआ हो अथवा किसी व्यक्ति की मृत्यु हुई है तो पुलिस दुर्घटना कारित वाहन की सर्व प्रथम शीघ्रातिशीघ्र पहचान सुनिश्चित करने का प्रयास करती है परंतु यदि घटना के एक निश्चित समय अंतराल के भीतर पुलिस को दुर्घटना कारित वाहन की पहचान नहीं हो पाती है तो उस संबंध में संबंधित थाना प्रभारी घायल व्यक्ति अथवा मृतक के विधिक वारिसानो को कंपनसेशन टू विक्टिम आफ हीट एंड रन मोटर एक्सीडेंट स्कीम 2022 के तहत दावा कर सकने के अधिकार के बारे में लिखित रूप से अवगत कराते हैं। इसके अतिरिक्त संबंधित थाना प्रभारी अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति या मृतक के वारिसानो को क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर (क्षेत्र के अनुभागीय दंडाधिकारी) की ईमेल आईडी एवं कार्यालय के पते की जानकारी उपलब्ध कराते हैं। कंपनसेशन टू विक्टिम का हिट एंड रन मोटर एक्सीडेंट स्कीम 2022 की धारा 21 की उप धारा 01 के अंतर्गत थाना प्रभारी अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना दिनांक से एक निश्चित समयावधि के भीतर प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट को क्लेम इंक्वारी ऑफिसर को प्रेषित करते हैं। थाना प्रभारी घायल व्यक्ति का नाम तथा मृतक की विधिक वारिसानो का नाम भी क्लेम इंक्वारी ऑफिसर को प्रेषित करते हैं।



थाना प्रभारी के माध्यम से प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट एवं घायल व्यक्ति/मृतक के वारिसानो के नाम की जानकारी प्राप्त होने के उपरांत क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर घायल/मृतक के संबंध में समग्र जानकारी अपने पास संकलित करते हुए एक आवश्यक दस्तावेज तैयार करते हैं।

क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट एवं घायल व्यक्ति/मृतक व्यक्तियों के वारिसानो का विवरण प्राप्त होने के एक नियत अवधि के भीतर यदि मुआवजा संबंधी कोई आवेदन प्राप्त नहीं होता है तो वह उक्ताशय की सूचना सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को घायल अथवा मृतक की विधिक वारिसानो से संपर्क करने तथा दावा आवेदन प्रस्तुत करने में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेषित करते हैं।

कंपनसेशन टू विक्टिम ऑफ़ हिट एंड रन मोटर एक्सीडेंट स्कीम 2022 के अंतर्गत मुआवजा आवेदन प्राप्त होने के एक नियत अवधि के भीतर क्लेम इंक्वारी ऑफिसर अपनी अनुशंसा सहित अन्य दस्तावेज क्लेम सेटेलमेंट कमिश्नर को अगर प्रेषित करते हैं।

क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर से यदि इस आशय की सूचना प्राप्त होती है कि प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट एवं घायल व्यक्ति मृतक व्यक्तियों के वारिसानो के विवरण प्राप्त होने के एक नियत समय के भीतर यदि मुआवजा संबंधी कोई आवेदन उनके समक्ष प्रस्तुत नहीं हुआ है तो सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पैरा लीगल वॉलिंटियर्स के माध्यम घायल अथवा मृतक के विधिक का वारिसानो से संपर्क कर उन्हें दावा आवेदन क्लेम इंक्वारी ऑफिसर के समक्ष प्रस्तुत करने में सहयोग प्रदान करते है।

उक्त क्षतिपूर्ति योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में क्षतिग्रस्त वाहन चालकों एवं अन्य लोगों की आकस्मिक घायल एवं दुर्घटना पर राहत प्रदान किए जाने के संबंध में जिला यातायात पुलिस एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर यातायात जन चौपाल यातायात की पाठशाला एवं यातायात विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से आम जनों के मध्य उक्त स्कीम का भी व्यापक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जाता है ताकि आमजन को कंपन सेशन तू विक्टिम आफ हीट एंड रन मोटर एक्सीडेंट स्कीम 2022 के प्रावधानों के बारे में अवगत कराया जा सके।

उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशानुसार हिट एंड रन मोटर दुर्घटना प्रकरण में पीड़ितों को राहत योजना क्रियान्वयन के संबंध में योजना के क्रियान्वयन, अनुपालन के संबंध में श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय एवं श्रीमान मुख्य सचिव महोदय राज्य शासन द्वारा भी नियमित रूप से राज्य के समस्त ऐसे प्रकरणों की समीक्षा कर योजना अनुसार क्षतिपूर्ति मिल रही है या नही इस संबंध में दिशा निर्देश प्रदान की जाती है।

आमजन से अपील है कि सड़कों पर चलते हुए यातायात नियमों का समुचित पालन करें एवं किसी भी प्रकार के सड़क दुर्घटनाओं में आकस्मिक एवं अनायास घायल या मृत्यु होने की स्थिति में नेक इंसान की भूमिका का निर्वहन करते हुए सदैव दुर्घटना के दौरान घायल व आहत लोगों का त्वरित सहयोग प्रदान करें।

### निपनिया यार्ड में ब्लॉक, ट्रेनों का परिचालन प्रभावित

**बिलासपुर**, 20 मई (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास कार्य करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से रायपुर मंडल के अप एवं मिडिल लाइन पर एलसी नंबर 378 निपनिया यार्ड ईस्ट एंड पर रिलिविंग गर्डर की डी- लान्चिग के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। ब्लॉक की अवधि 20 एवं 21 मई की रात्रि में 21.30 बजे से 01.30 बजे तक अपलाइन पर 4 बजे यातायात सह विद्युत ब्लॉक तथा 20 एवं 21 मई की रातत्रि में 21.30 बजे से रात्री 12.55 बजे तक अप और मिडिल लाइन पर ब्लॉक रहेगा। इस कार्य हेतू कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगी।

**रद्द होने वाली ट्रेनें**-21 मई को गाड़ी संख्या 58201 बिलासपुर-रायपुर पैसेंजर, गाड़ी संख्या 58207 रायपुर-जूनागढ़ रोड पैसेंजर रद्द रहेगी। 22 मई को गाड़ी संख्या 58208 जूनागढ़ रोड - रायपुर पैसेंजर रद्द, गाड़ी संख्या 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर रहेगी।

NECC

| 21.05.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 540 | 75 | 140 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 165 |
| डिलीवरी | 555 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771